जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 22 फरवरी, 2025

epaper.rashtradoot.com



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

राजस्थान बजट
हर घर खुशहाली 2025-26

# विकसित राजस्थान की ओर बढ़ते कदम

## पेयजल

- ग्रामीण क्षेत्रों में 20 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन
- शहरी क्षेत्र में पेयजल के हेतु अमृत 2.0 योजना में 5 हजार 123 करोड़ रुपये के कार्य
- मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) में 5 हजार 830 करोड़ रुपये के कार्य
- 1000 ट्यूबवेल व 1500 हैंडपंप

## राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित PKC-ERCP)

- 9 हजार 416 करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी
- 12 हजार 64 करोड़ रुपये की निविदाएँ जारी
- 12 हजार 807 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी
- आगामी वर्ष में लगभग 9 हजार करोड़ रुपये के नवीन कार्यों की शुरुआत
- Rajasthan Water Grid Corporation में लगभग 4 हजार करोड़ रुपये के कार्य

## ऊर्जा

- मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभान्वितों के घरों पर निःशुल्क सोलर प्लांट्स लगाकर 150 यूनिट्स बिजली प्रतिमाह निःशुल्क
- 6 हजार 400 मेगावाट से अधिक अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य
- 5 हजार 700 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन के नए कार्यों की शुरुआत

## सड़क

- 6 हज़ार करोड़ रुपये की लागत से 21 हज़ार किमी. नॉन-पेचेबल सडकों में सुधार
- 5 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनेंगे हाईवे, बाईपास, ब्रिज एवं एलिवेटेड रोड़
- PMGSY के अंतर्गत 1600 बसावटों को जोड़ा जाएगा
- 5 हजार से अधिक आबादी वाले 250 ग्रामीण कस्बों में अटल प्रगति पथ
- सड़क सुरक्षा के लिए हाइवे पर जीरो एक्सीडेंट जोन व 50 ब्लैक स्पॉट का सुधार कार्य
- 15 शहरों में रिंग-रोड के निर्माण हेतु डीपीआर बनेगी
- हाईवे पर 20 ट्रौमा सेंटर्स के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान, साथ ही 25 Advanced Life Support Ambulances भी उपलब्ध होगी

## लाखों युवाओं को सौगात

- आगामी वर्ष में 1.25 लाख सरकारी पदों पर भर्ती
- निजी क्षेत्र में एक लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार
- 500 करोड़ रुपये का विवेकानन्द रोजगार सहायता कोष
- 'विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना' में 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 8 प्रतिशत ब्याज अनुदान

## ग्रामीण विकास

- मनरेगा के अन्तर्गत 3 हजार 400 लाख मानव दिवसों का सृजन
- स्वामित्व योजना में 2 लाख परिवारों को नए पट्टे
- दादूदयाल घुमन्तू सशक्तिकरण योजना में 25 हजार परिवारों को पट्टे
- पंचगौरव योजना को गति देना, 550 करोड़ रुपये का प्रावधान
- एससी/एसटी कल्याण के लिए एससीएसपी एवं टीएसपी फण्ड की राशि बढ़ाकर 1750 करोड़ रुपये

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

- 6 हजार वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग से तथा 50 हजार को ए.सी. ट्रेन से तीर्थ यात्रा

## सामाजिक सुरक्षा

- विभिन्न वर्गों के पात्र को देय पेंशन बढ़ाकर एक हजार 250 रुपये प्रतिमाह
- विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू समुदायों के लिए 'दादूदयाल घुमन्तू सशक्तिकरण योजना'
- बालिकाओं को शिक्षा में प्रोत्साहन के लिए 35 हजार स्कूटी वितरण का लक्ष्य
- खाद्य सुरक्षा हेतु 10 लाख नवीन Units NFSA लाभान्वित के रूप में जोड़ना
- 5 हजार उचित मूल्यों की दुकानों पर अन्नपूर्णा भण्डार

## महिला

- 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाये जाने का लक्ष्य
- 3 लाख लखपति दीदियों को आगामी वर्ष में 1.5 प्रतिशत ब्याज दर पर 1 लाख रुपये तक का ऋण
- मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना-आंगनबाड़ी पर सप्ताह में 5 दिवस दूध
- गर्भवती महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री किट योजना की शुरुआत

## नगरीय विकास

- शहरी क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के तहत लगभग 12 हजार 50 करोड़ रुपये के कार्य
- 500 Pink Toilets का निर्माण
- समस्त शहरों में 50 हजार स्ट्रीट लाइट्स
- सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र से अम्बाबाड़ी एवं विद्याधरनगर (टोडी मोड़ तक) जयपुर मेट्रो का कार्य
- शहरी क्षेत्रों में 500 नई बसें उपलब्ध
- 100 अत्याधुनिक Robotic-Three-One सीवरेज सफाई मशीनें

## सुशासन

- प्रथम चरण में 3 हजार से अधिक जनसंख्या वाले पंचायत मुख्यालयों में अटल ज्ञान केन्द्र
- Ambedkar Institute of Constitutional Studies and Research की स्थापना
- 8 नए जिलों में विभिन्न विभागीय कार्यालयों की स्थापना के लिए एक हजार करोड़ रुपये

## हरित बजट

- राज्य का प्रथम हरित बजट (Green Budget)
- Circular Economy के व्यापक प्रसार के लिए Rajasthan Circular Economy Incentive Scheme-2025
- मिशन हरियाळो राजस्थान के अन्तर्गत 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य
- लघु एवं सीमान्त कृषकों को बैलों से खेती पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष
- 250 करोड़ रुपये राशि की 'हरित अरावली विकास परियोजना'
- स्वयं सहायता समूह की 25 हजार महिलाओं को सोलर दीदी के रूप में प्रशिक्षण
- एक लाख लाभार्थियों को निःशुल्क Induction Cook Top-Cooking System वितरण का लक्ष्य

## औद्योगिक विकास

- निवेश सुविधा के लिए 'सिंगल विंडो – वन स्टॉप शॉप'
- Service Sector में निवेश हेतु Global Capability Centre (GCC) Policy
- Trading Sector के विकास एवं संवर्द्धन हेतु Rajasthan Trade Promotion Policy
- DMIC (Delhi Mumbai Industrial Corridor) से लिंक कर 2 Logistics Parks

## कृषि बजट

- आगामी वर्ष में 35 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये ब्याज मुक्त फसली ऋण वितरण का लक्ष्य
- किसान सम्मान निधि की राशि अब 9 हजार रुपये प्रतिवर्ष
- राजस्थान कृषि विकास योजना में 1 हजार 350 करोड़ रुपये
- गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल बोनस राशि बढ़ाकर 150 रुपये
- Micro Irrigation के लिए एक लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में प्रावधान
- आगामी वर्ष में 3 लाख 50 हजार हेक्टेयर में Drip एवं Sprinkler Irrigation System के लिए अनुदान
- 25 हजार Farm Ponds, 10 हजार डिग्गियों, 50 हजार सौर पम्प संयंत्रों तथा 20 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन के लिए 900 करोड़ रुपये का अनुदान
- आगामी वर्ष 1 लाख हैक्टेयर में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का छिड़काव पर प्रति हैक्टेयर 2 हजार 500 का अनुदान

## पशुपालन एवं डेयरी

- 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' में श्रेणीवार बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी
- एक हजार नवीन सहकारी समितियों/दुग्ध संग्रह केन्द्रों की स्थापना
- मिल्क उत्पाद, डेयरी प्लांट की प्रोसेसिंग एवं पशु आहार संयंत्रों के क्षमता वर्धन हेतु 540 करोड़ रुपये
- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में 2.50 लाख लाभार्थियों की बढ़ोतरी
- गोशालाओं तथा नंदीशालाओं हेतु प्रति पशु देय अनुदान को बढ़ाकर 50 रुपये प्रतिदिन

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

- समस्त जिला चिकित्सालयों में Diabetic Clinics
- गंभीर/असाध्य रोगों के उपचार के लिए Day Care Centres भी समस्त जिला चिकित्सालयों में प्रारम्भ
- प्रदेश को TB मुक्त बनाना, प्रत्येक CHC पर Digital X-ray Machine, TRU-NAAT (ट्रू-नॉट) व CB-NAAT (CB-नॉट) Machine की उपलब्धता
- 'Fit Rajasthan' अभियान, 50 करोड़ रुपये के प्रावधान
- नवीन आयुष नीति, गांवों को आयुष्मान आदर्श ग्राम घोषित कर 11 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि
- निःशुल्क जाँच एवं दवा हेतु 3 हजार 500 करोड़ रुपये का 'MAA कोष' का गठन
- MAA नेत्र वाउचर योजना की शुरुआत
- 70 वर्ष आयु से अधिक के वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार घर पर ही निःशुल्क दवा

## कार्मिक कल्याण

- समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि
- NFSA राशन वितरण का कार्य संभाल रहे Dealers के कमीशन में भी 10 प्रतिशत वृद्धि
- न्यायिक सेवा के पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता
- पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में भी आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

जिसमे आत्मविश्वास नहीं, उसमे अन्य चीजों के प्रति विश्वास कैसे उत्पन्न हो सकता है। –विवेकानंद

# महाकुंभ: भक्तों की अपार भीड़ कौशल और विवेक मांग रही है

यह इन्द्र लोक की महामाया नगरी सरीखी है प्रयागराज की संगम स्थली, यहां साधु हैं सन्त हैं। त्यागी तपस्वी हैं मानवता के पुजारी हैं तो पाखण्डी और लुटेरों की भी भरमार हैं। यहां हर हिस्से में अद्भुत कहानियों की भरमार है, आंखें फटी रह जाएं ऐसे चमत्कार हैं तो चमत्कारों के नाम पर हाथों की सफाई वाले फरेबी भी खूब हैं। यह नगरिया सूर्योदय से पहले अमृत कलश भरती है और चन्द्रास्त से पहले ही रश्मी रथों पर आरूढ़ होकर महादेव भक्तों की मनोकामनाएं पूरा करने गंगा को जटाओं से मुक्त कर महादेवी यमुना और ब्रह्मा पुत्री सरस्वती से मिलने को मुक्त कर लुप्त हो जाते हैं। इसी लिए यहां लहरा रहा है अपार जनसागर। इस महाकुम्भ में अकल्पनीय भीड़ के आंकड़ो ने सभी पूर्वानुमानों को ध्वस्त कर दिया है। अब तक यह आंकड़ा पचपन करोड़ के पार पहुंच गया है और मेला समाप्त होते–होते यह आंकड़ा साठ करोड़ को छू जाएगा। महाकुम्भ हमारी सनातन संस्कृति की अटूट पहचान है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं इस कुम्भ से उत्तर प्रदेश को तीन लाख करोड़ रूपए की आय हुई है बहुत अच्छी बात है। राष्ट्रपति जी से लेकर प्रधानमंत्री जी और पक्ष–विपक्ष के सारे नेता डुबकी लगा आए हैं जो बचे हैं वे अब लगाने को आतुर हैं।

लेकिन अगर किसी धार्मिक आयोजन में भीड़ की अटूट आमद ही उपलब्धि है तो निश्चय ही पीठ थपथपाइए। कहते हैं जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि। महाकुंभ पर यह कथन सौ फीसदी लागू होता है। राजनेताओं को यहां पकी लहलहाती हुई राजनैतिक फसल दिखाई दे रही है तभी तो अखिलेश यादव मेले को दस दिन और बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

लेकिन यदि समग्र प्रबंधन को लेकर यात्रियों में तल्खी है, मौतों और दुर्घटनाओं पर लगाम नही है,भारी भरकम जाम से निजात नही है तो आपको अपने आपको शाबाशी देने से पहले सोचना पड़ेगा। अगर उत्तर प्रदेश को यात्रियों के आने से तीन लाख करोड़ की आय हुई है तो फिर यह आंकड़ा भी देखिए कि औसतन पांच घंटे से पैंतीस घण्टों के जाम में फंसे लाखों वाहनों से लगभग एक लाख करोड़ का डीजल–पैट्रोल का धूंआ उड़ गया। पर्यावरण प्रदूषण इसका अगला बाई प्रोडक्ट है जिसका कोई अध्ययन नही हुआ है अभी तक। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी पत्नी संग संगम में डुबकी लगाकर पोस्ट करते हुए लिखा हवाई यात्रा करते हुए मैं ने सड़कों पर वाहनों की सैकड़ों किलोमीटर लम्बी लाइन देखी है, लेकिन यही गडकरी जी की अनुपलब्धि भी जाहिर करती है, आपने समय रहते सड़कों का व्यापक जाल नही बिछाया है। कुम्भ के लिए आमन्त्रित पर जितना जोर–शोर प्रचार किया गया ,धन खर्च हुआ उससे हजार, लाख गुना प्रबंधन पर होता तो वाकई चार चांद लग जाते। अब आइए योगी जी के बयान पर, कुम्भ में किसी के लिए कोई वीआईपी व्यवस्था नही होगी जो पूरी तरह सफ़ेद झूठ साबित हुआ। पूरा पुलिस प्रशासन दिन–रात विशिष्ट मेहमानों की खिदमत में तैनात रहा। आम भक्त पंद्रह से बीस किलोमीटर का पैदल चलने को मजबूर हैं। जिनमें बूढ़े, बच्चे और बीमार लोग और स्त्रियां भी शामिल हैं। ई–रिक्शा, मोटरसाइकिल और नाव वालों ने भक्तों की जेब पर तो डाका ही डाल रखा है अकल्पनीय रूप से मनमाने पैसे वसूल किए जा रहे हैं। जितने में एक सवारी जयपुर आने–जाने के पैसे दे रहे हैं उससे दो–तीन गुना पैसा नाव, ई–रिक्शा और मोटरसाइकिल वाले वसूल रहे हैं। उधर महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में अपशिष्ट जल का उच्च स्तर के विषय में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट के माध्यम से कल ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सूचित किया गया कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान विभिन्न स्थानों पर अपशिष्ट जल का स्तर स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है, नदी के पानी की गुणवत्ता विभिन्न अवसरों पर सभी निगरानी स्थानों पर अपशिष्ट जल 'फेकल कोलीफॉर्म' के संबंध में स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में लोग नदी में स्नान करते हैं, जिसमें अपशिष्ट जल की सांद्रता में वृद्धि खूब वृद्धि हुई है।

**मेला क्षेत्र में वीआईपी जोन पूरी तरह एक तरफ हो जिससे आम जन को परेशानी नहीं उठानी पड़े। मेला क्षेत्र में किसी भी कीमत पर दो किलोमीटर से अधिक पैदल न चलना पड़े। हर हाल में सड़क से लेकर मेला क्षेत्र में केवल वन वे ही होने चाहिए। यात्रियों के लिए पार्किंग स्थल से लेकर मेला क्षेत्र तक आने-जाने के वाहन सरकार की और से निःशुल्क होने चाहिए। कुम्भ में करोड़ों लोग डुबकी लगा रहे हैं यहां हर प्रकार से समग्र वैज्ञानिक और तकनीकी व्यवस्था करके नदियों के जल को सम्पूर्ण स्वच्छ रखना अनिवार्य हो। जगह-जगह भरपूर चिकित्सा केंद्र स्थापित हो। लाखों टन कचरा एकत्रित हो रहा है उसका वैज्ञानिक विधि से निस्तारण हो।**

लाखों टन कचरे के पहाड़ पचास–साठ किलोमीटर जाते ही दिख जाएंगे। जहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है वहां के वाशिंदों की हालत ही मत पूछिए। ये लाइन्स लव वाला किस्सा है। आस्था विश्वास और श्रद्धा के सम्पुट से पगलाई भीड़ भी यहां के वासिन्दों के ख्यालों से मेल खा रही है सो बेचारे डेढ़ महिने में घरों में सिमटकर रह गए हैं। एक मोहल्ले से निकट के दूसरे मोहल्ले पंहुचने के लिए दस किलोमीटर का फेरा लगाना पड़ रहा है जरुरी दवा और सामान को तरस गए हैं। काशी, प्रयाग, अयोध्या और चित्रकूट सहित निकटवर्ती शहरों के हाल खराब हैं। प्रशासन के हाथ–पांव पल–पल फूल रहे हैं। मानवता को धता बताते पुलिसकर्मियों को बिना ब्रेक के अड़तालीस से बहत्तर घन्टें की ड्यूटी देनी पड़ रही है। कुम्भ से लौटे यात्री गण फीकी मुस्कान के साथ खट्टे अनुभवों को गटक कर तीस–पैंतीस घण्टों तक बस में कमर सीधी करके बैठकर लौटने के बाद भी फरमा रहे हैं कुछ भी कहो मजा आ गया, ये है आस्था!

चलिए ये सब बातें किसी न किसी रूप में सब को पता है लेकिन आगे के क्या सबक हैं ये समझना ज़रूरी है। प्रबंध कौशल का पहला सबक कुम्भ आने वाले यात्रियों का अनिवार्य रूप से आन लाइन रजिस्ट्रेशन कीजिए जैसे अमरनाथ यात्रा में होता है, व्यक्ति स्वयं करें, ई मित्र केन्द्र पर हो और लास्ट में मेले मार्ग पर अनिवार्य हो। बिना रजिस्ट्रेशन के सख्ती से हो ना एंट्री। यात्रियों को पंहुच का समय और तिथि अपनी प्रबंधन क्षमता के अनुसार पहले से बात कर रखिए। हर कदम पर आने वालों के रजिस्ट्रेशन को चैक किया जाए ताकि आरम्भ से ही भीड़ पर नियंत्रण रहे। घाटों की क्षमतानुसार ही एंट्री मिले। सेना और अर्धसेना की सेवाएं लीजिए। एआई तकनीक से लैस अत्यधिक रोबोट लगाए जाएं। कुम्भ स्थल के दो तीन सौ किलोमीटर तक सड़क के दोनों और यात्री ठहराव के केन्द्र बनें यहीं पर यात्रियों की कलाई पर तकनीक से लैस टेग लगें जो जाते ही समय खोले जाएं। जगह–जगह दानदाताओं के सहयोग से भोजन भण्डारे और लंगर लगें, पेड़ फूड जोन अलग से बनें। मेला क्षेत्र में वीआईपी जोन पूरी तरह एक तरफ हो जिससे आम जन को परेशानी नहीं उठानी पड़े। मेला क्षेत्र में किसी भी कीमत पर दो किलोमीटर से अधिक पैदल न चलना पड़े। हर हाल में सड़क से लेकर मेला क्षेत्र में केवल वन वे ही होने चाहिए। यात्रियों के लिए पार्किंग स्थल से लेकर मेला क्षेत्र तक आने–जाने के वाहन सरकार की और से निःशुल्क होने चाहिए। कुम्भ में करोड़ों लोग डुबकी लगा रहे हैं यहां हर प्रकार से समग्र वैज्ञानिक और तकनीकी व्यवस्था करके नदियों के जल को सम्पूर्ण स्वच्छ रखना अनिवार्य हो। जगह–जगह भरपूर चिकित्सा केंद्र स्थापित हो। लाखों टन कचरा एकत्रित हो रहा है उसका वैज्ञानिक विधि से निस्तारण हो। मेले में आ रही भीड़ को ग्लैमेराइज करने की जगह प्रबंध कौशल पर फोकस कीजिए। ओर ये रेल्वे वाले क्या भांग पीकर सो गए हैं ट्रेन की क्षमता से पांच गुना तक टिकिट काट कर वाहवाही लूट रहे हैं। रेल्वे पुलिस महज लाइन लगवाकर केवल उतने यात्री ट्रेनों में क्यों नहीं बिठा रही जितनी सीट है। बिहार से ट्रेनों में सवार होने वाले लोग डण्डें, बांस, पत्थर और हथोड़ों से दरवाजे खिड़कियां तोड़ कर जबरन घुस रहे हैं। हद है अराजकता की, रिजर्वेशन लेकर बैठे यात्री पिट रहे हैं उनका सामान फैंक कर धकेला जा रहा है। स्टेशन पर भगदड़ मच कर लोग चिंथ कर मर रहे हैं रेल मंत्रालय मौन है। यह महाकुम्भ पचास या साठ करोड़ लोगों के आगमन का मुदित मन से तथाकथित तकनीकी गणना से दावा कर रहा है जो स्वयं परीक्षित होनी शेष है। आनन्द महेन्द्रा ने घोषणा की है वे अपने विश्वविद्यालय में भीड़ प्रबंधन और तकनीकी कौशल पर काम करेंगें। यह स्वागत योग्य है हमारे आइआइटी और आइआइएम संस्थानों को भी सरकार ऐसे ही टास्क दे।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

# 'आजादी के 77 वर्ष बाद भी राजस्थानी भाषा को नहीं मिली संवैधानिक मान्यता'

## जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में विश्व मायड़ भाषा दिवस पर समारोह आयोजित



विश्व मायड़ भाषा दिवस पर आयोजित समारोह में अतिथियों का सम्मान किया गया।

- राजस्थानी भाषा को बढ़ावा देने के लिए चलकोई फाउण्डेशन द्वारा 40 विद्यार्थियों एवं शोध कार्य करने वाले 6 शोधार्थियों को ऑनलाइन स्कॉलरशिप प्रदान की

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थानी भाषा विश्व की एक समृद्ध भाषा है। इसकी साहित्यिकी परम्परा, संस्कृति एवं इतिहास अनुठा है। हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं, मगर अपनी मातृभाषा राजस्थानी का अपमान कभी भी सहन नहीं करेंगे। राजस्थानी और गुजराती एक ही मां की दो बेटियां है। देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी मातृभाषा गुजराती पर जितना गर्व है हमे भी अपनी मातृभाषा राजस्थानी पर उतना ही गर्व है। मगर दुर्भाग्य की बात यह है कि देश की आजादी के 77 वर्ष बाद भी राजस्थानी भाषा संवैधानिक मान्यता के लिए तरस रही है। यह विचार चलकोई फाउंडेशन के संस्थापक एवं राजस्थानी भाषा आंदोलन के अग्रणी राजवीरसिंह चलकोई ने जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राजस्थानी विभाग एवं महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र, मेहरानगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मायड़ भाषा दिवस पर आयोजित समारोह में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की राज्य सरकार राजस्थानी को राजभाषा एवं केन्द्र सरकार शीघ्र संवैधानिक मान्यता प्रदान करें। महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र मेहरानगढ़ के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर एवं समारोह संयोजक डॉ. मीनाक्षी बोराणा ने बताया कि समारोह अध्यक्ष कला संकाय अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) मंगलाराम बिश्नोई ने कहा कि मनुष्य की सम्प्रेषण का मुख्य आधार मातृभाषा ही है अत: प्रदेश में प्राथमिक एवं उच्च शिक्षण का माध्यम हमारी मातृभाषा राजस्थानी में ही होना चाहिए। क्योंकि मातृभाषा में मानव के जीवन मूल्यों की झनकार सुनाई देती है।

विशिष्ट अतिथि विधि संकाय अधिष्ठाता एवं सिण्डीकेट सदस्य प्रोफेसर (डॉ.) सुनील आसोपा कहा कि विधि एक कला है मगर समाज के दबाव से कानून बनता है, इसलिए सरकार पर दबाव बनेगा तो ही वह इस कानूनी रूप से संवैधानिक मान्यता प्रदान करेगी। इसलिए हमें सम्मिलित रूप से इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र पुरोहित ने कहा कि राजस्थानी भाषा प्रदेश की एक मानक भाषा है, जिसका विशाल शब्दकोश, व्याकरण एवं समृद्ध साहित्य भण्डार है।

महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र मेहरानगढ़ के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा हमारे इतिहास एवं संस्कृति का पर्याय है।

हालांकि युनेस्को ने तो सन् 1999 में मातृभाषा दिवस की घोषणा की मगर राजस्थानी ज्ञान परम्परा में बसंत पंचमी को मातृभाषा के रूप में ही मनाया जाता रहा है। उन्होंने राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता की पुरजोर मांग करते हुए इस संबंध में राजनैतिक उदासीनता को खुलकर उजागर किया। कार्यक्रम में आरम्भ में मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया है। समारोह संयोजक डॉ. मीनाक्षी बोराणा द्वारा स्वागत दिया गया। संचालन राजस्थानी विद्यार्थी श्रवण राम भादू ने किया।

इस अवसर पर राजस्थानी भाषा को बढावा देने के लिए चलकोई फाउण्डेशन द्वारा इस वर्ष 2025 राजस्थानी विषय में एम.ए. प्रथम सेमेस्टर के 40 विद्यार्थियों एवं शोध कार्य करने वाले 6 शोधार्थियों को ऑनलाइन स्कॉलरशिप प्रदान की गई। समारोह में राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित, प्रतिष्ठित रचनाकार भंवर लाल सुथार तरनिजा मोहन राठौड़, इन्द्रजीत शर्मा, विरेन्द्रसिंह राठौड़, महेश व्यास, माधुसिंह, जितेन्द्र साठिका, अभि पंडित, डॉ. रणजीतसिंह चौहान, डॉ. भीवसिंह, जगदीश, विष्णुशंकर सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, राजस्थानी शोधार्थी, विद्यार्थी एवं मायड़ भाषा प्रेमी मौजूद रहे।

# देर रात्रि में ऊंची आवाज में बजने वाले डीजे से लोग परेशान

- शिकायतों की बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई, डीजे बजाने वाले लोगों को पाबंद करने की मांग

**सादुलपुर, (निसं)।** शादी तथा अन्य प्रकार के संपन्न होने वाले कार्यों के लिए बने भवनों में बिना किसी रोक–टोक के ऊंची आवाज में डीजे बजाने तथा जनरेटर का प्रदूषण युक्त वातावरण से भवनों के आसपास रहने वाले घरों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में रवि कुमार वार्ड नंबर 8 सादुलपुर निवासी ने एसडीएम को लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

बताया कि पिछले॰6 माह से नींद पूरी नहीं होने के कारण बीमार रहने लगा है तथा उसका इलाज हिसार में चल रहा है। हाल यह है कि उसे नींद की गोलियां लेनी पड़ रही है। शिकायत में चेतावनी दी है कि अगर कोई अनहोनी की घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन भवन के कार्यकारिणी सदस्य होंगे।

शिकायत बताया कि उसके मकान के पास आबाद बस्ती में एक भवन बना हुआ है, जिसमें विवाह शादी तथा अन्य विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की आयोजन होते हैं। शिकायत में बताया कि भवन को किराए पर बुक करते समय नियमों की पालना के अनुसार कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। भवन में होने वाले कार्यक्रम रात के करीब 2–3 बजे तक तेज ध्वनि में डीजे बजाना, लगातार आतिशबाजी करना जैसे काम होते हैं, जिसके कारण मोहल्ले में बसने वाले व्यक्तियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा रात भर मोहल्ले के लोगों को नींद नहीं आने के कारण गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की संभावना बन रही है तथा लगभग कार्यकारिणी सदस्यों सहित प्रशासन पुलिस प्रशासन को अवगत करवाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है तथा आए दिन हर तीसरे चौथे दिन भवनों में यह कार्य होता रहता है।

इसके अलावा शहर के अनेक लोगों ने बताया कि गली मोहल्ले में डीजे बजाना एक चलन सा हो गया है, जन्मोत्सव या फिर किसी बच्चे का जन्म होना या अन्य कार्यक्रमों के लिए लोग किराए पर डीजे को लेकर रात भर तेज आवाज में नियमों की अनदेखी कर डीजे बजाते हैं। जिसके कारण बडे बुजुर्गों सहित छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

इस संबंध में शहर के अनेक लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर नियमों का उल्लंघन कर किराए पर डीजे लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है तथा डीजे मालिकों को किराए पर ले जाने वालों से कम आवाज में डीजे बजाना रात्रि के एक बजे बाद डीजे को बंद करना जैसी शर्तों के लिए पाबंद करने की भी मांग की है।

# भारत और मिश्र के बीच महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 14 दिन का युद्धाभ्यास जारी

- युद्धाभ्यास में भारत-मिश्र के जवानों ने घर में घुसकर आतंकवादी को मारा, ड्रोन से दुश्मन के ठिकानों की निगरानी की

**बीकानेर, (निसं)।** महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना के साथ मिश्र की सेना युद्धाभ्यास कर रही है। दोनों सेना मिलकर शहरी क्षेत्रों में आतंकियों से निपटने के लिए बनने वाली योजना पर काम कर रही है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में और सेना के हेलिकॉप्टर एक जगह खड़े नजर आए। हेलिकॉप्टर से एक–एक जवान उतरा और मकान पर धवा बोल दिया। जवानों को शक था कि मकान में कोई आतंकी छुपा हुआ है। जवान घर के अंदर घुसते हैं और गोलियों से दुश्मन को मौत के घाट उतार देते हैं। हेलीबोर्न ऑपरेशन से पहले ड्रोन से दुश्मनों की निगरानी की। हालांकि ये हकीकत में नहीं था। ये पूरा घटनाक्रम काल्पनिक था।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने बताया कि भारत और मिश्र के बीच 14 दिन का युद्धाभ्यास चल रहा है, जो 23 फरवरी तक अनवरत चलेगा। इसके तहत अगले 48 घंटे तक लगातार अभ्यास होगा। इस दौरान सेना के जवान अपनी सेना की उत्कृष्टता, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और युद्ध में तत्परता का प्रदर्शन करेंगे। 48 घंटे का वेलीडेशन फेज शुक्रवार को शुरू हो गया, जो रविवार सुबह तक चलेगा। किसी युद्ध और ऑपरेशन के अंतिम चरण में किस तरह से काम किया जाता है ये इसी 48 घंटे में जवानों को सिखाया जाएगा। इस दौरान आला अधिकारी तकनीक रूप से क्षेत्र का अवलोकन करने के बाद सैन्य टुकड़ियों को निर्देश दे रहे हैं कि किस तरह से दुश्मन को घेरना है और कब हमला बोलना है। कम से कम नुकसान में ज्यादा से ज्यादा दुश्मन को निपटाने की योजना बनाने से पहले ड्रोन को भेजा जा रहा है। ड्रोन जहां पहुंच रहा है, उसे सेना के आला अधिकारी देख रहे हैं। इसी मौका मुआयना के बाद दुश्मन पर आक्रमण किया जा रहा है। इस दौरान दोनों देशों की सेना के आला अधिकारी भी पहुंच रहे हैं। सेना के जवानों के साथ संवाद किया जा रहा है।

इस फेज के दौरान दोनों देशों के अलग–अलग दल बनाए जाएंगे। ये दोनों दल एंटी टेररिस्ट अभियान चलाएंगे। इस दौरान दोनों दल अपनी क्षमता से ज्यादा बेहतर काम करते हुए दुश्मन के ठिकानों पर हमला करेंगे। इस दौरान मॉडर्न हथियारों के साथ ही मॉडर्न तकनीक का भी उपयोग होगा। पिछले दिनों में युद्धाभ्यास में जो कुछ भी सीखा है, उसे काल्पनिक खतरों से निपटने में उपयोग किया जाएगा। अभ्यास में दोनों देशों की सेनाएं कठिन युद्ध प्रशिक्षण और सामरिक अभ्यास कर रही है। जिसका उद्देश्य जाइंट ऑपरेशन क्षमताओं को मजबूत करना है। इस अभ्यास का प्रमुख लक्ष्य पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाना है।

इस दौरान क्वार्टर बैटल ड्रिल, सर्वाइकल तकनीक, कॉम्बेट मेडिकल स्किल्स और डिमॉलिश ट्रेनिंग का जॉइंट प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मरुस्थल के तेज तापमान, पैदल चलने में कठिनाई सहित अनेक विपरीत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ये युद्धाभ्यास हो रहा है। भारत और मिश्र दोनों ही देशों की विपरीत परिस्थितियों को ध्यान रखा जा रहा है।

# अजमेर के दरगाह क्षेत्र में आवारा श्वानों का आतंक

**अजमेर, (कासं)।** दरगाह क्षेत्र के अंदरकोट, झरनेश्वर महादेव मंदिर मार्ग सहित परिधि क्षेत्र में घूम रहे एक पागल कुत्ते ने एक युवक को घायल कर दिया तो कई लोगों को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला व निगम प्रशासन से मांग की है कि आवारा व पागल कुत्ते को पकड़कर राहत दी जाए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार अल सुबह से ही एक पागल कुत्ता अंदरकोट झरनेश्वर रोड, बड़वा सहित आसपास के क्षेत्रों में इधर–उधर भाग रहा है और राहगीरों पर हमला कर रहा है। कई लोगों को इस काट भी लिया, जिन्हें स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन को सूचना देने के बावजूद कुत्ते को नहीं पकड़ा गया है।




घायल हुआ युवक

क्षेत्रवासियों का कहना है कि आगामी शिवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में अगर श्वान को पकड़ा नहीं गया, तो किसी भी समय भगदड़ मच सकती है। बड़वा स्थित झारनेश्वर रोड और उसके आसपास के इलाकों में आवारा श्वानों की संख्या काफी बढ़ चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम ने टोल्फा को श्वानों को पकड़ने का ठेका दिया हुआ है, लेकिन संस्था को सूचना देने के बाद भी इन्हें पकड़ा नहीं जा रहा है।

**पूर्व में बनाया बच्चों को निशाना :–**क्षेत्रवासियों ने बताया कि बताया कि कुछ माह पूर्व ही आवारा कुत्तों ने कई बच्चों को निशाना बनाया है। निगम कर्मचारी साल में एक बार श्वानों को पकड़ने के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें दरगाह वैकल्पिक मार्ग पर छोड़ दिया जाता है। इस लापरवाही के कारण इलाके में श्वानों की समस्या बढ़ती जा रही है, जिससे खासतौर पर महिलाएं और बच्चे घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 22 फरवरी, 2025**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, ज्येष्ठा नक्षत्र सायं 5:40 तक, हर्षण योग दिन 11:56 तक, गर करण दिन 1:20 तक, चन्द्रमा आज सायं 5:40 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मिथुन, बुध–कुम्भ, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में। आज भद्रा रात्रि 1:38 से आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:26 से 9:51 तक, चर 12:40 से 2:05 तक, लाभ–अमृत 2:05 से 4:55 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:01, सूर्यास्त 6:19

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आज पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ बनी रहेगी। आपसी मतभेद बढ़ने का भय बना रहेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं रहेगा।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव बना रहेगा। आज परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। आज खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृश्चिक**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आज मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। पारिवारिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**मकर**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 202 प्रभात जयपुर, शनिवार 22 फरवरी, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



How Green should a Green Rajasthan be! The long cherished dream of bringing water to the Ramgarh Dam near Jaipur will also be a beneficiary

Loved 'Chhaava?'

Nature's Candy This fruit contains serotonin, and eating just two before bed can help promote better sleep

# एस.आई. भर्ती पर दो माह में निर्णय ले सरकार, फील्ड पोस्टिंग पर रोक जारी रहेगी

## हाई कोर्ट ने अतिरिक्त महाधिवक्ता से यह भी कहा कि 2 मई को राज्य सरकार के निर्णय की जानकारी दें

- यादवेन्द्र शर्मा -

जयपुर, 21 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में राज्य सरकार को दो माह में निर्णय लेने को कहा है। अदालत ने अतिरिक्त महाधिवक्ता को कहा कि वे 2 मई को राज्य सरकार के निर्णय से अदालत को अवगत कराए। अदालत ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार किसी भी तरह का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगी, लेकिन मामले में दिए गए यथा-स्थिति के आदेश जारी रहेंगे और किसी को भी फील्ड पोस्टिंग नहीं दी जाएगी। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- मामले के जानकार वकीलों का कहना है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णयों में कहा गया है कि अगर पेपर लीक के कारण अवांछित लाभ पाने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य अभ्यर्थियों से पृथक किया जा सकता है, तो अपराधी को पकड़ा जाए, पर, उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नहीं हटाया जाए।
- कई अदालतों के ऐसे भी फैसले हैं, जिनमें कहा गया है कि पेपर लीक का अगर व्यापक प्रभाव नहीं हुआ है तो परीक्षा को रद्द न किया जाए।
- अदालत के आदेशानुसार, अगले दो माह तक भी एस.आई. भर्ती पेपर लीक मामले में जाँच जारी रहेगी। अगर प्रकरण में लिप्त अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ती है तो परीक्षा रद्द करने के तर्क को मजबूती मिलती है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि भर्ती को लेकर चार माह में निर्णय ले लिया जाएगा। ऐसे में अदालत मामले में दिए यथास्थिति के आदेश को हटाए, ताकि दोषी ट्रेनी अफसरों को बर्खास्त करने सहित अन्य कार्रवाई की जा सके। इस पर अदालत ने कहा कि यथास्थिति का आदेश जारी रहेगा, लेकिन सरकार मामले में कोई भी निर्णय लेने को स्वतंत्र रहेगी। दूसरी ओर याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने कहा कि भर्ती में पेपर लीक को लेकर राज्य सरकार के पास पर्याप्त रिकॉर्ड है और वह एक सप्ताह में इस पर निर्णय ले सकती है। वहीं सफल अभ्यर्थियों की ओर से कहा कहा गया कि पेपर लीक केस में हमारी संलिप्तता नहीं मिली है। हम में से कुछ अभ्यर्थी तो दूसरी सरकारी नौकरी छोडकर आए हैं। ऐसे में यदि भर्ती रद्द हुई तो हमारे साथ अन्याय होगा। सफल चयनित अभ्यर्थियों की ओर से पैरवी कर रहे वकीलों का कहना था कि उनके मोव्वकिल आर.ए.एस. व सहयोगी सेवाओं की परीक्षा में भी उत्तीर्ण हुए थे, परन्तु एस.आई. भर्ती परीक्षा में उत्तीण होने के बाद उन्होंने वहां पदभार नहीं संभाला। इन एस.आई. भर्ती में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों का यह भी कहना है कि उनका नाम पूर्व में किसी भी विवाद या गैरकानूनी गतिविधी से नहीं जोड़ा गया है।

इस मामले को जानने वाले वकीलों का कहना है इलाहाबाद हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय है जिनमें कहा गया है कि 'पेपर लीक' से जुड़े ऐसे मामले जहां 'पेपर लीक' के कारण अवांछित लाभ पाने वाले अभ्यर्थियों को सच्चे व आम अभ्यर्थियों से पूरी तरफ पृथक किया जा सकता है, वहां मुजरिमों को पकड़ा जाए, परन्तु अन्य उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों को हटाया नहीं जाए।

कई अदालतों के ऐसे भी फैसले है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एक पद सुरक्षित रख फार्मासिस्ट की चयन सूचि जारी करें

जयपुर, 21 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने फार्मासिस्ट भर्ती-2023 की चयन सूची जारी करने पर लगी अपनी रोक को हटा लिया है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता के लिए पद सुरक्षित रखने को कहा है, जो अदालत के अंतरिम आदेश पर निर्भर करेंगे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश दीपू श्री की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की

- हाईकोर्ट ने पूर्व में लगाया स्टे हटाकर राज्य सरकार को निर्देश दिया।

ओर से कहा गया कि अदालत ने 11 दिसंबर, 2023 को भर्ती की अंतिम चयन सूची जारी करने पर रोक लगा दी थी। इसके चलते पूरी भर्ती प्रक्रिया प्रभावित हो गई है। ऐसे में इससे रोक हटाई जाए। इस पर अदालत ने चयन सूची जारी करने पर लगी रोक को हटाते हुए याचिकाकर्ता के लिए पद रिक्त रखने को कहा है।

याचिकाकर्ता के वकील सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को कहा कि राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियम 1965 को 23 मई 2022 में संशोधित किया गया था, जिसके अनुसार फार्मेसी पद पर नियुक्ति के लिये नियुक्ति बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा संचालित की जायेगी और लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक और बोनस अंकों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस ने पलटवार किया, भाजपा पर यूएस एड विवाद में

## ''भाजपा श्वेत पत्र जारी करने की हमारी माँग पर चुप है, क्योंकि भाजपा इस विवाद को जीवित रखना चाहती है, अपने दोष व कमियों से ध्यान हटाने के लिये''

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। भारत में चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए युनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डैवलपमैंट (यू.एस.ए.आई.डी.) अर्थात् यूएस एड द्वारा दिए जा रहे 21 मिलियन डॉलर की राशि को लेकर चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो ''फंडिंग नैरेटिव'' पेश किया है, वह अपने पाप छिपाने के लिए है, कि किस तरह से उसने पूर्व कांग्रेस सरकारों को गिराने के लिए विदेशी फंड का इस्तेमाल किया था।

- कांग्रेस का यह भी आरोप है कि भाजपा ने विदेशी धन व साधनों की मदद लेकर, कांग्रेस की सरकारों को गिराने का सदा प्रयास किया है।
- अगर भाजपा यूएस एड के पैसे को इतना अपवित्र व दूषित मानती है तो भाजपा सरकार ने भारत मिशन, अटल इनोवेशन मिशन इसे सहयोगी क्यों बनाया तथा नीति आयोग ने ''समृद्धि इनिशिएटिव'' को हाल ही में 2022 में पार्टनर की भूमिका क्यों ऑफर की।

इसी दौरान कांग्रेस के मीडिया व पब्लिसिटी प्रभारी पवन खेड़ा ने इस मुद्दे पर संदेह दूर करने के लिए सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

ट्रम्प की स्वीकारोक्ति कि पूर्व यूएस सरकारें भारत में चुनावों को प्रभावित करती रही हैं, के बाद भाजपा ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर विदेशी ताकतों के साथ मिलकर राष्ट्र हितों के विरोध में काम करने का आरोप लगाया।

एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये, खेड़ा ने कहा, ''यूएस एड द्वारा दिए गए 21 मिनियन डॉलर फंड की जो कहानी है, वो भाजपा, मोदी सरकार के मंत्रियों, भाजपा के आर्थिक सलाहकार तथा उसके आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख द्वारा गढ़ी गई है तथा आरएसएस-भाजपा ईकोसिस्टम तथा भाजपा के निकटस्थ मीडिया के वर्ग, लोगों का ध्यान भाजपा के उन पापों से हटाने के लिये, योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है, जो उसने भारत में कांग्रेस सरकारों, जिनमें यूपीए सरकार भी शामिल है, को अस्थिर करने के लिये विदेशी फंड का उपयोग करके किये हैं।

इंडियन एक्सप्रैस के शुक्रवार के अंक में प्रकाशित एक रिपोर्ट का हवाला देते हुये, उन्होंने कहा कि यह सच सामने आ गया है कि 21 मिलियन डॉलर का यू.एस.ए.आई.डी. फंड भारत को नहीं, बल्कि बाँग्लादेश को दिया गया था। सरकारी दस्तावेज सिद्ध कर रहे हैं। मोदी जी के घनिष्ठ मित्र ट्रम्प ने इरादतन या गैर-इरादतन डिपार्टमैंट ऑफ गवर्नमैंट एफिसिएंसी (डीओजीई) के जरिए यह भूल की थी।''

खेड़ा ने कहा, लेकिन आरएसएस-भाजपा ईकोसिस्टम ने निर्लज्तापूर्वक इसे पकड़ लिया तथा तथ्यों का परीक्षण नहीं किया। इससे पता चलता है कि वे भारत के लोकतंत्र को नुकसान पहुँचाने के अपने कृत्यों को छिपाना चाहते थे।

आरएसएस और भाजपा पर हमला बोलते हुये, खेड़ा ने कहा, ''इंदिरा गांधी सही थीं, जब उन्होंने कहा था कि भाजपा के सैद्धांतिक पूर्वजों और जनता पार्टी के पीछे ''विदेशी हाथ'' है। यह किसी से छिपा नहीं है कि आरएसएस ने आपातकाल के दौरान तथा उससे पहले सीआईए की सहायता ली थी। भारत की चुनाव प्रक्रिया तथा हमारे लोकतंत्र में हस्तक्षेप करने का तथा हमारे संविधान को दूषित करने का आरएसएस-भाजपा का घृणित रिकॉर्ड रहा है।''

इस मामले में सत्तारूढ़ दल पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मदन राठौड़ कल वापस भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनेंगे

जयपुर, 21 फरवरी। मदन राठौड़ का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनना तय हो गया है। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र भरा गया। मदन राठौड़ के अलावा किसी भी दूसरे नेता ने फॉर्म नहीं भरा। ऐसे में उनका प्रदेशाध्यक्ष बनना फाइनल है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा शनिवार सुबह 11 बजे होगी।

- कल मदन राठौड़ की घोषणा के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 21 सदस्यों का भी निर्वाचन होगा।

इससे पहले, मदन राठौड़ के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित पांच प्रस्तावक बने। शाम साढ़े 4 बजे तक नामांकन भरे गए। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच की गई।

चुनाव प्रभारी गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय भाई रूपाणी ने कहा कि नामांकन फॉर्म भरने का समय पूरा हो गया। आज हमें पांच नामांकन फॉर्म के सेट मिले हैं, जिनमें एक ही नाम मदन राठौड़ का है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा होगी। प्रदेशाध्यक्ष चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल को केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही प्रदेश से 25 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी निर्वाचन होगा, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे।

# दिल्ली की निवर्तमान व वर्तमान मु.मंत्री के बीच छींटाकशी शुरु हुई

## पूर्व मु.मंत्री आतिशी मारलीना ने भाजपा की नवगठित सरकार पर आरोप लगाया, उसने दिल्ली की हर महिला को ढाई हजार रूपये की सहायता देने का चुनावी वायदा पूरा नहीं किया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। दिल्ली की पूर्व एवं वर्तमान मुख्यमंत्रियों के बीच शब्द-बाण चलना शुरु हो गये हैं। निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि उसने महिलाओं को 2,500 रूपए की वित्तीय सहायता देने की योजना की घोषणा न करके अपना चुनावी वादा तोड़ दिया है। ज्ञातव्य है कि भाजपा ने ऐसा चुनावी वादा किया था। वर्तमान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पलटवार करते हुये कहा कि आप नेता को भाजपा से प्रश्न करने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा, ''अब दिल्ली की चिंता हम करेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता को उसके अधिकार मिलेंगे।''

- नव निर्वाचित मु.मंत्री रेखा गुप्ता ने कटाक्ष का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग में आयुष्मान भारत योजना की स्वीकृति देकर, दिल्ली के हर नागरिक को दस लाख रूपये का लाभ पहुँचाया। अतः अब आप पार्टी को भाजपा से दिल्ली की जनता की मदद पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं बनता और अब हम दिल्ली व उसकी जनता की भलाई की चिंता करने के लिए पर्याप्त हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में, दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी थी, जिसे आप सरकार ने रोक दिया था।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा, ''हमने पद संभालने के पहले दिन ही, दिल्ली की जनता को 10 लाख रूपए का लाभ दिया है।'' रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के 7 में से दो सदस्य अर्थात 29 प्रतिशत अरबपति हैं। सभी सात मंत्रियों की औसत सम्पति 56.03 करोड़ रुपए हैं, यह जानकारी इलैक्शन वॉचडॉग एसोसिएशन फॉर डैकोमैटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के एक विश्लेषण से प्राप्त हुई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने 248 करोड़ रुपए की सम्पत्ति घोषित की है।

वहीं पीडब्ल्यूडी, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा ने 115 करोड़ रुपए की सम्पत्ति घोषित की है। गृह, शिक्षा एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने 9 करोड़ रुपए की, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 5 करोड़ रुपए की सम्पत्ति घोषित की हैं। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री पंकज सिंह ने 4 करोड़ रुपए की और कानून एवं न्याय मंत्री कपिल मिश्रा ने एक करोड़ रुपए की सम्पत्ति घोषित की है। रोचक बात यह है कि वर्ष 2020 में दिल्ली के 7 में से 5 मंत्री यानि 71 प्रतिशत करोड़पति थे, तब मंत्रियों की औसत सम्पत्ति 8.96 करोड़ रुपए थी। वर्ष 2015 में आप सरकार के मंत्रियों की औसत सम्पत्ति 2.6 करोड़ रुपए थी।

## सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिली

नयी दिल्ली, 21 फरवरी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष तथा पार्टी की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को एक दिन तक डॉक्टरों की देख-रेख में रहने के बाद शुक्रवार को यहां गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, गांधी को गुरुवार सुबह पेट दर्द के बाद यहां सर गंगा राम अस्पताल

- वे कल पेट दर्द की शिकायत के साथ सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हुई थी।

में नियमित चेकिंग के लिये ले जाया गया, जहां पेट से जुड़ी समस्या के कारण उन्हें भर्ती कराया गया।

पार्टी सूत्रों के सनुसार, गांधी की कल सुबह नियमित जांच की गई, लेकिन पेट में मामूली संक्रमण होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया और आज सुबह छुट्टी दे दी गई।

गांधी को नियमित जांच के लिए अस्पताल ले जाता है लेकिन कल सुबह पेट दर्द के कारण उन्हें 24 घण्टे के लिए भर्ती किया गया। डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी करती रही थी।

## दिल्ली का विधानसभा सत्र 24 फरवरी

नयी दिल्ली, 21 फरवरी। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा, जिसमें विधायकों की शपथ के साथ ही, कैग की रिपोर्ट को भी सदन पेश होने की संभावना है। यह सत्र तीन दिन, 24, 25 और 27 फरवरी को चलेगा। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट की

- इस सत्र में विधायकों के शपथ ग्रहण के साथ सी.ए.जी. की लम्बित पड़ी 14 रिपोर्ट पेश होने की चर्चा है।

पहली बैठक में सरकार ने एक तरफ आयुष्मान योजना को दिल्ली में लागू करने का निर्णय लिया है तो दूसरी तरफ, कैग की लंबित पड़ी 14 रिपोर्ट को भी विधानसभा की पहली बैठक में ही पेश करने की बात कही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कल कहा था, आयुष्मान योजना को हमने न सिर्फ दिल्ली में लागू करने का निर्णय लिया है, बल्कि इसके खिलाफ पिछली सरकार ने अदालत में जो याचिकाएं दाखिल की थीं, उन्हें वापस लेने के लिए भी अपनी तरफ से कार्रवाई शुरू कर दी है, ताकि किसी भी प्रकार की अड़चन न आए।

# 'आपने अपनी दादी इंदिरा गांधी के नाम पर इस योजना का नाम रखा था'

## मंत्री की टिप्पणी पर जूली ने कहा, इंदिरा गांधी के लिये इस तरह की भाषा नहीं बोल सकते

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 21 फरवरी। ''पिछले बजट 2023-24 में आपने हर बार की तरह अपनी दादी इंदिरा गांधी के नाम पर इस योजना का नाम रखा था।'' प्रश्नकाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिक मंत्री अविनाश गहलोत ने एक सवाल के जवाब में यह तंज कसा।

मंत्री की इस टिप्पणी पर विपक्ष भड़क गया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंत्री की टिप्पणी का कड़ा विरोध करते हुए कहा था- यह क्या बकवास है? इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री रही हैं, उनके लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

इसके बाद मामला इतना बिगड़ा कि कांग्रेस के विधायक हंगामा करते हुए वैल में आ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया और कहा कि दादी एक सम्मानजनक शब्द है, लेकिन तब तक विधायक स्पीकर की टेबल तक पहुंच गए थे।

दिनभर चले हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 3 बार स्थगित करनी पड़ी। शाम चार बजे विधानसभा की कार्यवाही फिर शुरू होने के बाद, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने डोटासरा सहित 6 कांग्रेस विधायकों को सदन से सस्पेंड करने का प्रस्ताव रखा, जिसे मंजूर किया गया।

इसके बाद, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सोमवार तक के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद, कांग्रेस के निलंबित विधायकों को घेरकर विपक्ष धरने पर बैठ गया।

इसके बाद, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने गोविंद सिंह डोटासरा, उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, अमीन कागजी, जाकिर हुसैन गैसावत, हाकम अली खान और संजय कुमार

- हंगामे के कारण तीन बार विधानसभा की कार्यवाही स्थगित हुई तथा अंत में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के प्रस्ताव पर 6 कांग्रेस विधायकों को सदन से सस्पैंड किया गया। विपक्ष के विधायक सदन में धरने पर बैठे।
- सस्पैंड किये गये कांग्रेस विधायक हैं- कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, अमीन कागज़ी, ज़ाकिर हुसैन गैणावत, हाकम अली खान और संजय कुमार।

को बजट सत्र की बची हुई अवधि के लिए निलंबित कर दिया। ज्ञात रहे कि गत वर्ष अगस्त में भी कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को सस्पेंड किया गया था।

सदन के बाहर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मंत्री ही सदन नहीं चलाना चाहते। आज पहला मौका नहीं है। इससे पहले भी जब सदन में गतिरोध बना था, तब इनके मंत्री विधायकों ने मुझे और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को गालियां दीं, हम चुप रहे। आज मंत्री अविनाश गहलोत देश के लिए शहीद होने वाली उस आयरन लेडी इंदिरा गांधी के बारे में गलत शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, स्पीकर उसे कार्यवाही से नहीं हटा रहे। सदन में इस तरह की बातें करते हुए शर्म नहीं आती। इंदिरा गांधी के खिलाफ कमेंट को सदन की कार्यवाही से निकालें।

जूली ने कहा कि इनके मंत्री सदन में जवाब नहीं दे पाए। रफीक खान ने जब अफसरों पर फर्जी जवाब देने की बात कही तो उसे कार्यवाही से हटा दिया। सत्ता पक्ष ही नहीं चाहता कि सदन चले। मंत्रियों के जवाबों से बीजेपी विधायक ही संतुष्ट नहीं हैं। हमने सदन चलाने में सहयोग का वादा किया है तो इनके गुलाम नहीं हो गए। इस तरह नहीं चलने देंगे। विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सत्ता पक्ष खुद सदन नहीं चलाना चाहता। हम विधानसभा में गाली नहीं खाएंगे। मंत्री जवाब नहीं दे पा रहे। विधायक रफीक खान के सवाल का मंत्री देवासी जवाब नहीं दे सके, गलत जवाब दिया।

डोटासरा ने कहा कि विधायक ने फर्जी आंकड़े देने की बात कही तो उनके आरोपों को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया। मंत्री अविनाश गहलोत देश की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के लिए "आपकी दादी" कह रहे हैं, उनके शब्द को कार्यवाही से नहीं निकाला। यह सदन चलाने वाले लक्षण नहीं है। इस तरह नहीं चलेगा।

उधर मीडिया से बातचीत करते हुए संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जब-जब सदन में आते हैं, तो हंगामा होता है, वो नेता प्रतिपक्ष को पचा नहीं पा रहे हैं। आज प्रश्नकाल के दौरान सब ठीक चल रहा था, मंत्री अविनाश गहलोत ने आपकी दादी शब्द इस्तेमाल किया था, यह असंसदीय नहीं है। सत्ता पक्ष ने एक राय होकर फैसला किया। डोटासरा और कांग्रेस विधायक स्पीकर की डायस तक पहुंच गए थे।

जब स्पीकर ने उन्हें बुलाया था तो वे उग्र और आक्रामक होकर आए, इसलिए उनके खिलाफ एक्शन लेना पड़ा। सदन में धरना देना उनका अधिकार है, लेकिन फिर भी मैं खुले मन से बातचीत को तैयार हूं और मैं खुद बातचीत करने के लिए जाऊंगा। कांग्रेस के विधायकों को अपने कृत्य के लिए खेद भी जताना पड़ेगा।

## 'दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ से जुड़े सभी वीडियो - फोटो हटा दें'

नईदिल्ली, 21 फरवरी। रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को पत्र लिखा है। इस पत्र में रेल मंत्रालय ने एक्स से 15 फरवरी को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से

- रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को चिट्ठी लिखी।

जुड़े सभी वीडियो और फोटो को अपने प्लेटफॉर्म से हटाने के लिए कहा है। इसके पीछे मंत्रालय ने एथिकल नॉर्म्स का हवाला दिया है। रेलवे ने पत्र में एथिकल नॉर्म्स और आईटी पॉलिसी का हवाला देते हुए एक्स से ऐसे वीडियो हटाने को कहा है, जिनमें डेड बॉडी और बेहोश यात्री दिख रहे हैं। मंत्रालय ने 36 घंटे के भीतर एक्स से करीब 250 ऐसे वीडियो हटाने के लिए कहा है। हालांकि, एक्स की ओर से अभी तक रेलवे मंत्रालय के पत्र पर कोई जवाब नहीं दिया गया है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को उस वक्त भगदड़ मच गई थी, जब वहां महाकुंभ जाने वाले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संक्षिप्त

### कलश यात्रा निकाली

**निवाई।** श्रीरामपुरा में माताजी के मंदिर में सवामणी के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का सेलाब उमड़ पड़ा। कमलेश बैंसला ने बताया कि माताजी के मंदिर में सवामणी के आयोजन पर 101 कलशों के साथ धूमधाम से डीजे भजनों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए माताजी के मंदिर पहुंची जहां विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोचारके साथ कलश स्थापितकिए गए। मंत्रोचारण से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर रामफूल बैसला, राजाराम, रामलाल प्रजापत, हरिराम, हंसराज, शिवराज, बाबूलाल व लालु गुर्जर सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का हुआ समापन

**मालपुरा।** तकनिकी स्थानान्तरण एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा उन्नत भेड,बकरी व खरगोश पालन को लेकर केन्द्रीय भेंड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर मे आयोजित पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ, 17 से 21 फरवरी तक आयोजित प्रशिक्षण मे 34 किसानो ने भाग लिया। अविकानगर संस्थान के वैज्ञानिको ने प्रशिक्षणर्थियो को प्रजनन,प्रजनन,पशु पोषण,कृत्रिम गर्भाधान,ऊन उत्पादन सहित नवीन तकनिको की जानकारी व्याख्यान व प्रायोगिक विधियो के माध्यम से कार्यक्रम मे किसानो को भेड,बकरी एवं खरगोश पालन की उन्नत तकनिको से अवगत करवाया गया। जिससे उनकी उत्पादन क्षमता व आर्थिक स्थिति मे सुधार हो सके।

### भंडारे का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कुजोता स्थित रघुनाथ गौशाला में शुक्रवार को जोबनेर ज्वाला माता एवं भैरू बाबा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रातरू 07.15 बजे महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद प्रातरू 10.15 बजे से मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। वहीं दोपहर 12.15 बजे से प्रसादी का वितरण किया गया।

### ज्ञापन सौंपा

**श्रीमाधोपुर।** अमेरीका द्वारा भारतीय नागरिकों के हाथ व पैरों मे बेढिया बांधकर उन्हें भारत भेजने जैसा अमानवीय व्यवहार कर भारत का अपमान करने एव इस मुद्दे पर भारत सरकार द्वारा मौन धारण करने के विरोध मे तथा अमेरीका मे रह रहे अन्य भारतीयो की सुरक्षा सुनिश्चित करने व इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर भारत सरकार द्वारा विशेष कदम उठाने की मांग को लेकर युवा कॉंग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विक्की बिवाल के नेतृत्व मे राष्ट्रपति के नाम लिखा ज्ञापन श्रीमाधोपुर के उपखंड अधिकारी को सौपा गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विक्की बिवाल, अरुण चौहान, हिमांशु ओसवाल, हितेश बागोरिया, चेतन चौहान, आर्यन बिवाल, इशू चौहान, अभिषेक चौहान व अभिषेक ओसवाल आदि उपस्थित थे।

### कथा का किया वर्णन

**सिरस।** गांव श्योसिंहपुरा में स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में संचालित नौ दिवसीय राम कथा में कथा वाचक बाल योगेश्वर दास महाराज अयोध्या वालों ने सती चरित्र व शिव विवाह की कथा का वर्णन किया। उन्होंने सती चरित्र के बाद राजा हिमाचल के घर पार्वती जन्म के बाद शिव पार्वती के विवाह से जुड़े सभी प्रसंग विस्तार से सुनाएं। इस दौरान विवाह के मंगलमय गीतों पर श्रद्धालु मंत्र मुक्त होकर नाचने लगे। कथा संपन्न होने पर आरती की बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया। राम कथा में श्रीराम जन्म की लीला सुनाई गई। इस मौके पर गोपाल जाट, हरिराम जाट, सत्यनारायण शर्मा व किशन जाट सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### विशाल कलश यात्रा के साथ कथा शुरू

**फुलेरा ।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के अधिनस्थ बड़ की ढाणी दयाल नगर स्थित शिवालय परिसर में श्री कृष्ण गोपाल गौशाला के तत्वाधान में नानी बाई रो मायरो की तीन दिवसीय कथा का आगाज हुआ। जानकारी के अनुसार इस दौरान प्रथम दिवस पर शुक्रवार को अखाड़ा बालाजी मन्दिर से शिवालय परिसर तक महिलाओं द्वारा गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान उक्त कलश यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया।

# आइडियल स्टेशन बने और आइडियल कचरा ट्रांसफर हो : कलेक्टर

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अम्बेडकर नगर स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन एवं बजट घोषणा में स्वीकृत हनुमान सर्किल से भूगोर तिराहे तक की टू लेन से फोर लेन बनने वाली सडक व हनुमान सर्किल के पास बस स्टैण्ड के लिए आरक्षित भूमि तथा अम्बेडकर नगर में कन्वेंशन सेंटर के लिए आरक्षित भूमि आदि का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने अम्बेडकर नगर में कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण कर उन्होंने निर्धारित मापदंड के अनुरूप कचरा ट्रांसफर स्टेशन तैयार करने पर नगर निगम की सराहना की। इस कचरा ट्रांसफर स्टेशन को न केवल आइडियल कचरा ट्रांसफर स्टेशन के रूप में विकसित करें, बल्कि इसका संचालन भी आइडियल कचरा ट्रांसफर स्टेशन के रूप में होवे।



अलवर अंबेडकर नगर कचरा स्टेशन का निरीक्षण कर जायजा लेते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला व अधिकारी।

उन्होंने वहां काम कर रहें श्रमिकों से बातचीत कर श्रमिकों के लिए विश्राम गृह बनाने, फस्ट एड की व्यवस्था करने तथा सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने वहाँ पौधेरोपण भी किया।

जिला कलेक्टर ने कचरा ट्रांसफर स्टेशन के आसपास के निवासियों से बातचीत की ओर फीडबैक लिया। जिस पर उन्होंने जिला प्रशासन व नगर निगम के द्वारा कचरा स्टेशन को सुन्दर स्वरूप देने तथा यहाँ कचरे के हो रहे उठाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले हाइवे के पास कचरा फैला रहता था अब बहुत व्यवस्थित है।

- अंबेडकर नगर में कचरा ट्रांसफर स्टेशन सहित बजट घोषणाओं में स्वीकृत कार्यों का कलेक्टर ने निरीक्षण कर आमजन से लिया सफाई व्यवस्था का फीडबैक

इसके उपरान्त जिला कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी की अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि बजट घोषणा का क्रियान्वयन का कार्य प्रारम्भ करें तथा इस सडक के साथ नाले निर्माण के प्रावधान जुडवाएं। उन्होंने बजट घोषणा में स्वीकृत हुए बस स्टैण्ड के लिए हनुमान सर्किल के पास यूआईटी द्वारा आरक्षित की गई भूमि का निरीक्षण कर यूआईटी सचिव को निर्देश दिये कि इस भूमि पर हुए अस्थाई व स्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई यथाशीघ्र करें।

इस दौरान यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरुका, यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, अधिशाषी अभियन्ता अशोक मदान, नगर निगम के अधिशाषी अभियन्ता खेमचंद, सहायक अभियन्ता दिनेश वर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### शिविर का आयोजन

**पावटा।** बजट घोषणा के तहत योग्यजनों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से ब्लॉकवार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त सहायता अनुदान योजनान्तर्गत, इन शिविरों में विशेष योग्यजनों को 20 हजार रुपए तक के कृत्रिम अंग और उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इसी के अंतर्गत शुक्रवार को पंचायत समिति विराटनगर में विराटनगर पंचायत समिति प्रधान बूंदी देवी की अध्यक्षता एवं विकास अधिकारी सुरेश कुमार बागोरिया के निर्देशन में विशेष योग्यजन चिन्हीकरण शिविर में चिन्हित किए गए योग्यजनों को 20 हजार रुपए तक के उपकरण वितरित किए गए। शिविर में 25 विशेष योग्यजनों को ट्राईसाइकिल एवं 6 नग वैशाखी वितरण की गई। वहीं 8 विशेष योग्यजनो का नया पंजीकरण किया गया। इस दौरान पीओ अशोक शर्मा, वरिष्ठ सहायक हरफूलचंद रावत, विक्रम सिंह, तेजपाल वर्मा, शिव कुमार शर्मा, देशराज गुर्जर ने शिविर में अपनी सेवाए प्रदान की।

# अंतर विभागीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**कोटपूतली।** अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को डिप्टी सीएमएचओ (प.क.) डॉ. जयभगवान यादव की अध्यक्षता में किया गया। राज्य स्तरीय प्रशिक्षक पंकज जंगम एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षक रविकांत जांगिड़ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। डिप्टी सीएमएचओ (प.क.) डॉ. जयभगवान यादव ने कहा कि अनीमिया मुक्त राजस्थान सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिसकी शुरूआत 29 जनवरी 2019 को की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले में कोई भी बच्चा, किशोर-किशोरी व गर्भवती महिला खून की कमी की बीमारी से ग्रस्त ना हो। राज्य स्तरीय प्रशिक्षक पंकज जंगम ने बताया कि बच्चों व गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोलियां वितरण करने के साथ-साथ शाला दर्पण एवं पीसीटीएस में समय अनुसार रिपोर्टिंग की जाये तथा अधिकारियों द्वारा समय-समय पर इसकी मॉनिटरिंग की जाये। माह में एक बार इसकी बैठक आवश्यक रूप से आयोजित की जायेगी।

उन्होंने कहा कि 06 माह से 59 माह के छोटे बच्चों को आईएफए की सिरप आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दी जायेगी। इसी तरह 6 से 9 वर्ष तक के विद्यालय जाने वाले बच्चों को विद्यालय में तथा विद्यालय ना जाने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गुलाबी गोली दी जायेगी। 10 से 19 वर्ष तक के विद्यालय जाने वाले बच्चों को विद्यालय में तथा विद्यालय ना जाने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नीली गोली दी जायेगी। जिला स्तरीय प्रशिक्षक रविकांत जांगिड़ ने कहा कि जिले को अनीमिया मुक्त करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कार्यक्रम के बारे में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। इसके लिये चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग को मिलकर कार्य करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग उपनिदेशक सतपाल यादव ने बताया कि आयरन सिरप 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जायेगी। साथ ही गर्भवती व धात्री महिलाओं को अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान से लाभान्वित किया जायेगा।

समस्त कार्यो की रिपोर्टिंग भी समय पर संबंधित सॉफ्टवेयर पर की जायेगी। इस दौरान बीसीएमओ, बीपीओ, बीएनओ, शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी व सीएमएचओ स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

### ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा।** जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के मालपुरा केकडी सडक मार्ग पर स्थित सीतारामजी की बगीची व विजयवर्गीय समाज के रामद्वारे के पास मार्ग मे अथवा आसपास मांस विक्रेताओं द्वारा मांस के अपशिष्ट डालने के विरोध मे लोगो ने एसडीएम अमित चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

संत अनिल दास महाराज की अगुवाही मे विजयवर्गीय समाज अध्यक्ष हनुमान प्रसाद विजय, रामस्वरूप बोरा, एडवोकेट रामअवतार शर्मा सहित गणमान्य लोगो ने एसडीएम को अवगत करवाया कि सीताराम जी बगीची व रामद्वारे मे रोजाना बडी संख्या मे श्रद्धालूओं का आना-जाना रहता है। ऐसे मे मांस विक्रेताओं द्वारा मांस के अपशिष्ट सडक पर डालने से सनातन धर्म के लोगो को काफि परेशानी का सामना करना पडता है साथ ही धार्मिक स्थल के पास वातावरण भी दूषित हो रहा है। इतना ही नही इन अपशिष्टो के चलते आम नागरिक का भी गुजरना मुश्किल हो गया। लोगो ने मांस विक्रेताओं को पाबंद करने की मांग की।

# शांतिनाथ भवन का गाजे बाजे के साथ शिलान्यास

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन बिचला मंदिर प्रांगण पर शांतिनाथ भवन का शिलान्यास किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य शिलान्यास करने का सौभाग्य समाजसेवी हेमचंद, विनोद कुमार, पवन कुमार, हर्षितकुमार संघी को मिला।

- शिलान्यास के दौरान पंडित सुरेशकुमार शास्त्री द्वारा मंत्रोचार के साथ शिला पट्टिका रखवाई गई

इस दौरान समारोह का मंगलाचरण खुश्बू संघी, संगीता संघी, सपना संघी एवं शिल्पा संघी ने किया। कार्यक्रम में पूज्य उपाध्याय विकसंतसागर महाराज संघ एवं मुनि समत्वसागर महाराज संघ एवं मुनि साक्ष्यसागर महाराज एवं आर्यिका श्रुतमति, सुबोधमति माताजी एवं आर्यिका विज्ञाश्री माताजी एवं




शांतिनाथ भवन के शिलान्यास समारोह में संबोधित करते हुए संत।

विशेषमति माताजी संघ के सानिध्य में प्रवचन सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजक विमल पाटनी एवं राकेश संघी ने बताया कि शिलान्यास के दौरान पंडित सुरेशकुमार शास्त्री द्वारा मंत्रोचार के साथ शिला पट्टिका रखवाई गई तत्पश्चात तांबे के यंत्र पर लिखित प्रशस्ति पर सभी जैन साधुओं का नाम भी अंकित किया गया जिस पर शुद्ध केसर, लोंग, हल्दी, सुपारी व पीली सरसों से मंत्रोंचार द्वारा शुद्ध करके रखवाया गया।

इसके बाद स्वर्ण ईंट व रजत ईंट भी स्थापित की गई। कार्यक्रम पश्चात सभी 23 जैन संतों की श्रद्धालुओं द्वारा आहार चर्या करवाई गई।

समारोह में सरावगी समाज के अध्यक्ष शिखरचंद काला, मंदिर कमेटी के हेमचंद संघी, अग्रवाल समाज अध्यक्ष विष्णु बोहरा, समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराणा, चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा, हितेश छाबडा, पदमचंद जौंला, राजकुमार संघी, अमित कटारिया, रमेश संघी, त्रिलोक रजवास, पुनीत संघी, पदम टोंग्या, मुकेश संघी, नवरत्न टोंग्या, दिनेश संघी, त्रिलोक पांडया व महेन्द्र सघी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बिना नाली निर्माण के ही बनी सड़क, जमा हो रहा गंदा पानी

**पावटा।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा क्षेत्र के पावटा कस्बे के वार्ड नंबर 14 राजस्थान स्कूल के पीछे रहने वाले नागरिक नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। बिना नाली निर्माण के सड़कों पर बहते गंदे पानी से वार्डवासी प रेशान हैं। दरअसल वार्ड के अंदर बिना नाली निर्माण के घरों के निस्तार का गंदा पानी की निकासी की समस्या यहां बनी हुई है। वार्ड के लोग लंबे समय से यहां नाली निर्माण कार्य की मांग करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने इसकी शिकायत लिखित व मौखिक तौर पर जिम्मेदारों से कई बार की हैं लेकिन अभी तक नतीजा कुछ भी नहीं हुआ। जबकि सरकार बदली, जनप्रतिनिधि बदले लेकिन समस्या जस के तस हैं। रात में लोग यहां गिरकर चोटिल हो जातें हैं । वार्ड के रहवासी नीरज सैन ने कहा कि स्थानीय प्रशासन यहां पानी के निकासी की व्यवस्था कराएं। कब तक वार्ड के लोग नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर होंगे। हम लोगों को मूलभूत सुविधा मिलना चाहिए।

पानी निकासी का इंतजाम नहीं होने के कारण घरों से निकलने वाला पूरा पानी सड़क पर आ जाता हैं। उसी गंदे पानी से होकर आना जाना करना पड़ता हैं। साफ सफाई के अभाव में नाली कचरे से पटी पड़ी हैं। बारिश के पानी की निकासी का प्रबंध नहीं होने से बारिश के दिनों में लोगों के घरों के आगे जलभराव की समस्या बन जाती हैं। वार्डवासी प्रकाश सिंघल ने बताया कि उसके घर के सामने गंदगी का अंबार लगा रहता हैं। बदबू के कारण घर में रहना मुश्किल हो गया हैं। इसी तरह खाली पड़े जमीन के साथ पूरे वार्ड में साफ.-सफाई के अभाव में जगह जगह गंदगी फैली पड़ी हैं। इसके चलते मच्छर बढ़ते जा रहे हैं,जिससे बीमारी होने का खतरा बढ़ता जा रहा हैं।

बताया गया कि मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए प्रतिदिन ग्रामीणों के अलावा स्थानीय लोग पैदल चलकर कस्बा के बाजार तक पहुंचते हैं क्योंकि यहां से मुख्य मार्ग तक पहुंचना आसान हैं और दूरी भी कम हैं लेकिन जबसे वार्ड के अंदर गंदगी ने अपना पैर जमाया हैं तब से आमजन इस क्षेत्र से होकर गुजरना बंद कर दिए है। समस्या जस की तस बनी हुई है।पूरे वार्ड में यदि कोई परेशान हैं तो वो मेरा परिवार। मुख्य द्वार के पास गंदा पानी जमा रहता हैं। हम लोग वही से आना जाना करतें हैं । वीरेंद्र बंसल ने बताया कि बाजार पहुंचने से पहले हमें बदबूदार गंदगी भरे पानी से होकर गुजरना पड़ता हैं। वार्ड में गंदगी फैली हुई हैं कोई देखने वाला नहीं हैं।

### पूर्व विधायक शर्मा का आभार जताया

**चौमूं / कालाडेरा ।** राजस्थान बजट 2025-26 के तहत ग्राम हस्तेड़ा की पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने की घोषणा पर आज ग्राम वासियों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर आभार व्यक्त किया। ग्रामवासियों द्वारा हस्तेडा पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत कराने के लिए पूर्व विधायक शर्मा से माँग की थी, ग्रामवासियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए पूर्व विधायक शर्मा ने बजट वर्ष 2025-26 में हस्तेडा को सीएचसी में क्रमोन्नत करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी को पत्र लिखा था । मिठाई खिलाकर ख़ुशी ज़ाहिर की। इस मौक़े पर पूर्व प्रधान महेश मीणा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा , प्रभुदयाल कुमावत, शक्ति केंद्र संयोजक सत्यनारायण कुमावत, बाबूलाल जोशी, पूर्व उपसरपंच मुकेश महर्षि, किसान मोर्चा अध्यक्ष अमर चन्द निठारवाल, पूर्व उपसरपंच मुरलीधर नील, हरि छीपा , मदन यादव, बूथ अध्यक्ष सुरेश चंद यादव, अशोक बिहारीका, सुबोध मिश्रा, गोविंद व्यास, लक्ष्मीनारायण कुमावत, शिम्भू मोयल, राधेश्याम सेन, गजानंद सहित कई ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अवैध कैफे व होटल संचालकों के विरूद्ध वकीलों ने ज्ञापन सौंपा

**टोंक।** जिले में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे कैफे, होटल पर हो रही अनैतिक गतिविधियों और आपराधिक घटनाओं को रोकने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर वकीलों ने प्रदर्शन किया। बाद में अति. जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक टोंक को ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर एडवोकेट सीपी श्रीवास्तव, विजय बहादुर, हिम्मत सिंह शक्तावत, प्रतीक माथुर, विनोद गुप्ता, शैलेंद्र गर्ग, निखिल गुप्ता, ललित जग्रवाल, नरेंद्र आदि अधिवक्ताओं ने दिए ज्ञापन के जरिए बताया कि टोंक जिले में सैंकड़ौ अवैध रूप से कैफे व होटल संचालित हैं, जो कि बिना किसी लाईसेन्स के संचालित हो रहे हैं। वहां पर नशा व अन्य अनैतिक गतिविधियां खुलेआम हो रही हैं। जिसकी शिकायत के बावजूद कोई ध्यान नहीं देने से कैफे व होटलों में आपराधिक किस्म के लोग इनके संचालकों से मिलकर देह शोषण व



वकीलों ने प्रदर्शन कर अति. जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया।

नशे की सप्लाई सहित, असामाजिक व अनैतिक अपराधों को अन्जाम दे रहे हैं। साथ ही वहां अबोध बालकों को अपराधी बनाने की गतिविधियों संचालित हो रही हैं।

अधिवक्ताओं ने बताया कि हाल ही में नाबालिक बालिका के साथ कैफे व होटलों में गैंगरेप व पैसा वसूली जैसे घिनोने अपराध करना सामने आया है। इस कारण समाज व बच्चो में भय हैं। इसका समाज पर विपरित असर हो रहा है। वकीलों ने अतिरिक्त कलेक्टर व एसपी से कहा है कि ऐसी घटनाओं की पुर्नरावृत्ति नहीं हो, इसके लिऐ जिले में संचालित अवैध कैफे व होटलों को बंद करना जरुरी है क्योंकि इन कैफे व होटलों में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं हैं और ना ही इनके द्वारा आईडी-प्रूफ लिया जाता हैं।

## गौशाला में एक माह तक गाजर, लौकी आदि सब्जियाँ भेंट

**श्रीमाधोपुर ।** गतवर्ष की भाँति इस वर्ष भी कस्बे के वरिष्ठ शिक्षाविद स्व. बद्रीनारायण शर्मा के दिल्ली प्रवासी पुत्र कैलाश चन्द्र शर्मा, (चमची वाले) अध्यक्ष ग्लोबल फिलोसोफी ट्रस्ट नई दिल्ली के सौजन्य से प्रारम्भ किए गए ।श्रीकृष्ण गौशाला श्रीमाधोपुर की गौमाताओं को प्रतिदिन उत्तमोत्तम दो क्विंटल मीठा दलिया देने का एक माह का पुण्यकार्य सफलतापूर्वक 21 फरवरी को पूर्ण हुआ। अगले एक माह तक अर्थात, 22 मार्च 25 तक प्रतिदिन 7-8 क्विंटल स्वास्थ्यवर्धक सब्जियाँ श्रीमाधोपुर की श्री कृष्णा गौशाला की गौमाताओं को खिलाने हेतु भेजने का पुण्य कार्य का शुभारम्भ भी हो गया है। गौशाला की गौमाताओं को प्रतिदिन गंगाजल अर्पित करने का पुण्यकार्य भी 14 जनवरी 25 से अनवरत रूप से निर्विघ्नतः सम्पन्न हो रहा है।कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा अपने स्व. पिता बद्रीनारायण शर्मा चमचीवाले की पुण्यस्मृति में पितृपूजा - परिसर का कार्य भी पूर्ण करवा कर ब्राह्मण श्मशान भूमि श्रीमाधोपुर में लोकार्पित कर दिया गया है।

## सार-समाचार

### तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के ग्रामीणों ने शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्य नेमीचन्द कुमावत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम तहसीलदार फुलेरा कृष्णा शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से पंचायत समिति सदस्य नेमीचन्द कुमावत ने बताया कि एल सी 249 आर ओ बी के समानान्तर पाथ वे बनवाने का आग्रह किया है। इसी में आगे बताया कि आर ओ बी का निर्माण कार्य प्रगति पर है। गार्डर लाचीन के दौरान ब्लॉक के समय व पुलिया निर्मित होने के उपरान्त काचरोदा पंचायत की आधी आबादी जो कि श्याम नगर में निवास करती है। उनके सामने शमशान भूमि शवयात्रा, ग्राम सेवा समिति, सहकारी स्कूल के छात्र-छात्राओ और पंचायत मुख्यालय में आने जाने में बहुत समास्याओं का सामना करना पड़ेगा। वर्तमान में इन सभी मुख्यालयों कि दूरी मात्र सौ मीटर है। लेकिन आरओबी बनने के बाद ग्राम वासियों को तीन से चार किलोमीटर के दूरी तय करके आनी पड़ेगी। इसके चलते ग्रामीणों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए ज्ञापन के माध्यम से उक्त निर्माणधीन आर ओ बी के समानान्तर पाथ वे बनवाने का आग्रह किया है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि महेश नेमीवाल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरीश बड़ीवाल, छत्रपाल कुमावत, गोरधन कुमावत, संतप्रकाश मान्दावत, देवीलाल नराणिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### डी. एल. बी. के आदेश को भी पालिका ने किया दरकिनार

**सांभरझील,** (निसं)। कार्य में पारदर्शिता और स्पष्टता के साथ कार्य करने हेतु भले ही सरकार कितने भी आदेश जारी कर दें, लेकिन इसकी निचले स्तर के अधिकारी पालन नहीं कर आदेश को ही चुनौती दे रहे हैं। अधिनस्थ अधिकारियों को सरकार के आदेश की परवाह है और न ही विभाग के उच्च अधिकारियों का कोई खौफ। स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान के निदेशक एवं पदेन सचिव की हैसियत से दीपक नंदी ने 14 दिसंबर 2020 को एक आदेश जारी नगरपालिकाओं आदेश देते हुए लिखा था कि "प्रायः देखा गया है कि राज्य के नगरीय निकायों से निदेशालय में प्रेषित पत्रावलियों से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुत की गई टिप्पणी/ नोट/ प्रमाणिकरण/पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों पर केवल हस्ताक्षर अंकित होते है, पूरा नाम, पदनाम व दिनांक अंकित नहीं होते है, जो कि राजकीय कत्तव्यों के निर्वहन के प्रति उदासीनता प्रकट करता है एवं राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र प्रसु/अनु.-1/2012 दिनांक 27.06.2019 एवं समसंख्यक परिपत्र दिनांक 30.03.2012, 21.02.2013, 24.05.2013 एवं 18.03.2016 की अवहेलना की श्रेणी में आता है"। इसलिए उपरोक्त तथ्यों के परीपेक्ष में एतत्द्वारा राज्य के नगरीय निकायों को निर्देशित किया जाता है, कि भविष्य में निदेशालय व अन्य विभागों को पत्राचार करते समय की गई टिप्पणी/नोट/प्रमाणिकरण/पत्रों व अन्य दस्तावेजों पर पूरा नाम, पदनाम व दिनांक अवश्य रूप से अंकित किये जाने की सुनिश्चितता की जाए।

### बाल लीलाओं का वर्णन किया

**देवली।** यहां शुक्रवार को पटेल नगर में स्थित शिवालय मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस की कथा में परम पूज्य गुरुदेव कृष्ण बिहारी जी महाराज ने कृष्ण जन्म तथा उनके बाल लीलाओं का वर्णन किया। शुक्रवार को प्रातः 12:30 बजे से लेकर 5:00 बजे तक यह कार्यक्रम चला रहा इस अवसर पर कृष्ण जन्मोत्सव कथा बाल लीलाओं का सुंदर झांकियो के साथ भगवान कृष्ण भगवान के अनेक अनेक रूपो को गुणगान किया। इस मौके पर बाल कृष्ण की लीलाएं वह अठखेलियां भी करवाई गई। जिसे देख पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावुक होते और माखन चोर को बीच में खड़ा करके महिलाएं नृत्य करने लगी। शुक्रवार की कथा में गोवर्धन लीला में 56 भोग का प्रसाद गोवद्धर्न जी को लगाया । बिहारी जी ने कहा खुद वह बदलाव बने जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं आप उसके किरदार बने खुद बदलेंगे तो दुनिया बदलेगी। महान कार्य का एक तरीका यह है कि आप अपने कार्य से प्रेम करें। आपके इरादे नेक है तो किस्मत कभी बुरी नहीं होगी।

### निःशुल्क दिव्यांग शिविर 24 को

**निवाई।** श्री महावीरप्रसाद जैन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट निवाई के तत्वावधान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय निरूशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन अग्रवाल सेवा सदन में किया जाएगा। पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्रकुमार चंवरिया ने बताया कि पूर्व मुख्य सचेतक स्व. महावीरप्रसाद जैन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 24 से 26 फरवरी तक सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर का शुभारंभ एवं विनयांजली सभा 24 फरवरी को सुबह 10 बजे अग्रवाल सेवा सदन झिलाय रोड पर होगी। उन्होंने बताया कि निशुल्क शिविर में केलिपर्स, कृत्रिम हाथ व पैर, बैसाखियां, सुनने की मशीन, सामान्य ट्राई साइकिल, वॉकर्स व छड़ी सहित अन्य उपयोगी सामग्री निःशुल्क प्रदान की जाएगी। पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र जैन ने बताया कि रोगियों का रजिस्ट्रेशन शिविर स्थल पर ही होगा।

### किसान रजिस्ट्री प्री-कैंप आयोजित

**शाहपुरा।** एग्री स्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बिदारा ग्राम के अटल सेवा केन्द्र परिसर में किसान रजिस्ट्री प्री-कैम्प व पाक्षिक बैठक आयोजित की गई। ग्राम विकास अधिकारी महेश कुमार बालोटिया ने बताया कि किसान रजिस्ट्री शिविर में आधार ई-केवाईसी, भूमि सत्यापन और प्रिंट जारी किए गए। अब किसानों को अलग-अलग दस्तावेज लगाने की जरूरत नहीं होगी। फार्मर आईडी से कृषि विभाग के अनुदान, फसल बीमा, केसीसी, किसान सम्मान निधि, पंचायती राज और राजस्व विभाग की योजनाओं का लाभ मिलेगा। आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक होना जरूरी है। इस दौरान सरपंच मुरलीधर यादव, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर, ईमित्र संचालक देवेन्द्र कुमार वर्मा, जितेन्द्र व्यास, हंसराज शर्मा, कालुराम यादव, कमली देवी, कैलाश व्यास सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नवभारत साक्षरता कार्यक्रम हुआ

**पीपलू।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राउमावि पीपलू में क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला हुई। क्लस्टर प्रभारी कज़ोड़मल बैरवा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। ब्लॉक समन्वयक साक्षरता व सतत शिक्षा हनुमानप्रसाद यादव ने बताया कि कार्यशाला में पीपलू, नाथड़ी, झिराना, लोहरवाड़ा, संदेडा, कुरेडी, प्यावड़ी व काशीपुरा ग्राम पंचायतों के साक्षरता प्रभारी, सर्वेयर और वॉलंटियर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। उल्लास कार्यक्रम में वीटी और सर्वेयर को साइबर क्राइम, ओटीपी, डिजिटल अरेस्ट, कानूनी और वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई। दक्ष प्रशिक्षक दया शंकर शर्मा व दिनेशकुमार सुनार ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

### कार्यकारणी का गठन

**निवाई।** ग्राम पंचायत में डांगरथल में समाज सुधारक नीति योजना के तहत रैगर समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकरणी में अध्यक्ष के पद पर नाथूलाल रैगर, उपाध्यक्ष के पद पर संदीप वर्मा को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार सचिव के पद पर जगदीश नंगलिया एवं कोषाध्यक्ष के पद पर शिवजीलाल जौलिया को मनोनीत किया है। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी का समाज के पदाधिकारी द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष संदीप वर्मा ने बताया कि बैठक में नुक्ता प्रथा व दहेज प्रथा सहित सभी को कुप्रथाओं को बंद करने का निर्णय लिया गया।

### अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त

**टोंक।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान निर्देशन में जिले में अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम के तहत अरविन्द कुमार वृताधिकारी पीपलू एवं बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्र सिंह द्वारा गठित टीम ने दौराने गश्त ग्राम हथोना रोड से देवअरनिया रोड पर अवैध बजरी से भरे हुये तीन ट्रेक्टर-ट्रोली अवैध बजरी भरी हुई को जब्त किया। ट्रेक्टरों के चालक व मालिकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### किसान महापंचायत की बैठक आज

**निवाई।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक आयोजित होगी। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को सुबह 11 बजे कृषि उपज मंडी टोंक में किसान महापंचायत की बैठक आयोजित होगी जिसमें सरकार से सरसों के दाम 6 हजार रुपए से कम ना हो और किसानों को फसल का पूरा दाम मिले सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में टोंक जिला कार्यकारिणी का भी विस्तार किया जाएगा।

# वैभव ओझा फायरिंग मामले में मुख्य आरोपी सहित चार गिरफ्तार

## 24 जनवरी को राम नगर विस्तार में वैभव ओझा और उसके दोस्त मुकुंद कुमावत के ऊपर नांगल जैसा बोहरा में चाय की थड़ी पर फायरिंग करने के मामला

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 जनवरी को राम नगर विस्तार में वैभव ओझा और उसके दोस्त मुकुंद कुमावत के ऊपर नांगल जैसा बोहरा में चाय की थड़ी पर फायरिंग करने के मामले में हत्या के प्रयास की वारदात में मुख्य आरोपी व वारदात में शामिल शेष अन्य तीन आरोपियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार आई.पी.एस. ने बताया कि राम नगर विस्तार में वैभव ओझा और उसके दोस्त मुकुंद कुमावत के ऊपर नांगल जैसा बोहरा में चाय की थड़ी पर एक स्विफ्ट कार में हनी बिहारी व दीपक जाट और उनके साथियों द्वारा गोली मार कर हत्या का प्रयास किया गया था। जिनका पीछा करने के दौरान अनजान घर में भी घुसे और वहाँ भी फायरिंग की। जिससे घर के निवासी सुनील ढाका को भी गोली लगी। जिससे की सभी को घायल अवस्था में अस्पताल भर्ती करवाया गया है। वहीं घटना की गंभीरता को देखते अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जयपुर पश्चिम आलोक सिंघल के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

गठित टीम ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए मुख्य सूत्रधार पुलिस थाना कालवाड के हिस्ट्रीशीटर राकेश भीणा एवं वारदात में प्रयूक्त वाहन स्विफ्ट कार के मालिक शक्ति सैनी और वारदात स्थल की रैकी कर अपराधियों को सूचना देने वाले वंश जोगी सहित तीन आरोपियों को दिनांक 26 जनवरी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था और वहीं इस मामले में मुख्य आरोपी नागेन्द्र उर्फ हनी व अन्य घटना कारित करने के बाद से फरार चल रहे थे। जिनकी धर पकड टीमें बनाकर वांछित आरोपितों के ठिकानों पर दबिश दी गई। जिस पर पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी नागेन्द्र उर्फ हनी निवासी पीलीगंज पटना बिहार को लखनऊ से दस्तयाब किया गया। इसके अलावा अन्य शेष आरोपित नरेन्द्र सिंह, दीपक चौधरी, करण पारीक की तलाश के लिए कई राज्यो में दबिश देते हुए नरेन्द्र सिंह चौहान भोपालगढ थाना भोपालगढ़ जिला जोधपुर हाल करधनी जयपुर,दीपक चौधरी निवासी हरमाडा जयपुर और करण पारीक निवासी हरमाडा को भी पूछताछ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के चंगुल से भागने के क्रम में तीनों के पैर चोटिल हुए।

## महिला से बाइक सवारों ने छीना मोबाइल

**जयपुर।** रामनगरिया थाना इलाके में स्कूटी सवार महिला के हाथ पर झपट्टा मार कर बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार आशादीप ग्रीन एवेन्यू निवासी गणेशराम गोदारा ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी बच्चों को कोचिंग के लिए छोड़ने लोट्स विला जगतपुरा के पास गई थी। लोट्स विला के पास बाइक सवार दो बदमाश आए और उसकी पत्नी के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गए। पीडिता ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। पीडिता ने घर पहुंच कर पति को सारी घटना बताई।

# नारायणा हैल्थ ने विस्तार किया

**जयपुर।** नारायणा हैल्थ ने कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में एक बहुत बड़ा अस्पताल बनाने का काम शुरू किया है। इस अस्पताल का नाम होगा नारायणा हैल्थ सिटी। यह नारायणा हैल्थ का अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है।

कई तरह की विशेषज्ञताओं से लैस यह आधुनिकतम सुविधा निर्माण के बाद पूर्वी भारत का सबसे बड़ा निजी अस्पताल बनेगा। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य रक्षा का बुनियादी ढांचा काफी बेहतर हो जाएगा। 10 लाख वर्गफीट की इस नई सुविधा में विभिन्न विशेषज्ञताओं के कई सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस जैसे कि ऑन्कोलॉजी, कार्डियक साइंसेस, ऑर्गन ट्रांसप्लांट्स, ऑर्थोपेडिक्स एण्ड एडवांस्ड ट्रॉमा केयर, न्यूरोलॉजी, गेस्ट्रोएंटेरोलॉजी, रीनल साइंसेस और क्रिटिकल केयर होंगे।

सभी तरह की मेडिकल सुविधाएं एक ही जगह मिल सकें, इसके लिए कोलकाता के न्यू टाउन में बनने वाले नारायणा हैल्थ सिटी में आधुनिक सुविधाओं और नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। निर्माण के बाद न्यू टाउन की नारायणा हैल्थ सिटी 1100 बेड का एक प्रमुख परिसर बन जाएगा। इस रणनीतिक विस्तार से नारायणा हैल्थ की कुल क्षमता 7350 बेड्स हो जाएगी।

नारायणा हैल्थ उच्च-गुणवत्ता की स्वास्थ्यरक्षा के लिए जाना जाता है। भारत के दिल्ली एनसीआर, जयपुर और कटरा में भी उसकी सेवाएं उपलब्ध हैं।कोलकाता में इसके पाँचवे अस्पताल की नींव रखी गई है और इसका निर्माण चरणबद्ध तरीके से होगा।

नारायणा हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ डॉ. इमैनुएल रुपर्ट ने इस सुविधा की कायाकल्प कर सकने वाली क्षमता पर जोर देते हुए कहा, कोलकाता के न्यू टाउन में निर्माण पूरा होने के बाद नारायणा हैल्थ सिटी पूर्वी भारत की सबसे बड़ी अस्पताल सुविधा होगी, जो इलाज के तरीके को बदल देगी। इसमें सारे सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और विश्व-स्तरीय विशेषज्ञता एक ही छत के नीचे होगी। इस इकाई के साथ नारायणा हेल्थ ने पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े निजी स्वास्थ्यरक्षा प्रदाता के तौर पर अपनी स्थिति को मजबूत किया है।

## सार-समाचार

### समृद्ध राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट : आमेरा



**जयपुर।** ऑल राजस्थान कोआपरेटिव बैंक एम्प्लाईज यूनियन व ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के महासचिव, सहकारी साख समितिया एम्प्लाईज यूनियन के अध्यक्ष राज्य के सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप-मुख्यमंत्री वित्त मंत्री दिया कुमारी व सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक को राज्य की कृषि ,किसान,सहकारिता, स्वास्थ्य, पर्यटन, युवा कल्याण, आधार भूँत ढाँचे, परिवहन, उद्योग सहित सभी क्षेत्रों के विकास व कर्मचारी कल्याण के विकास की घोषणाओ के बजट का स्वागत करते हुए बधाई दी है। बजट समृद्ध राजस्थान की परिकल्पना को साकार बनाने वाला विकासनमुखी का बजट है।आमेरा ने प्रदेश के सहकारी बैंक कर्मियों के लंबित समर्पित अवकाश व उपार्जित अवकाश भुगतान की घोषणा, पहली बार 35 लाख किसानों को 25000करोड़ का ब्याज मुक्त फ़सली ऋण घोषणा, 768 करोड़ का सहकारी ब्याज अनुदान घोषणा, 2.50 लाख गोपालक परिवार को सहकारी गो पालन ब्याज मुक्त ऋण घोषणा, भूमि विकास बैंकों के 400करोड़ दीर्घक़ालीन ऋण पर 5 फीसदी ब्याज अनुदान की घोषणा का स्वागत करते हुए बजट को किसान कृषि सहकारिता को मज़बूती प्रदान करने वाला बजट बताया है।

### दिया कुमारी ने सभी वर्गों को कुछ न कुछ दिया : सुधीर भंसाली



**जयपुर।** भारतीय सीए संस्थान के केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद के पूर्व अध्यक्ष सीए सुधीर भंसाली ने कहा कि वित्त मंत्री दीया कुमारी ने राज्य बजट में सभी वर्गों को कुछ ना कुछ दिया है।उन्होंने कहा कि व्यापारियों को वेट एमनेस्टी 2025 मे निर्धारित रुपए 50 लाख तक डिमांड माफ होगी और निरस्त खनन लीज की भी एमनेस्टी स्कीम लाई गई है जिससे पुराने कानूनी मामले खत्म होंगे भंडारण को उद्योग का दर्जा दिया जाना सराहनीय कदम हॉल वेट के कुछ प्रावधानों को गैर अपराधीकरण के लिए प्रस्ताव अच्छा है रिप्स 2024 मे एमएस एम ई की नई परिभाषा से फायदा मिलेगा। कर संबंधी प्रकरण वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई और दस्तावेज जमा करना और जांच की सुविधा भी फायदे वाला और समय बचाने वाला होगा।

### दिलावर आज बागेश्वर धाम जाएंगे

**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर 21 फरवरी रात से 22 फरवरी तक मध्य प्रदेश के प्रवास पर रहेंगे। दिलावर मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित श्री बागेश्वर धाम में आयोजित कन्या विवाह महोत्सव में शामिल होंगे। दिलावर 21 फरवरी को श्री बागेश्वर धाम जिला छतरपुर, मध्यप्रदेश के लिए रवाना होंगे तथा 22 फरवरी को बागेश्वर धाम में आयोजित कन्या विवाह महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंत्री इसी दिन 22 फरवरी को देर शाम बागेश्वर धाम जिला छतरपुर,मध्यप्रदेश से रवाना होकर जोधपुर पहुंचेंगे। 23 फरवरी को रात्रि जोधपुर से रवाना होकर जयपुर पहुंचेंगे।

### बस में सवार महिला का जेवरात से भरा पर्स पार

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में बस में सवार महिला का किसी ने पर्स पार कर लिया। पर्स में नगदी और जेवरात रखे थे। पुलिस के अनुसार गंगासागर बजरी मंडी रोड निवासी सरिता भाटी ने मामला दर्ज करवाया कि वह बस में सवार होकर घर जा रही थी। इसी दौरान किसी ने 22 गोदाम सर्किल के पास बस में उसका पर्स पार कर लिया। पर्स में सोने की कनौती, मंगलसूत्र, चश्मा और 8000 रुपए रखे थे। घटना का पता लगने पर पीड़िता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नोडल शाखा से समन्वय स्थापित कर कार्य करें : जोरवाल

**जयपुर।** राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद अनुपमा जोरवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा संकुल के सभागार में आरईआई पार्टनर-एनजीओ की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विगत छह महीनों में जिलों में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एनजीओ पार्टनर्स ने बालिका शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, डिजिटल एजुकेशन, सीखने के स्तर में सुधार, एवं शिक्षकों के उन्मुखीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर आयुक्त जोरवाल ने शिक्षा की पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए राजकीय विद्यालयों में ड्रॉपआउट दर कम करने हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आरईआई पार्टनर-एनजीओ को कार्य से पूर्व आगामी कार्य योजनाएं नोडल शाखा अधिकारियों को प्रस्तुत कर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने तथा एमओयू के तहत लंबित कार्यों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित। बैठक में आरईआई शाखा उपायुक्त निहारिका शर्मा, उपायुक्त, एडी, डीडी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और एनजीओ पार्टनर्स उपस्थित रहे।

### जे.के.के. में होगा तीन नाटकों का मंचन

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की पाक्षिक नाट्यय योजना के अंतर्गत 26 से 28 फरवरी तक तीन नाटकों का मंचन किया जाएगा। सभी नाटक जेकेके के रंगायन सभागार में सायं 7 बजे प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 26 फरवरी को हरिशंकर परसाई द्वारा लिखित नाटक हैलो मिस्टर परसाई से होगी। नाटक का निर्माण सुरेश आचार्य ने किया है। 27 फरवरी को अखिलेश नारायण निर्देशित नाटक कोर्ट मार्शल खेला जाएगा जिसे स्वदेश दीपक ने लिखा है। 28 फरवरी को नाटक पुरुष प्रस्तुत किया जाएगा। जयवंत दलवी द्वारा लिखित इस नाटक का रूपांतरण सुधाकर करकरे ने किया है और निर्देशन निशा वर्मा कर रही हैं।

### शिक्षकों की स्थानान्तरण नीति बनाने की कार्यवाही विचाराधीन : दिलावर

**जयपुर** (वि. स.)। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में शिक्षकों के स्थानान्तरण के लिए नीति बनाये जाने की कार्यवाही विचाराधीन है। दिलावर प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी सम्बन्धित पक्षों, शिक्षाविद एवं शैक्षिक संगठनों के विचार व सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे। उन्होंने सदन को बताया कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण के संबंध में मंत्रिमंडल के निर्णय के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 80 हजार निकाले

**जयपुर।** महेश नगर थाना इलाके में मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर एक व्यक्ति के खाते से 80 हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार महेश नगर निवासी चंदजीत यादव ने मामला दर्ज करवाया कि वह 80 फीट रोड एटीएम पर रुपए निकालने गया था। वहां पर एक युवक ने उसकी रुपए निकालने में मदद की थी। मदद के बहाने आरोपी ने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और फिर उससे 80 हजार रुपए निकाल लिए। ठगी का पता पीड़ित को मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का ई-पीसीपी 28 से

**जयपुर।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के कक्षा 10 व 12 के सत्र 2024-25 में स्ट्रीम-1 के पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए सैद्धांतिक व प्रायोगिक विषयों के लिए ई-व्यक्तिगत संवाद कार्यक्रम (ई-पीसीपी) 28 फरवरी से शुरू होगा। ई-पीसीपी का संचालन राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल स्टूडेंट एप या वेबसाइट के माध्यम से किया जाएगा। अभ्यर्थी एप या वेबसाइट पर अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से लॉग इन कर ई-पीसीपी में शामिल हो सकेंगे।

## ‘राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह’ 24 को

**जयपुर।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की अध्यक्षता में सोमवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में ‘प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि’ की 19 वीं किश्त जारी करने के उपलक्ष्य में 24 फरवरी को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर में आयोजित किये जा रहे ‘राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह’ की व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन हेतु विभागीय अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन के सम्बन्ध में बैठक कर चर्चा की गई। बैठक में ‘किसान सम्मान समारोह’ के आयोजन की होने वाली तैयारियों को लेकर कृषि व सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने समारोह की तैयारियों हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों की प्रगति की समीक्षा की एवं दिये गये कार्यो को समय पर जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# घर में खड़ी ईवी स्कूटी में आग लगी

- आग से स्कूटी जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई

**जयपुर।** हरमाड़ा इलाके में घर की पार्किंग में खड़ी ईवी स्कूटी में शुक्रवार को आग लग गई। लोगों ने स्कूटी को घसीटकर घर से बाहर निकाला, इसके कारण पास खड़ी बाइक जलने से बच गई। हरमाड़ा थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। आग से स्कूटी जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई।

पुलिस ने बताया कि खण्डवालों की ढाणी हरमाड़ा में राहुल कुमावत का घर है। देर शाम ऑफिस से इलेक्ट्रिक स्कूटी से लौटने पर घर की पार्किंग में खड़ी कर दी। परिवार के सभी मेंबर खाना खाकर अपने-अपने कमरों में जाकर सो गए। रात करीब 1:30 बजे अचानक नींद खुलने पर पार्किंग से आग लपटे उठाती दिखाई दी। बाहर निकलने पर ईवी स्कूटी जलते हुए मिली।

आग लगने के बारे में बताते हुए परिवार के लोगों को जगाया। शोर-शराबा होने पर आस-पड़ोसी भी जाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से आग की लपटों से घिरी स्कूटी को घर से बाहर घसीटकर निकाल गया। इसके चलते पास खड़ी बाइक जलने से बच गई। स्थानीय लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हरमाड़ा थाना पुलिस के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया था।

## आरटीओ ने 25 ओवरलोड वाहन जब्त किए

**जयपुर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग राजस्थान सरकार की ओर से कोटपूतली-पाटन क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ आरटीओ जयपुर (द्वितीय) की टीम ने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी संजय शर्मा व डीटीओ शाहपुरा यशपाल यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। इस दौरान 25 ओवरलोड वाहनों को जब्त किया गया। अभियान में मोटर वाहन निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी, श्रीचंद ढाका, अनिल बसवाल, भरतेंदु पचौरी, सुनील अग्रवाल सहित कई अधिकारी शामिल रहे। मोटर वाहन निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से सभी वाहन संचालकों से नियमों का पालन करने की अपील की है। ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# दुपहिया वाहन चुराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

- पुलिस ने बदमाशों के पास से मंगलसूत्र सहित दो चोरी की बाइक भी जब्त की है
- आरोपियों ने एक दर्जन से अधिक चोरी-नकबजनी सहित दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला

**जयपुर।** शिप्रा पथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात सहित दुपहिया वाहन चुराने वाले दो बदमाशों को पकडा है और उनके पास से मंगलसूत्र सहित दो चोरी की बाइक भी जब्त की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने एक दर्जन से अधिक चोरी-नकबजनी सहित दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि शिप्रा पथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात सहित दुपहिया वाहन चुराने वाले गोविंद जांगिड़ निवासी शिप्रा पथ जयपुर और विष्णु यादव निवासी अलवर हाल शिप्रा पथ जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से मंगलसूत्र सहित दो चोरी की बाइक भी जब्त की है। अब तक की पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने एक दर्जन से अधिक चोरी-नकबजनी सहित दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

# तेज रफ्तार कार ने फुटपाथ पर बैठे वृद्ध को कुचला

- हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला, पुलिस ने मामला दर्ज कर नम्बरों के आधार पर कार चालक की तलाश शुरू की

**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना इलाके में तेज रफ्तार कार ने फुटपाथ पर बैठे बुजुर्ग को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार के नम्बरों के आधार पर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार चित्तौड़गढ़ निवासी 80 भंवर लाल मंदिर मोड विद्याधर नगर फुटपाथ पर खानाबदोश की तरह रहता था। गुरुवार को दोपहर में वह फुटपाथ पर बैठा था इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार आई और फुटपाथ पर चढ़कर बुजुर्ग को कुचल दिया। कार बुजुर्ग को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। हादसा 20 फरवरी की दोपहर करीब एक बजे का है। घायल को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

## पेंशन भुगतान की मांग को लेकर धरना 25 को

**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ पेंशनर्स ऑफ स्टेट यूनिवर्सिटीज ऑफ राजस्थान के तत्वाधान में धरना एवं प्रदर्शन का आयोजन 25 फरवरी को किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में राज्यवित्त पोषित विश्वविद्यालयों एवं कृषि विश्वविद्यालय के पदाधिकारी भाग लेंगे। इस प्रदर्शन में राजस्थान विश्वविद्यालयो के पेंशनर्स को अन्य राज्यों की तरह राज्य सरकार के द्वारा पेंशन का भुगतान करने की मांग की जाएगी। राज्य के विश्वविद्यालयो के पेंशनर्स को ट्रेजरी से भुगतान हो, यह बहुत लंबित मांग है। धरना सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक शहीद स्मारक, एम, आई रोड, पुलिस कमिश्नरेट के पास,जयपुर में दिया जायेगा।

# नृत्यांगना टी रेड्डी ने किया कुचिपुड़ी नृत्य

**जयपुर।** स्पिक मैके के जयपुर चैप्टर की ओर युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कुचिपुड़ी नृत्य के सर्किट में जयपुर के मणिपाल यूनिवर्सिटी, आर्य कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड आईटी और पूर्णिमा इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये।

प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना टी रेड्डी लक्ष्मी ने दुर्गा स्तोत्र महिषासुर मर्दिनी से कार्यक्रम की शुरूआत की। जयपुर चैप्टर कोऑर्डिनेटर डॉ. मृणाली कांकर ने बताया कि नृत्यांगना टी रेड्डी लक्ष्मी ने कार्यक्रम में कुचिपुड़ी नृत्य की अनेक प्रकार की मुद्राओं के बारे में छात्र-छात्राओं को बखूबी बताया। "आज आए शाम मोहन" गायन से द्रोपदी चीर हरण दृश्य को कुचिपुड़ी नृत्य में प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने कुचिपुड़ी नृत्य की बारीकियां, इसके इतिहास के बारे में समझाते हुए नृत्य कर सभी का मन मोह लिया एवं आदि शंकराचार्य कृत शिव तरंगम की प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उनके साथ गायन में जयन कोट्टक्कल, मृदंग पर वेत्रि भूपति एवं वायलिन पर किम सौम्या कन्नन ने संगत दी। कार्यक्रम में स्पिक मैके जयपुर चैप्टर के आर्टिस्ट कोऑर्डिनेटर अजीत पंडित मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद में विद्यार्थियों ने कलाकारों से संवाद भी किया व गहन जानकारियां प्राप्त की। कार्यक्रम में बाहर से पधारे हुए शिक्षक, कलाकार व अन्य संगीत रसिको की मौजूदगी रही। मणिपाल यूनिवर्सिटी में 200-250, आर्य कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड आईटी में 350-400 तथा पूर्णिमा इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी 300-350 विद्यार्थी और शिक्षक- शिक्षिकाएं इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# बेटियों को दी गुड टच बैड टच की जानकारी

## सक्षम जयपुर अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने छात्राओं को किया प्रेरित

**जयपुर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम जयपुर अभियान के तहत गुड टच बैड टच जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को झालाना स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बेटियों को गुड टच बैड टच की आवश्यक जानकारियों से रूबरू करवाया गया।

जिला कलक्टर डॉ जीतेन्द्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य आतिथ्य षिरकत की। डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने छात्राओं को सुरक्षा क्रे साथ ही परीक्षा मे सफलता क्रे लिए टिप्स दिये, साथ ही मातृ भाषा का महत्व बताते हुए आम बोलचाल एवं कार्य में मातृ भाषा को अपनाने की अपील की।



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बेटियों को गुड टच बैड टच की आवश्यक जानकारियों से रूबरू करवाया गया।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ राजेश डोगीवाल ने इनाया फाउंडेशन की और से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ क्रे लिए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय के 1000 छात्र छात्राओं को गुड टच बैड टच का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक क्रे माध्यम से उनके साथ होने वाले बैड टच की व्यथा का प्रभावी मंचन किया। इनाया फाउंडेशन सचिव नितिशा शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में पॉक्सो एक्ट 2012 , चाइल्ड हेल्पलाइन न 1098, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, आत्म रक्षा, बाल विवाह उन्मूलन, वर्चुअल टच जैसे अपराधों क्रे साथ ही महिला सुरक्षा की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की कार्यक्रम के प्रथम फेज में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के अब तक लगभग 35 विद्यालयों के 40,000 छात्र छात्राओं को सन्देश दिया जा चुका है और दूसरे फेज में तकरिबन 15000 बच्चों तक पहुँच कर कानून की जानकारी देने का लक्ष्य है।

विद्यालय क्रे प्राचार्य निशिकांत अग्रवाल ने जिला कलक्टर डॉ जीतेन्द्र कुमार सोनी एवं महिला अधिकारिता उप निदेशक राजेश डोंगीवाल का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय मे छात्र छात्राओं द्वारा की लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन करवाया। कार्यक्रम मे टीम सुपरवाइजर विनय मित्तल, टीम कोर्डिनेटर योगेन्द्र कुमार, अर्पण भट्ट, वीरेंद्र सिंह, पूनम वर्मा ने कार्यक्रम अलग अलग विषयों प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण क्रे बाद बच्चों से प्रश्न पूछे गए, जिनका सही जवाब देने वालों को कैप, जूट बैग और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 147 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

- ‘गिव अप अभियान’ के तहत 28 फरवरी तक हटवाया जा सकता है सूची से नाम
- जिले की उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त किये जा सकते हैं नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र

**जयपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ जिला रसद अधिकारी ने सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 66 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 81 अपात्र लाभार्थियों सहित अब तक कुल 147 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये हैं।

उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार यथा ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता है अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसंबर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों द्वारा गिव अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया गया है। पूर्व में उक्त अभियान की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित थी परन्तु वर्तमान में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त अवधि को 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाया जाकर अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये जाने हेतु अवसर प्रदान किया गया है।



## Single Tasking Day

Have you ever felt like you're juggling ten things at once, only to drop them all? Enter Single Tasking Day to help you out! This day urges us to switch gears from our multi-tasking madness to doing one thing at a time. It's like giving your brain a cozy, focused hug, making it a standout moment in our calendar of chaos. Unplug and Unwind. Try turning off your gadgets for a few hours. This digital detox lets your mind breathe from the constant buzz of notifications. Use this time to enjoy a quiet walk, meditate, or sip on your favourite tea, savouring the calm.

#FOOD-TALK

# Nature's Candy

This fruit contains serotonin, and eating just two before bed can help promote better sleep.



That processed or refined sugar is bad for health and can cause numerous ailments like high blood pressure, acne, weight gain, diabetes, and fatty liver disease, among others, is a well-known fact. Still, those with a sweet tooth find it extremely hard to stay away from such foods. But, what if we told you that there is a super healthy way to satiate your sweet cravings minus all the detrimental effects? Look no further than fruit! We would like to think of fruit as 'nature's candy' as it is naturally sweet and also provides many mood-boosting plant compounds that support mental fitness. All you need is a little bit to feel satisfied.



### Benefits of Fruits

Fruits, naturally, have a sweet flavour and also contain a wide range of vitamins, minerals, antioxidants, and other plant components, all of which are beneficial to one's health. Additionally, fruits are high in a number of essential vitamins and minerals like vitamin C, potassium, and folate. She added that natural sugars give the body the nutrients it needs, to stay healthy, along with quick but long-lasting energy, and also keep the metabolism steady. Natural sweetness and essential nutrients like potassium, vitamin C, and folate can be found in fruits.

### Benefits of Certain Specific Fruits

- **Strawberry, Blueberry:** Rich in fibre and anthocyanins for reduced neuroinflammation.
- **Kiwi:** Contains serotonin, and eating just two before bed can help promote better sleep.
- **Lemon, Orange:** Loaded with vitamin C, which helps regulate neurotransmitter function.
- **Cherries:** Contain polyphenols that have been shown to support healthy memory and cognitive function.
- **Watermelon, Melon:** Naturally high in vitamin B6, a nutrient whose deficiency has been associated with symptoms of anxiety and depression.
- **Apple:** Excellent source of pectin, a prebiotic fibre that feeds the good bacteria in the gut for a healthy microbiome.

### Natural vs Processed (White) Sugar

Sugar, in any form, is a source of carbohydrate that is converted into glucose and used for energy by the body. But, the level of energy depends on the source of sugar. Fruits, dairy products, vegetables, and other foods are a natural source of sugar, whereas refined or processed sugar comes from packaged food or is added to foods and beverages during the manufacturing process or before eating, adding that consuming too much sugar can lead to weight gain, acne, and risk of type 2 diabetes, along with several medical conditions.

### Harmful Effects of Processed Sugar

Processed sugar has numerous bad effects on health. These include obesity, type 2 diabetes, and even increased chances of getting a heart disease. Additionally, they are linked to an increased risk of liver disease, certain types of cancer, depression, and dementia. Numerous health issues, including obesity and belly fat, both of which are risk factors for more serious conditions like diabetes and heart disease, are to related to refined sugars.



# How *Green* should a Green Rajasthan be!

Loss of Biodiversity is a major concern. The introduction of non-native species, alteration of habitats and disruption of ecosystems can lead to a decline in biodiversity, affecting local flora and fauna. This has been seen in the areas now benefitting from The Indira Gandhi Canal, particularly in the Jodhpur area. So much so that a concerted effort has been made to uproot the foreign shrubs and replace it with the native plants in the hills surrounding Mehrangarh.



Isarda Dam.



Soil salination lays land unproductive and bare.



Parvati-Kalisindh Project.



Dr. Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Storyteller*

Rajasthan Government has been trying to enhance its economic status in the recent months. The present administration has the added advantage of being in synchrony with the Central Government. Besides the attempts to bring in more industries into the state through concerted efforts with ambitious projects like 'Rising Rajasthan,' there are many projects, which have lain idle in the back shelves of our offices, are getting attention anew. Most of these projects were good to begin with, but could not be taken up because of political compulsions.

Among these projects, one of the most important was the *Eastern River Canal Project* (ERCP). After new initiatives, it is proposed to be finished within five years, once the work begins, following the preparation of the Detailed Project Report (DPR). ERCP is an ambitious project of over 40,000 crores, which will help augment irrigation facilities in an area of around 2 lakh hectares in 13 semi-arid districts of Rajasthan, namely Jhalawar, Baran, Kota, Bundi, Sawai Madhopur, Karauli, Dholpur, Bharatpur, Dausa, Alwar, Jaipur and Ajmer in eastern Rajasthan. The major hitch was the finances. Earlier, the project couldn't get status of national project as it was planned on 50% dependable yield against the established norm of 75% dependability. On December 13, 2022, the proposal to integrate Parvati-Kalisindh-Chambal Link Project with ERCP was approved by the central government as a priority link project. This added to the yield by 10%.

A tripartite MoU (which has now matured into a Memorandum of Agreement, MrA) was signed on January 28, 2024 in New Delhi for preparation of joint DPR of the project among the Centre, Rajasthan and Madhya Pradesh governments.


According to the latest MrA, Ramgarh Barrage, Mahalpur Barrage, Navnaira Barrage, Mej Barrage, Rathore Barrage, Dungri Dam, feeder system from Ramgarh Barrage to Dungri Dam, capacity enhancement of Isarda Dam and rehabilitation of 26 pre-built dams are included in the East Rajasthan Canal Project. It is hoped that the dams surrounding Jaipur will benefit from this project. The long cherished dream of bringing water to the Ramgarh Dam near Jaipur will also be a beneficiary. The state will provide a smaller portion of the total expense of the project instead, according to the new MrA, as it is now part of the interlinking of rivers project of the union government. Now, 60% bearing of the cost will be under the national project.

The greening of this region will have additional benefits. The master plan of Jaipur is now being expanded into a much larger region to include the outlying areas upto forty kilometers from the central point. This will increase the population of Jaipur by an estimated 20 lakh people. Newer Economic zones will sprout in this area, giving employment to a large number of people. It will help in increasing the number of tourist spots, which have been neglected due to scarcity of water.

The question that arises is that, will this project have any deleterious effects also?

Rajasthan, being one of the driest states in India, has indeed been witnessing various initiatives to bring water to its arid areas. While these projects aim to alleviate water scarcity and promote development, it's essential to consider their potential environmental and ecological implications.

#PIPPED DREAMS



Ramgarh Dam, Jaipur.

> While water projects in Rajasthan aim to address water scarcity, it's essential to carefully consider their potential environmental and ecological implications. By implementing mitigation measures and adopting sustainable water management practices, we can minimise adverse effects and promote a more resilient and sustainable future for the region.

### What are the Potential Risks and Concerns?

There is a risk of disruption of Natural Water Cycles. Large-scale water diversion projects can alter natural water cycles, leading to changes in groundwater recharge, soil moisture, and evapotranspiration patterns.

Loss of Biodiversity is a major concern. The introduction of non-native species, alteration of habitats and disruption of ecosystems can lead to a decline in biodiversity, affecting local flora and fauna. This has been seen in the areas now benefitting from The Indira Gandhi Canal, particularly in the Jodhpur area. So much so that a concerted effort has been made to uproot the foreign shrubs and replace it with the native plants in the hills surrounding Mehrangarh.

These irrigation projects can lead to soil salinisation, reducing soil fertility and affecting crop yields. The chance of change in the crop may lead to shortage of the primary crops like millet and corn. The construction and operation of large water infrastructure projects can lead to increased greenhouse gas emissions, contributing to climate change.

Finally, the displacement of local communities, alteration of traditional livelihoods and cultural heritage can have significant social and economic implications. The example is seen in the region of the Kevadia in Gujarat, where the Statue of Unity has been erected. The tribals were displaced and had to learn new trades to survive.

The Climate Change implications are multiple. It can alter precipitation patterns, leading to more frequent and intense droughts and floods, which can impact the efficacy and sustainability of water projects. Rising temperatures can lead to increased evaporation from water bodies, reducing the availability of water for various uses. Climate change can lead to increased water pollution, affecting both human health and ecosystems.

Changes in water availability and quality can impact ecosystem services, such as nutrient cycling, soil formation, and habitat provision. The construction of water infrastructure can lead to habitat fragmentation, disrupting ecological connectivity and affecting the movement of species, particularly, bird migration. The submersion of forest land surrounding lakes will affect the fauna of the region. Changes in water temperature and quality can impact aquatic life, affecting the overall health and resilience of ecosystems.

### However, there are mitigation measures!

This requires assessment of the potential environmental and ecological impacts of water projects to identify mitigation measures. It becomes possible by promoting water-saving technologies, efficient irrigation systems, and rainwater harvesting to reduce water waste and optimize water use. Special care top reserve and restore natural habitats, such as wetlands and forests, to maintain ecological connectivity and promote biodiversity is of primary importance.

The success of such massive projects are an ongoing process. Continuous monitoring of the environmental and ecological impacts of water projects and adaptation of management strategies are needed to minimise adverse effects.

In conclusion, while water projects in Rajasthan aim to address water scarcity, it's essential to carefully consider their potential environmental and ecological implications. By implementing mitigation measures and adopting sustainable water management practices, we can minimise adverse effects and promote a more resilient and sustainable future for the region.

The importance of deserts have to be understood while advocating water projects in those regions. Deserts, covering about one-third of the Earth's land surface, play a crucial role in maintaining the planet's ecological balance.

### Here are some reasons why deserts are essential for the world

Deserts are home to unique and adapted flora and fauna, such as cacti, succulents, and desert animals like camels, reptiles, and insects. They help in Carbon Sequestration. Deserts, especially those with vegetation like the Mojave or Sonoran Deserts, absorb and store carbon dioxide, contributing to climate regulation. Arid areas are a significant source of dust, which carries essential nutrients to other ecosystems, influencing global nutrient cycles. Deserts influence global wind patterns, which in turn, affect weather and climate conditions worldwide. These tracts of dry land help regulate Earth's temperature by absorbing and releasing heat, which, in turn, influences global climate patterns. Considerable economic and cultural significance of deserts are often unrealised.

These areas are rich in mineral resources, such as copper, gold, and lithium, which are essential for various industries. Some of the rare metals, like lithium, are found in these regions only.

Deserts have cultural and spiritual importance for many communities, providing a connection to their heritage and traditions.

Now, if all arid areas of the world were made water-sufficient, some issues will require attention.

Altering desert ecosystems could lead to the loss of unique and adapted species, compromising global biodiversity. Changes in desert ecosystems could influence global climate patterns, potentially leading to unpredictable and extreme weather events, which are occurring more often in these days.

Making deserts water-sufficient would require significant water management efforts, which could strain global water resources and lead to conflicts over water allocation.

In conclusion, deserts play a vital role in maintaining the Earth's ecological balance, regulating the climate, and supporting unique ecosystems. While making deserts water-sufficient might seem appealing, it's essential to consider the potential consequences and strive for sustainable solutions that balance human needs with environmental conservation.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Merging of Parbati-Kalisindh and Rajasthan Canal.



Eastern Rajasthan Canal.

#ENTERTAINMENT

# Loved 'Chhaava?'

## Here are some other historical dramas that will transport you to the past.

Our current interest in historical dramas stems from a growing interest in revisiting the past to reflect on the present we've inherited.



On Monday, it was reported that 'Chhaava,' the historical drama based on the life of Chhatrapati Sambhaji Maharaj (Vicky Kaushal), the son of Chhatrapati Shivaji Maharaj, recorded the highest first Monday of 2025 with an earning of INR 24 crores. While it's only February and we have ten more months to go before a film is crowned the 'highest-earning Indian film of 2025,' Chhaava points to the rising popularity of historical dramas, which stems from a growing interest in revisiting the past to reflect on the present we've inherited. From Mangal Pandey's first war of Indian independence to a Bengali-language film about a brothel situated near the India-Pakistan border, which inspired *Heeramandi*, we've rounded up a few historical dramas from around the world, that you can watch to travel back to the past.




### Mangal Pandey: The Rising (2005)

Set in 1857, *Mangal Pandey: The Rising* (2005) depicts an Indian soldier's growing resentment against British rule, especially after the introduction of new rifle cartridges, rumoured to be greased with cow and pig fat, offending Hindu and Muslim soldiers. His rebellion sparks the first war of Indian independence, also known as the Sepoy Mutiny of 1857. Amid friendship with British officer William Gordon (Toby Stephens) and conflicts with colonial oppression, Pandey's defiance leads to his execution, but his sacrifice ignites a nationwide uprising against British rule.



### Jodhaa Akbar (2008)

A historical epic that tells the love story of Mughal Emperor, Akbar, and Rajput princess, Jodhaa Bai, through Hrithik Roshan and Aishwarya Rai Bachchan's sizzling chemistry. To strengthen political ties, Akbar marries Jodhaa, but their relationship starts cold due to cultural and religious differences. Over time, Jodhaa's strong will and intelligence earn Akbar's admiration, and love blossoms between them. As Akbar expands his empire, he faces betrayal, court conspiracies and rebellions, even as his just rule and religious tolerance make him a beloved leader. The film beautifully blends history, romance and politics, portraying the evolution of an emperor and his queen.



### Bajirao Mastani (2015)


Despite being married to Kashibai (Priyanka Chopra), Maratha Peshwa Bajirao I (Ranveer Singh) falls deeply in love with the Bundelkhand princess, Mastani (Deepika Padukone), a fierce warrior. Their passionate romance faces fierce opposition from society, his family and orthodox traditions, with Bajirao not only having to battle enemies on the battlefield but also the prejudices of his time. As war and politics take their toll, Bajirao and Mastani's love story ends in tragedy, but their devotion remains immortal. The sets and music in this Sanjay Leela Bhansali directorial deserve a special mention.



### Maharaj (2024)

A historical drama based on the 1862 Maharaj Libel Case, *Maharaj* follows Karsandas Mulji (Junaid Khan), a journalist and social reformer. He challenges the revered religious leader Maharaj 'JJ' (Jaideep Ahlawat), after uncovering that he is abusing his female followers under the pretext of re-enacting the 'charanseva,' an act of worship between Krishna and his gopis. Determined to expose the truth, Karsandas embarks on a legal battle that shakes societal norms and questions blind faith. Facing threats and opposition, he fights for justice, leading to a landmark case that redefined press freedom and religious accountability. Set in 19th-century Bombay, the film explores themes of courage, morality and the power of truth.

THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# राजस्थानी भाषा को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता : साहित्यकार वेद व्यास

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर मरुभूमि शोध संस्थान की ओर से कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में साहित्यकारों व कवियों को सम्मानित किया गया।

- **लक्ष्मणदान कविया, गौरीशंकर प्रजापत, किरण नितिला व विमला नागला को पुरस्कृत किया**


**जयपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर श्री डूंगरगढ़ में शुक्रवार को मरुभूमि शोध संस्थान की ओर से ज्ञान गोठ के अन्तर्गत राजस्थानी भासा रै सबदां री अंवेर अर परोटण रो आंटो विषय पर विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार और प्रखर विचारक वेद व्यास ने कहा कि हमें राजस्थानी भाषा के सर्वांगीण विकास को भाग भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए। जन चेतना जगाए बिना भाषा का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। राजनेता जब तक विपक्ष में रहते हैं, तब तक तो भाषा की बात करते हैं लेकिन सत्ता में आते ही भाषा को भूल जाते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राजस्थान के मूल चरित्र को राजस्थानी भाषा के माध्यम से ही समझा जा सकता है। राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति के पक्ष में एक माहौल उपस्थित होना बेहद जरूरी है। जगह-जगह राजस्थानी के लिए सभाएं की जानी चाहिए है।

विषय पर प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. गजादान चारण ने कहा कि राजस्थानी में एकरूपता की कोई समस्या नहीं है। सरकार जिस दिन राजस्थानी को मान्यता प्रदान कर देगी तथा जिस रूप को निर्धारित कर देगी, उसमें लिखना-पढ़ना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थानी लेखकों को सचेत होकर राजस्थानी के ठेठ शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। प्रारम्भ में युवा कवि छैलूदान चारण ने मायड़ भाषा वंदना प्रस्तुत की। रवि पुरोहित ने आयोजन विषयक जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि लक्ष्मणदान कविया को महाराणा प्रताप राजस्थानी साहित्य सृजन पुरस्कार, डॉ. गौरी शंकर प्रजापत को पं. मुखराम सिखवाल स्मृति राजस्थानी पुरस्कार, किरण राजपुरोहित नितिला को सूर्यप्रकाश बिस्सा स्मृति पुरस्कार, बाल साहित्य लेखिका विमला नागला को कला डूंगर कल्याणी स्मृति राजस्थानी बाल साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार श्याम महर्षि ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मरु भूमि शोध संस्थान राजस्थानी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। डॉ. मदन सैनी ने कहा कि राजस्थानी की अनेक बोलियां इसकी समृद्धि का पर्याय है। किंतु लेखकों को मानकीकरण के क्षेत्र में एक राय होकर कार्य करना चाहिए।

मातृभाषा दिवस पर यहां, विमला नागला की पुस्तक बातां री मुळक, किरण राजपुरोहित के लघुकथा संग्रह आंख्यांळा आंधा, श्रीभगवान सैनी के कहानी संग्रह निरदोख उणियारो का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में रामचन्द्र राठी, सत्य नारायण योगी, सत्यदीप, बजरंग शर्मा, भंवर भोजक, विमल भाटी, राकेश किराडू, विनोद सिखवाल, प्रशांत बिस्सा, डॉ. के. सी सोनी, मनमोहन कल्याणी, डॉ. चेतन स्वामी, डॉ. भंवर भादानी, गणेश बैरवा, तुलसीराम चोरडिया, पृथ्वीराज रतनू, विजय महर्षि, महावीर माली, डॉ. विनोद सुथार,मनीष शर्मा, दया शंकर शर्मा,सोहन लाल ओझा, गोपीचंद नाई की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संयोजन युवा कवयित्री मोनिका गौड़ ने किया।

# जानलेवा हमला करने के आरोप में एक गिरफ्तार

## आरोपी दो माह से फरार चल रहा था


प्राणघातक हमला करने के आरोप में एक जने को गिरफ्तार किया।

**सादुलपुर, (निसं)।** लाठी, डंडों, बरछी और सरियों से मारपीट करने तथा जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि आरोपी अल्ताफ पुत्र मोहम्मद असलम व्यापारी निवासी वार्ड नंबर 25 राजगढ़ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि लगभग दो माह पूर्व दर्ज मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में 27 दिसंबर 2024 को रफीक खान पुत्र हुसैन खान कुरेशी व्यापारी निवासी वार्ड नंबर 25 कस्बा राजगढ़ ने मामला दर्ज करवाया था तथा दर्ज मामले में बताया कि 26 दिसंबर 2024 की रात्रि को उसकी पुत्रियां साबिर के घर से खाना खाकर हमारे घर आ रही थी, तो रास्ते में दौलत बानो पत्नी असलम ने उसकी पुत्रियां के साथ बदतमीजी की थी तथा अचानक घर के आगे साबिर हाजी, रमजान, तौसीफ व अल्ताफ आदि एकराय होकर अपने हाथों में बरछी, कुल्हाड़ी, लाठी, डंडे व सरिया लेकर आए तथा उन पर हमला कर दिया, जिसके कारण उसके पुत्र के सिर में गंभीर चोटें लगी तथा अन्य भी गंभीर रूप से घायल हो गए तथा आरोपियों ने षड़्यंत्र रचकर प्राणघातक हमला किया। घटना के बाद घायल अपने पुत्र को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने चूरू रेफर कर दिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर मामले में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जायेगी।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 51वें दिन भी जारी

- **जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ शाहपुरा के सदस्य बैठे**

**शाहपुरा, (निसं)।** जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ शाहपुरा के समाजजन महिलाओं सहित नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग की।

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघशाहपुरा के समाजजन देवेंद्र सिंह बूलिया, जोरावर सिंह शुकलेचा, अनिल लोढ़ा, हेमंत कोठारी, नरेंद्र सिंघवी, पदम लोढ़ा, समुंदर सिंह डांगी, पदम कुमार जैन, सचिन कुमार डांगी, विनायक डांगी, सत्यवीर डांगी, विकास सिंघवी, मनीष कुमार जैन, गौरव गोखरू, रौनक सिंह चौधरी, शंभू लाल चौधरी, अभिषेक जैन, सज्जन जैन, सतीश डांगी, शाहिद महिला मंडल सदस्य कविता कोठारी, हर्ष लता कोठारी, प्रिया जैन, विभा जैन, प्रमिला चौधरी सहित कई सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिला बहाल करने का ज्ञापन दिया। शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि 22 फरवरी को नगर परिषद वार्ड नंबर 2 के वार्डवासी रैली निकालकर क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

वहीं उपखंड कार्यालय के बाहर धरना स्थल पर दोपहर जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने शाहपुरा से जिले के समर्थन का स्टीकर कार पर लगाकर विमोचन किया। कार पर लगाए जाने वाले स्टीकर पर शाहपुरा जिले का नक्शा एवं भौगोलिक प्रशासनिक अंकन को दर्शित किया गया। इस स्टीकर से लोगों में जागरूकता आएगी और ब्लैक डे 28 फरवरी को संपूर्ण शाहपुरा पूरे दिन बंद रख विरोध प्रदर्शन आम सभा की जाएगी।

# ट्रक चालक ने 33 केवी विद्युत टावर को टक्कर मारी

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ में पिलानी सड़क पर एक ट्रक चालक ने ट्रक को लापरवाही से चलाते हुए 33 केवी विद्युत टावर को टक्कर मार दी, जिसके कारण विद्युत निगम को डेढ लाख रुपए से अधिक की राशि का नुकसान हो गया तथा घटना के बाद आरोपी ट्रक सहित फरार हो गया। इस संबंध में शुक्रवार को राजगढ़ थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि बलवान पूनिया निवासी बैरासर छोटा हाल कनिष्ठ अभियंता जोधपुर डिस्कॉम सादुलपुर ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि सूचना आई कि राजगढ़ के पिलानी रोड पर 33 केवी लाइन को एक ट्रक चालक ने टक्कर मारकर तोड़ दिया है। सूचना पर मौके पर पहुंचे तो देखा कि ट्रक टावर को तोड़कर वहीं फंसा हुआ था तथा ट्रक वाले से पूछताछ की तो गाली गलौच करने लगा। थोड़ी देर बाद मौके से कार्यालय आया और वापस लगभग एक घंटे बाद मौके पर सहायक अभियंता को साथ ले जाकर देखा तो ट्रक मौके पर नहीं था।

# अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने शुक्रवार को गश्त के दौरान अवैध देशी हथियार तथा एक जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशानुसार अवैध हथियारों की धरपकड़ तथा बदमाशों की निगरानी के लिए चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत स्थानीय पुलिस अधिकारियों के सुपरविजन में आरोपी संजीव कुमार पुत्र रामकुमार भाकर जाट निवासी बिरमी पट्टा पुलिस थाना सिद्धमुख को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई में एएसआई महेंद्र सिंह तथा अंकित कुमार कास्टेबल, इंद्र कुमार कास्टेबल, सज्जन सिंह कास्टेबल व लीलाधर कास्टेबल ने आरोपी को दबोचने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। राजगढ़ थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बुजुर्ग से लूट के दो आरोपियों की गवाह से शिनाख्त परेड करवाई


## पुलिस ने दोनों आरोपितों जेल से पुनः पुलिस कस्टडी में लिया

- **10 फरवरी को भूती निवासी (70) वर्षीय भवानीशंकर सेन से बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर लूटपाट की थी**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बिजौलियां थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग से मुरकियां लूट के दो आरोपितों की मांडलगढ़ सब जेल में गवाह से शिनाख्त परेड करवाई गई, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों को फिर से पुलिस कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरु की है।

जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को भूती निवासी (70) वर्षीय भवानीशंकर सेन शाम छह बजे तिलिस्वां महादेव मंदिर से दर्शन करने के बाद बाइक पर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान मोतीपुरा के नजदीक बाइक से आये बदमाशों ने सेन को रोका और उनके कानों में पहनी डेढ़ तालो सोने की मुरकियां लूटने का प्रयास किया। छीना-झपटी में सेन का एक कान जख्मी हो गया था। इसे लेकर बिजौलियां पुलिस ने केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने पिछले दिनों चिताबड़ा निवासी सत्तू पुत्र रामस्वरुप कंजर व अनिल पुत्र राधेश्याम कंजर को बापर्दा गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया था। इस मामले में गवाह से दोनों आरोपितों सत्तू व अनिल की मांडलगढ़ सब जेल में एसडीएम की मौजूदगी में शिनाख्त परेड करवाई गई थी। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों जेल से पुनः पुलिस कस्टडी में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार


पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा।

**सांभरझील, (निसं)।** युवती की अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकियां देकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था जिसे पुलिस ने महज 15 घंटे के अंतराल में ही दबोच लिया।

मामला महिला अत्याचार से संबधित होने पर नामजद फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तार किए जाने हेतु जयपुर ग्रामीण एसपी की ओर से सख्त निर्देश दिए गए। सांभर थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उच्च अधिकारियों की पुलिस टीम के सुपरविजन में पुलिस टीम ने अपना काम करना शुरू किया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कार्यवाही करते हुए प्रकरण में फरार आरोपी महेश कुमार वर्मा उर्फ राहुल पुत्र मदन लाल बलाई निवासी बलाईयों की ढाणी, नौरंगपुरा थाना सांभरलेक जिला जयपुर को गिरफ्तार कर उसे आगामी पूछताछ हेतु पुलिस टीम जुटी है। पुलिस टीम में शामिल सत्यनारायण सहायक उप निरीक्षक, रामनिवास हैड कानि, श्रवण कुमार कानि, लोकेश कुमार कानि, महेश कुमार कानि, कौशल्या कानि, सुमन महिला की खास भूमिका रही।

# विधवा महिला को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ


विधवा महिला ने मांगों को लेकर गुहार लगाई।

**भरतपुर, (निसं)।** जिला कलेक्ट्रेट में उस वक्त हंगामा हो गया जब एक विधवा महिला अपनी पायल व चूड़ियां कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के सामने बीच सड़क पर रखकर जोर जोर से रोने लग गई।

महिला को रोते देख आस पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने जब महिला से उसके रोने का कारण पूछा तो महिला ने बताया कि उसके पति का एक वर्ष पूर्व देहान्त हो गया था। उसके तीन बच्चे हैं लेकिन सरकार के द्वारा ना तो उसे पालनहार योजना का लाभ मिला ना ही विधवा पैंशन स्वीकृत हुई। जिसके चलते मजदूरी कर घर का खर्च चलाती है। वहीं ससुरालीजन भी उसे परेशान करते हैं और बात बात पर ताना मारते हैं। जिससे मजबूर होकर आज जिला कलेक्ट्रेट पर बैठ गई। इस दौरान लोगों ने महिला को समझाया और अपनी पीड़ा एसडीएम को बताने की बात कही। जिसके बाद सूरजपोल निवासी महिला बबीता एसडीएम राजीव शर्मा के पास पहुंची। जहां पीड़िता ने बताया कि उसके पति बन्टी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। लेकिन उसे ना तो विधवा पैंशन ना ही पालनहार योजना का लाभ मिला। मेहनत मजदूरी कर गुजारा करती है। ऐसे में घर खर्च बड़ी मुश्किल से चल पाता है। वहीं बड़ी लड़की भी अब शादी के लायक हो गई है। जिसकी शादी भी करनी है। जिस पर एसडीएम राजीव शर्मा ने महिला को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसके बाद महिला शांत हुई और अपने घर चली गई।

# मादक पदार्थ तस्कर को पांच साल की सजा

**जालोर, (कासं)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश जालोर हारून ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी छगनलाल को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई।

लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास ने बताया कि 25 जनवरी 2018 को मोटरसाइकिल लूट की सूचना पर आकोली से बिबलसर जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान बिबलसर से आकोली तरफ एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। मोटरसाइकिल को रूकवाकर उस पर सवार दो व्यक्तियों की हरकत संदिग्ध लगने पर मोटरसाइकिल चालक रामसिंह पुत्र विक्रमसिंह निवासी सेलवाडा रेवदर जिला सिरोही व पीछे बैठे व्यक्ति का नाम छगनलाल पुत्र मीठाराम निवासी धनानी सायला बताया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर पीछे बैठे व्यक्ति छगनलाल की जेब से 400 ग्राम अफीम का दूध मिला। वहीं मोटरसाइकिल व चालक रामसिंह के पास किसी प्रकार की मादक पदार्थ नहीं पाया गया। पुलिस पूछताछ में रामसिंह व छगनलाल ने बताया कि देशावार में व्यापार में घाटा होने पर हम दोनो ने अवैध अफीम का धंधा शुरू किया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। सैशन न्यायाधीश हारून ने अवैध अफीम की तस्करी करने के मामले में आरोपी छगनलाल को दोषी मानते हुए पांच साल की सजा सुनाई। वहीं रामसिंह को सन्देह का लाभ देते हुए बरी किया। सरकार की ओर से पैरवी लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास ने की।

# शांतिभंग के आरोप में एक जने को गिरफ्तार किया


शराब के नशे में टोल कर्मचारियों से झगड़ा करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

- **धोलिया टोल नाका कर्मचारियों के साथ शराब के नशे में झगड़ा किया था**

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने धोलिया टोल नाके पर टोल कर्मचारियों के साथ शराब पीकर झगड़ा करने के आरोप एक आरोपी के खिलाफ शांतिभंग के आरोप में कार्यवाही की गई है।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग सीआई राजगढ़ ने बताया कि ओमप्रकाश हेड कास्टेबल मय पुलिस टीम के गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें गश्त के दौरान सूचना मिली की एक व्यक्ति टोल नाका पर टोल कर्मचारियों के साथ शराब पीकर झगड़ा कर रहा है। जिस पर वे रवाना होकर धोलिया टोल नाका पहुंचे तो कर्मचारियों ने बताया कि एक व्यक्ति शराब पीकर एक ट्रक लेकर आया था, जिसके ट्रक को उसका मालिक लेकर रवाना हो गया एवं चालक को यहीं पर उतारकर चला गया, जो अभी-अभी ददरेवा की तरफ रवाना हुआ है, जो दूर से जाता हुआ दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम ने रोककर टोल पर झगड़ा करने का कारण पूछा तो अत्यधिक आवेश में आ गया व कहने लगा कि आज टोल वालों ने मेरे से टोल मांगा था मैं कोई टोल नहीं दुंगा, टोल मागंने वाले को जान से खत्म कर ही दम लुंगा। जिसको काबू कर नाम पता पूछा तो अपना नाम नेतराम पुत्र सोहनसिंह निवासी भालेरी पीएस भालेरी होना बताया। जिसको मौके पर गिरफ्तार किया गया।

# मोबाइल छीनने से कुण्ठित छात्र आत्महत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार


बरोल गांव में छात्र आत्महत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- **14 फरवरी की रात को छात्र का शव पेड़ पर लटका मिला था**
- **शव की तलाशी के दौरान मृतक के जेब से एक सुसाइड नोट मिला था**

**मालपुरा, (निसं)** पचेवर थाना क्षैत्र के बरोल गांव में 14 फरवरी की रात छात्र आत्महत्या के मामले में थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पचेवर थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 14 फरवरी की शाम बरोल गांव में कक्षा 12 के छात्र अभिषेक वैष्णव द्वारा गांव के बाहर खेत में नीम के पेड़ पर फांसी का फंदा लगा आत्महत्या की मिली सूचना पर वो स्वयं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से छात्र के शव को नीचे उतार मालपुरा जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया। शव की तलाशी के दौरान मृतक के जेब से एक सुसाइड नोट मिला जिसे अनुसंधान के लिये पुलिस सुपुर्दगी में लिया गया। मृतक के मामा बनवारी वैष्णव, सरपंच हनुमान गुर्जर, सत्यनारायण सहित परिजन व ग्रामीण सुसाइड नोट में लिखे गये चारों व्यक्तियों के विरूद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर व गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये थे। तकरीबन घटना से 20 घंटे तक चले घटनाक्रम मे अस्पताल पहुंचे एसडीएम अमित चौधरी, पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत व तहसीलदार पवन मातवा की समझाइश व आरोपियों की सात दिवस में गिरफ्तारी के दिये आश्वासन के बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द करते हुये विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश व मामले की जांच शुरू की गई।

सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर जुटाये साक्ष्यों के आधार पर सुसाइड नोट में नामजद आरोपी रतन पुत्र हरिराम जाट व मुकेश पुत्र कानाराम जाट निवासी बापडून्दा व एक अन्य तीसरे आरोपी कानाराम गुर्जर को दस्तयाब कर की गई पूछताछ में साक्ष्य मिलने पर तीनों आरोपियों को छात्र आत्महत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी कानाराम गुर्जर को मृतक अभिषेक द्वारा दिसम्बर से ही स्कूल मे पढ़ने वाली एक छात्रा के प्रेम प्रसंग को लेकर सुसाइड करने के बारे में जानकारी दी जा रही थी। लेकिन कानाराम ने यह जानकारी रतन व मुकेश से सांझा करने के बजाय उन्हें बार-बार अभिषेक का मोबाइल ले जाने के लिये लगातार उकसाता रहा। 14 फरवरी को रतन व मुकेश ने अभिषेक का मोबाइल छीन लिया जिसके बाद अभिषेक ने देर शाम को आत्महत्या कर ली। मामले मे अनुसंधान जारी है।

# डॉ. अर्चना शर्मा सुसाइड केस में एम.एल.ए. गोठवाल के खिलाफ तय किए आरोप रद्द

## भारतीय न्याय पालिका पर विश्वास ने दिलाई सत्य की जीत : राजेंद्र राठौड़

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने दौसा के लालसोट में मार्च, 2022 को एक अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद केस दर्ज होने पर डॉ. अर्चना शर्मा के सुसाइड करने के मामले में सवाई माधोपुर के खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल सहित अन्य आरोपियों को राहत दी है। अदालत ने मामले में एडीजे कोर्ट लालसोट के 9 फरवरी 2022 के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आरोप तय किए थे। जस्टिस गणेशराम मीणा ने यह आदेश जितेन्द्र गोठवाल, बलराम बैरवा व अन्य की रिवीजन याचिकाओं को मंजूर करते हुए दिया। अदालत ने एडीजे कोर्ट को निर्देश दिए हैं कि वह मामले में मूल चालान और पूरक आरोप पत्र के आधार पर याचिकाकर्ताओं पर आरोप लगाने या आरोप मुक्त करने के संबंध में आदेश पारित करे।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अग्रिम अनुसंधान में विधायक जितेंद्र गोठवाल पर लगाए गए आरोप आधारहीन पाए गए हैं और मामले में उनकी किसी तरह की संलिप्तता नहीं पाई गई है। अदालत ने आदेश की कॉपी डीजीपी को भेजते हुए कहा कि किसी निर्दोष व्यक्ति को जेल नहीं भेजा जाए और केसों में निष्पक्ष तौर पर अनुसंधान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। अदालत ने कहा कि यदि मामले की अग्रिम अनुसंधान रिपोर्ट सही है तो स्पष्ट है कि गोठवाल को बिना किसी आधार के गिरफ्तार किया था। जबकि पूरक आरोप पत्र में गोठवाल का नाम ही नहीं था। ऐसे में या तो मूल चालान किसी साक्ष्य के बिना पेश किया था अथवा पूरक चालान बिना किसी साक्ष्य व अनुसंधान के दिया था। ऐसे में अग्रिम अनुसंधान की रिपोर्ट आए बिना आरोप तय नहीं किए जाने चाहिए थे।

■ **'पूर्व सीएम गहलोत ने अपने आलाकमान को खुश करने के लिए भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल को झूठे मामले में फंसाने का किया था कार्य'**

गोठवाल के अधिवक्ता हेमंत नाहटा ने बताया कि अस्पताल में प्रसूता की मौत को लेकर हुए प्रदर्शन के बाद डॉ. अर्चना शर्मा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हुआ था। वहीं अगले दिन अर्चना ने आत्महत्या कर ली। इस पर अर्चना के पति ने कुछ लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने मामले में गोठवाल को भी गिरफ्तार किया था।

इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने हमेशा दलितों की आवाज को दबाने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, पूर्व सीएम गहलोत और उनके मंत्रियों ने प्रतिशोध की राजनीति को बढ़ावा देने का काम किया था। दौसा में दलित प्रसूता की इलाज के दौरान लापरवाही से मौत के बाद भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने दलित परिवार को न्याय दिलाने के प्रयास किया था। इस पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अपने आलाकमान को खुश करने के लिए षडयंत्र रचकर डॉ अर्चना शर्मा आत्महत्या मामले में उन्हें फंसाया और 53 दिन तक जेल में रखा, लेकिन जीत आखिर सत्य की हुई और हाईकोर्ट ने आत्महत्या मामले में दलितों की आवाज उठाने वाले गोठवाल के पक्ष में फैसला देते हुए उनकी संलिप्तता नहीं होने पर एडीजे कोर्ट लालसोट के चार्ज आदेश को रद्द करने का फैसला दिया है।

राठौड़ ने बताया कि कांग्रेसी एक परिवार को खुश करने में जुटे हुए है। प्रियंका गांधी को खुश करने के लिए पूर्व सीएम गहलोत ने गोठवाल को इस मामले में फंसाया और गिरफ्तार करवाया। एक ओर प्रियंका गांधी ने नारा दिया था कि लड़की हूं लड़ सकती हूं, वहीं राजस्थान में तत्कालीन कांग्रेस सरकार होने के बावजूद दलित महिलाओं के साथ अत्याचार और दुष्कर्म के मामले बढ़ते गए। ऐसे में गोठवाल द्वारा प्रियंका को टिकट भेजकर राजस्थान में आकर महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार व दुष्कर्म पर बोलने के लिए निमंत्रण भेजा था। इसके अगले ही दिन गहलोत ने बदले की भावना से उनके खिलाफ कई केस दर्ज करवाए और गिरफ्तार करवाकर दलितों की आवाज को दबाने का प्रयास किया था।

# आचार्य विद्यासागर जी मानवता के पोषक संत : राज्यपाल



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शुक्रवार को मुम्बई पहुंचे। उन्होंने वहां दादर स्थित योगी सभागार में आचार्य विद्यासागर के प्रथम समाधि दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लिया और उन्हें अपनी आदरांजलि अर्पित की। उन्होंने इस दौरान आचार्य श्री द्वारा देश में गौशालाओं की स्थापना, हथकरघा उद्योग के प्रोत्साहन, शिक्षा के क्षेत्र में दिए योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि संत-महात्मा किसी एक समुदाय के नहीं मानव मात्र के कल्याण से जुड़े होते हैं। आचार्य विद्यासागर जी ऐसे ही संत थे। उन्होंने उनकी तपस्चर्या और जीवन से जुड़े आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। बागडे ने आचार्य विद्यासागर के शिष्य स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी को प्रणाम निवेदित करते कहा कि वे अपने गुरु के कार्य को आगे बढ़ाकर समाज के उन्नयन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

# ज्वेलरी शॉप से कच्ची चांदी का स्क्रैप चुरा ले गए बदमाश

**जयपुर।** कालवाड़ इलाके में बदमाश ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर कच्ची चांदी स्क्रैप चोरी कर ले गए।

जयपुर में एक ज्वेलरी शॉप में चोरी का मामला सामने आया है। बोलेरो सवार बदमाश शॉप का शटर तोड़कर अंदर घुसे। महज 6 मिनट में कच्ची चांदी स्क्रैप चोरी कर फरार हो गए। ज्वेलरी शॉप के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों की करतूत कैद हो गई। कालवाड़ थाना पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि कालवाड़ के रहने वाले कैलाश कुमावत की ज्वेलरी शॉप में चोरी हुई। रामकुई इलाके में उनकी लक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम से शॉप है। गुरुवार रात को रोज की तरह शॉप लॉक कर वह अपने घर आ गए थे। देर रात पीछे से बदमाशों ने चोरी की नीयत से ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया। शटर तोड़कर घुसे बदमाश शॉप की अलमारी में रखी कच्ची चांदी स्क्रैप चोरी कर ले गए। सुबह आस-पड़ोसी दुकानदारों ने शटर टूटे देखकर ज्वेलर कैलाश कुमावत को चोरी की सूचना दी। ज्वेलर के साथ ही कालवाड़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए।

ज्वेलरी शॉप के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर चोरों की करतूत कैद मिली। रात करीब 2:53 बजे बोलेरो गाड़ी में आए 6 बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। दो बदमाश शॉप से कुछ दूरी पर खड़े होकर निगरानी रखते रहे। चार बदमाशों ने नकब के जरिए शॉप का शटर तोड़ा। महज 6 मिनट में शॉप में रखे कच्ची चांदी स्क्रैप चोरी कर ले गए। पीड़ित ज्वेलर ने पुलिस को बताया कि सोने-चांदी के बने हुए आइटम वह बैग में रखकर घर ले गया था, इसके चलते बड़ी चोरी होने से बच गई। पुलिस फुटेज के आधार पर बोलेरो गाड़ी चोरों की तलाश कर रही है।

# प्रत्येक जिले में कामकाजी महिला हॉस्टल खोले जाएंगे : अविनाश गहलोत

**जयपुर, (वि.सं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से कामकाजी महिला हॉस्टल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिला हॉस्टल के निर्माण के लिए 30 जिला मुख्यालयों पर भूमि का आवंटन हो चुका है तथा 11 जिला मुख्यालयों पर भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिला निवास योजना के भवन निर्माण के लिए भारत सरकार द्वारा मांगे जाने पर स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2024-25 के अन्तर्गत जारी गाइडलाइन पार्ट-एक्स (कंस्ट्रक्शन आफ वर्किंग वूमन हॉस्टल्स) के तहत राजस्थान राज्य के लिए 165.32 करोड़ रुपए की डीपीआर मय रिपोर्ट बजट मांग के लिए प्रस्ताव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार को 24 जनवरी 2025 को भिजवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कामकाजी महिला निवास योजना के संचालन के लिए सभी संभाग मुख्यालयों (अजमेर, जोधपुर, जयपुर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर) पर भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटित करवाई जा चुकी है। उन्होंने उक्त बजट घोषणा की अनुपालना में कामकाजी महिला निवास योजना के संचालन के लिए दिशा-निर्देश भी सदन के पटल पर रखे।

गहलोत ने पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व सरकार ने बजट घोषणा 23-24 में संभाग स्तर पर 100 तथा जिला मुख्यालय स्तर पर 50 महिलाओं के रहने के लिए इंदिरा गांधी वर्किंग वूमन हॉस्टल्स प्रारंभ करने की घोषणा की थी, लेकिन इनके पेटे किसी भी राशि का कोई प्रावधान नहीं किया।

# टैक्सी-ड्राइवर को पीटने वाले वकीलों पर एफ.आई.आर. दर्ज

■ **इस घटना से नाराज टैक्सी ड्राइवर यूनियन ने उठाई वकीलों का लाइसेंस सस्पेंड करने की मांग**

■ **एडवोकेट की कार से गाड़ी टकराने पर की थी पिटाई**

**जयपुर।** जयपुर में अंबेडकर सर्किल पर गुरुवार दोपहर टैक्सी ड्राइवर को पीटने के मामले में आज दो एफआईआर दर्ज करवाई गई। एक एफआईआर पीड़ित टैक्सी ड्राइवर ने दर्ज करवाया। वहीं, दूसरा केस टैक्सी में बैठे कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग के अधिकारियों ने दर्ज करवाया। इससे पहले ड्राइवर यूनियन ने जयपुर जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। आरोपी वकीलों के खिलाफ नारेबाजी की।

वहीं, कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी अशोक नगर थाने पहुंचे। मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान टैक्सी में बैठे पीड़ित उप मुख्य निरीक्षक हरीशंकर और वरिष्ठ निरीक्षक चंद्रकांत पाकड़ भी विभाग के कर्मचारियों के साथ थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज करवाई।

पीड़ित ड्राइवर मुकेश प्रजापत ने बताया कि गाड़ी टच होने की बात पर ही वकीलों ने हम से मारपीट की। इतना ही नहीं जब हम कल मामले में पुलिस कार्रवाई करने के लिए थाने पहुंचे थे तो उनके द्वारा हमें मुकदमा दर्ज नहीं करवाने के लिए धमकाया गया।

टैक्सी ड्राइवर यूनियन के प्रतिनिधियों ने कहा- हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और प्रशासन से मांग करते हैं कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग में कार्यरत इतिका ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमारे उप मुख्य निरीक्षक हरीशंकर का हार्ट का ऑपरेशन हुआ था। जो विभाग के सीनियर अधिकारी हैं। ये लोग उनके साथ ही मारपीट कर सकते है तो आमजन कैसे क्या करेगा। हमारी मांग इन लोगो के लाइसेंस सस्पेंड होने चाहिए साथ ही कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

एडिशनल डीसीपी साउथ, ललित कुमार शर्मा ने बताया कि कल की घटना के संबंध में टैक्सी ड्राइवर और अधिकारी दोनों की ओर से मामला दर्ज किया गया है। यह मामला एक वीडियो के माध्यम से सामने आया है, जिसकी गहन जांच जारी है। संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी और सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि एक वकील की गाड़ी और टैक्सी में टक्कर हो गई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। वहां मौजूद एडवोकेट्स ने ड्राइवर को गाड़ी से बाहर निकाल मारपीट शुरू कर दी। इतना मारा कि ड्राइवर सड़क पर ही रोने लगा। इसके बाद पुलिस ने आकर समझाइश की और ड्राइवर को बचाया।

# आमजन को टीबी रोग की जानकारी जरूरी : डॉ.रवि

**जयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन, जयपुर में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिलों के सभी आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) समन्वयकों एवं पीपीएम (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) समन्वयकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

निदेशक (जन स्वास्थ्य) डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक आमजन को टीबी रोग की सही जानकारी सुलभ नहीं होगी, तब तक एक स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव नहीं है। इस दिशा में आईईसी समन्वयकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा 11 मार्च से 24 मार्च (विश्व टीबी दिवस) तक पूरे प्रदेश में टीबी मुक्त पंचायत अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर क्षय रोग (टीबी) को समाप्त करने के लिए जनजागरूकता बढ़ाना और रोग उन्मूलन हेतु सक्रिय कदम उठाना है।

# उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र में ओटीएमपी के शेष रहे कार्य छह महीने में होंगे पूरे : कन्हैयालाल चौधरी

.(वि. स.)। राजस्थान में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में ओटीएमपी के शेष रहे सभी कार्यों को आगामी छह महीने में पूरा किया जायेगा।

कन्हैयालाल प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि जल जीवन मिशन के तहत उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी तथा लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गत सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन के तहत मात्र 40 प्रतिशत कार्य ही पूरे हो पाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेष प्रयासों से इन कार्यों को गति मिली तथा अब केन्द्र सरकार द्वारा इन कार्यों की अवधि को वर्ष 2028 तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि हैण्डपम्पों के उचित रखरखाव एवं मरम्मत के लिए इसकी जिम्मेदारी पंचायती राज अथवा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में से किसी एक ही विभाग को देने के लिए मंत्रिमंडल में समीक्षा कर निर्णय लिया जाएगा।

इससे पहले विधायक फूल सिंह मीणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 139 गांवों में से 135 ग्रामों को जल जीवन मिशन के तहत लाभान्वित किये जाने के लिए अन्य योजनाओं (ओटीएमपी) की स्वीकृतियां राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की विभिन्न बैठकों द्वारा जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में दिसम्बर 2022 तक जल जीवन मिशन के तहत 325.77 करोड़ रूपये की 106 योजनाओं की स्वीकृतियां जारी की गई थी। जिनकी केन्द्रीय मद में 155.07 करोड़ रुपए एवं राज्यमद में 157.63 करोड़ रूपये की स्वीकृतियां जारी की गई थी। उन्होंने इसका विवरण सदन के पटल पर रखा।

उन्होंने बताया कि उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत 48 हजार 780 जल संबंध जारी किये जाने के लिए स्वीकृति जारी की गई है। इसके विरूद्ध गत जनवरी तक 18 हजार 699 जल संबंध जारी किए गए है एवं स्वीकृत योजनाओं पर जनवरी तक 121.31 करोड़ रूपये का व्यय किया गया है। उन्होंने इसका विवरण सदन के पटल पर रखा।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रभारी मंत्री और सचिव जिलों का दौरा करेंगे

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों और सचिवों को बजट घोषणाओं का त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए प्रभारी सचिव और प्रभारी मंत्री 22 एवं 23 फरवरी को अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा करेंगे।

मंत्री 23 फरवरी को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, बजट घोषणा 2025-26 के संबंध में भूमि चिन्हीकरण और आवंटन की स्थिति के साथ ही वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की प्रगति एवं जिलों से संबंधित अन्य मुद्दों पर प्रभारी सचिव, जिला कलक्टर एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे तथा इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# राजस्थान के वैद्य ताराचंद शर्मा को "धन्वन्तरि" पुरस्कार




राजस्थान के मूल निवासी और दिल्ली में चिकित्सारत सुप्रसिद्ध नाड़ी वैद्य ताराचंद शर्मा को भारत सरकार की ओर से आयुर्वेद के सर्वोच्च "धन्वन्तरि" पुरस्कार से अलंकृत किया गया है। उन्हें पुरस्कार स्वरूप पांच लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र, शॉल और श्रीफल प्रदानकर सम्मानित किया गया। वैद्य शर्मा को यह पुरस्कार 20 फरवरी को मुंबई में आयोजित एक समारोह में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने प्रदान किया। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के समापन एवं "धन्वन्तरि" पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और विशिष्ट अतिथि एकनाथ शिंदे थे। समारोह में आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा, राष्ट्रपति के मानद चिकित्सक वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा सहित आयुर्वेद जगत की कई जानी मानी हस्तियां उपस्थित थी। मूलतः झुंझुनूं जिले के बिसाऊ कस्बे के निवासी वैद्य ताराचंद शर्मा इससे पहले भी आयुर्वेद जगत के अनेक पुरस्कार एवं उपाधियों से सम्मानित किए जा चुके हैं।

# प्योर ईवी ने जियोथिंग्स के साथ की साझेदारी

**जयपुर।** भारत के प्रमुख टू-व्हीलर मैन्युफैक्चरर्स में से एक, प्योर ईवी ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों में स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर और टेलीमैटिक्स को एकीकृत करने के लिए जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की सहायक कंपनी जियो थिंग्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य उन्नत आईओटी समाधान, निर्बाध कनेक्टिविटी और समग्र डिजिटल एकीकरण का लाभ उठाकर उपयोगकर्ता अनुभव को फिर से परिभाषित करना है।

प्योर ईवी अपने ईडब्ल्यू में जियोथिंग्स स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर्स का उपयोग करेगा, जिसमें एंड-टू-एंड आईओटी समाधान शामिल हैं, ताकि उनकी कार्यक्षमता और इन्टरएक्टिविटी को बढ़ाया जा सके। 4जी कनेक्टिविटी द्वारा सक्षम टेलीमैटिक्स को शामिल करने से ग्राहक वास्तविक समय में वाहन के प्रदर्शन की निगरानी कर सकेंगे और अधिक कुशल संचालन के लिए उपयोगी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। जियोथिंग्स 4जी स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर एंड्रॉइड ओपन सोर्स प्रोजेक्ट पर आधारित एवनिओएस का उपयोग करता है। यह रीयल-टाइम डेटा एनालिटिक्स और फुल एचडी टचस्क्रीन डिस्प्ले कम्पैटिबिलिटी प्रदान करता है।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल के आवासीय मकान नम्बर 119/276 मानसरोवर जयपुर राजस्थान के सन्दर्भ में श्री गजानन्द सिंह चौहान के पक्ष में जारी अलॉटमेन्ट लैटर नम्बर 5172 दिनांकित 25.1.1990, अदेय प्रमाण पत्र कमांक 4798 दिनांकित 27.11.1999, पजेशन सर्टिफिकेट दिनांकित 1.3.1990 तथा श्रीमती राज कुमारी चौहान के पक्ष में जारी नियमितीकरण पत्र एवं अदेय पत्र क्रमांक 252 दिनांकित 15.1.2001 कहीं खो गये है। जिसके सम्बन्ध में एक ऑनलाईन पुलिस इनफोरमेशन रिपोर्ट एलआर 2643544/2025 दिनांक 21.02.2025 को दर्ज कराई गई है। उक्त मकान की वर्तमान स्वामिनी श्रीमती राजकुमारी चौहान ने उक्त मकान को रहन रख कर ऋण प्राप्त करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक आर ए सी पी सी जयपुर में आवेदन किया है। यदि किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में सम्पर्क करे बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। **(दिलीप पारीक) अधिवक्ता**
दिनांक 20.2.2025 मोबाइल नम्बर 9413417921

**आम सूचना** मैं, मेरी अभिभाष्या श्रीमती अंगूरी देवी पत्नी बंसी जाति बावरिया निवासी-म.नं. 19/20 श्रीरामपुरी कॉलोनी, निवारू रोड, झोटवाडा, जयपुर (राज.) की है की ओर से यह आम सूचना के जरिये घोषणा करती है कि मेरी अभिभाष्या के पुत्र/पुत्रीया/पुत्रवधु क्रमशः बबली देवी पत्नी स्व. श्री सुल्ती, राजकुमार, सादिल पुत्र सुल्ती पायल पुत्री सुल्ती पिंकी पत्नी राजकुमार के है ये सभी मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है तथा वह गलत लोगों के बहकावे में आने के कारण मेरी अभिभाष्या अपने उपरोक्त को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती है तथा भविष्य में वह अपने उपरोक्त से किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं रखेगी जो भी व्यक्ति मेरी अभिभाष्या के उपरोक्त सेकिसी प्रकार का लेन देन करेंगे उसके लिये वह स्वयं वो भी जिम्मेदार होगा। उसके लिये मेरी अभिभाष्या की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
दिनांक-21.02.2025 **(प्रशान्त शर्मा) एडवोकेट** मो.नं. 9414044441

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य हनुमान प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री भंवरलाल जाति महाजन निवासी सावरदा तहसील मौजमाबाद जिला जयपुर राज. को रहने वाला है। मेरे अभिभाष्य का पुत्र मयंक खण्डेलवाल पुत्र हनुमान प्रसाद उम्र 30 साल जो मेरे अभिभाष्य के अनुशासन, नियंत्रण में नहीं रहता है तथा सामाजिक व पारिवारिक मर्यादा के प्रकार से भरण पोषण इत्यादि नहीं करता है ना ही मयंक खण्डेलवाल मेरे अभिभाष्य के कहने में है इसलिए मयंक खण्डेलवाल को मेरा अभिभाष्य अपनी चल व अचल सम्पत्ति से वंचित/बेदखल करता है तथा सामाजिक रूप से भी मयंक खण्डेलवाल को मेरा अभिभाष्य स्वयं व परिवार से अलग समझा जावें। उपरोक्त मयंक खण्डेलवाल मेरे अभिभाष्य की प्रतिष्ठा के आधार पर किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन/संव्यवहार करता है या मेरी चल अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का ईकरारनामा संव्यवहार इत्यादि करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संव्यवहार करने वाले व्यक्ति व मयंक खण्डेलवाल स्वयं की होगी जिसके लिए मेरा अभिभाष्य किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।
**शिवराम शर्मा, एडवोकेट, मा. 7615902732**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मृदुला शर्मा पत्नी श्री सुनील कुमार शर्मा से बदलकर मृदुला त्रेहन शर्मा कर लिया है, जैसा की आधार कार्ड और पैनकार्ड में दर्ज है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाये, मोबाइल-9982683023

I Kalu Ram S/o Sahib Ram R/o 31 SSW (Fatehgarh) Hanumangarh, Rajasthan-335801,have changed my name to Ram Poonia.

**खोया पाया**

मेरा प्लाट नम्बर 22, वाटिका एनक्लेव, ग्राम वाटिका, सांगानेर, जयपुर जो 197.91 गज का मूल पट्टा क्रमांक सी-4773 व ई-4531 कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। शंकर लाल पुत्र श्री महादेव प्रसाद 9414717505

मेरे Flat No. E3/4/4, Dwarkapuri Apartment प्रताप नगर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें-सीताराम रैगर-9351390331

**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner), Bhusawar : Bharatpur (Rajasthan)-321406
No. : F.( )/Dean-COAB/2025/1072-76 Dated :- 18/02/2025
**NOTICE INVITING BID**
Bid for open tender regarding Tube Well Construction are invited from interested bidders up to 11.00 AM, 25.02.2025. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state or **www.sknau.ac.in** University website.
**NIB Code SKN2425A0416 and UBN is SKN2425WSOB00415**
Raj.Samwad/C/24/12077 DEAN

**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY) Kumher, Distt. - Deeg, PIN- 321201
No. : F. /OT/COA-K/2025/3372 Dated :- 20/02/2025
**NOTICE INVITING BID**
Bid for open tender regarding purchase of Office Furniture are invited from interested bidders up to 11.30 AM of 03.03.2025 and the tender will be opened on 03.03.2025 at 11.30 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the Rajasthan state; and **www.sknau.ac.in** University Website. **UBN is: SKN2425GSOB00424**
Raj.Samwad/C/24/12069 DEAN

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
मुरलीपुरा स्कीम, सब्जी मण्डी, जयपुर।
क्रमांक :- जसअ/2025/304 दिनांक: 20.02.2025
**ई- निविदा सूचना संख्या 52/2024-25**
केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत "एए" व "ए" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न विकास कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की Web Site www.jaipurmc.org पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगीं।
SPPP portal UBN No. JMC2425WSOB01427
अधिशाषी अभियन्ता
मुरलीपुरा जोन
नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
राज.संवाद/सी/24/12101

**कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)**
Email ID-lalsot.jaipur@yahoo.com Ph.-01427-220054
क्रमांक-भूमि/900/7255 **प्रारूप 10 नियम 6(7) देखिए** दिनांक-21.02.2025
**प्राधिकृत अधिकारी दौसा**
**सूचना**
1. श्रीमती अन्नपूर्णा पत्नि स्व. श्री तीर्थनारायण हिस्सा 1/24 जाति ब्राह्मण सा. देह खातेदार 2. श्री कमल कान्त शर्मा पुत्र श्री अरूण कुमार शर्मा हिस्सा 23/120 जाति ब्राह्मण 3. श्री चन्द्रशेखर पुत्र श्री तीर्थनारायण हिस्सा 1/24 जाति ब्राह्मण सा. देह खातेदार 4. श्री मदन लाल मीना पुत्र शम्भुदयाल मीना हिस्सा 1/3 जाति मीना 5. श्री राकेश कुमार शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा हिस्सा 7/30 जाति ब्राह्मण 6. श्री शम्भुदयाल पुत्र हरिशंकर हिस्सा 1/30 जाति ब्राह्मण 7. श्री शिवरतन पुत्र श्री कैलाशप्रसाद हिस्सा 1/48 जाति ब्राह्मण 8. श्रीमती सावित्री पुत्री श्री महादेव प्रसाद हिस्सा 5/48 जाति ब्राह्मण निवासी दौसा राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषक आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपनेअभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दौसा | दौसा कलां | 1949 | 0.34 है. |
| 2 | दौसा | दौसा कलां | 1950 | 0.36 है. |
| 3 | दौसा | दौसा कलां | 1952 | 0.12 है. |
| 4 | दौसा | दौसा कलां | 1953 | 0.26 है. |
| 5 | दौसा | दौसा कलां | 1954 | 0.34 है. |
| 6 | दौसा | दौसा कलां | 1959 | 0.16 है. |
| 7 | दौसा | दौसा कलां | 1960 | 1.18 है. |
| कुल | | | | 1.76 है. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेज़ों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .... को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, दौसा

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 CrPC देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **महेंद्र कुमार, पुत्रः श्री श्याम लाल, निवासीः वीपीओ-गोपालपुर, कोटपुतली, जयपुर, राजस्थान** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 72/2021 U/S 287/336 IPC** के तहत एक मामला **थाना पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **महेंद्र कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **महेंद्र कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **महेंद्र कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
छाया त्यागी
एमएम (पूर्व)-05, कमरा नं. 03, दूसरी मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/2084/ED/2025



विराट कोहली फॉर्म में वापसी के लिए खुद पर बहुत अधिक दबाव बना रहे हैं। वह जिस तरह से अपनी पारी आगे बढ़ा रहे हैं उन्हें इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

- अनिल कुंबले

भारतीय गेंदबाज, कोहली की फॉर्म को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## युवराज सिंह



भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह एक दशक बाद फिर साथ खेलेंगे सचिन और युवराज 22 मार्च को मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन मैच में एक बार फिर भारत की प्रतिष्ठित नीली जर्सी पहनकर मैदान में उतरेंगे।इस टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा लेंगी। जिसमें भारत, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। सभी टीम में क्रिकेट के कुछ बड़े स्टार शामिल हैं। ये प्रतियोगिता नवी मुंबई, वडोदरा और रायपुर में आयोजित की जाएगी। फाइनल 16 मार्च को रायपुर में खेला जाएगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** 67 साल पहले डॉन ब्रैडमैन टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो गए थे, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी औसत का उनका रिकॉर्ड आज तक कोई नहीं तोड़ पाया।

## अफगानिस्तान के खिलाफ हेनरिक क्लासेन प्लेइंग इलेवन से बाहर

कराची, 21 फरवरी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का तीसरा मुकाबला अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जा रहा है। कराची में टूर्नामेंट के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टेम्बा बावुणा की टीम के लिए हेनरिक क्लासेन के फिट ना होना बड़ा झटका है। जानकारी के अनुसार विकेटकीपर बल्लेबाज को बाएं कोहनी में दिक्कत है। इसके अलावा ट्रिस्टन स्टब्स भी नहीं खेले। वह क्यों नहीं खेले इसे लेकर कोई अपडेट नहीं मिला।विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन को बाईं कोहनी की चोट के कारण अफगानिस्तान के मुकाबले से बाहर होना पड़ा। साउथ अफ्रीका की टीम ने एहतियात के तौर पर उन्हें न खिलाने का फैसला किया। आगे साउथ अफ्रीका को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है। साउथ अफ्रीका की प्लेइंग 11 में केवल एक स्पेशलिस्ट स्पिनर केशव महाराज को मौका मिला। अफगानिस्तान की बात करें तो चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में ये उसका पहला मैच है। पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी इस टूर्नामेंट में 40 साल की उम्र के बाद डेब्यू करने वाले 5वें खिलाड़ी बन गए।



## स्वियाटेक को हराकर एंड्रीवा दुबई टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

दुबई, 21 फरवरी । रूस की टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व की दूसरे नंबर की पोलैंड़ खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। गुरुवार को खेले गये मुकाबले में 17 वर्षीय एंड्रीवा ने इगा को क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ ही रूस की एंड्रीवा टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। एंड्रीवा दूसरे सेट में 3-1 से पिछड़ रही थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर पांच बार की ठौंड स्लैम विजेता स्वियाटेक को एक घंटे 36 मिनट तक चले मुकाबले में हरा दिया। सेमीफाइनल में एंड्रीवा का मुकाबला रूस में जन्मी कज़ाकिस्तान की पेशेवर टेनिस खिलाड़ी एलेना रयबाकिना से होगा। मैच के बाद एंड्रीवा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं मैच से पहले बहुत घबराई हुई थी और हमने पिछले साल सिनसिनाटी में खेला था जिसमें स्वियाटेक ने जीत दर्ज की थी। मैंने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने शॉट्स पर ध्यान केन्द्रित किया जिससे मैं जीत हासिल कर सकी।

## बीएसएफ ने 'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का किया आयोजन

अमृतसर 21 फरवरी । सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) रविवार (23 फरवरी) को अमृतसर में 'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का आयोजन करने जा रही है। हैंड इन हैंड विद वॉर्डर पॉपुलेशन थीम के आधार पर यह मैराथन न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बीएसएफ ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञिप्त में बताया गया है कि इस भव्य आयोजन की गरिमा को बढ़ाने के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। वर्ष 2022 से आरंभ हुई यह वार्षिक मैराथन, जो एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जाती है, हर वर्ष अपनी भव्यता और लोकप्रियता में वृद्धि कर रही है। इस वर्ष, यह आयोजन और भी विशाल होने जा रहा है, जिसमें 5200 से अधिक धावक भाग ले रहे हैं, जिनमें भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पेशेवर एथलीट भी शामिल हैं। पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों के युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस मैराथन की सफलता और महत्व को और भी मजबूत बनाती है।

## ओसीए ने 2026 एशियाड के लिए ईस्पोर्ट्स कार्यक्रम का विस्तार किया

नई दिल्ली, 21 फरवरी। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने 2026 एशियाई खेलों में ईस्पोर्ट्स कार्यक्रम में विस्तार करने का फैसला किया है और अब इसमें 11 खिताब दाव पर लगे होंगे जिससे भारत की पदक संभावनाओं को बढ़ावा मिला है। ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने चीन के हार्बिन में अपनी बैठक के दौरान स्ट्रीट फाइटर 6, पोकेमॉन यूनाइट, ऑनर ऑफ किंग्स, लीग ऑफ लीजेंड्स - एशियाई खेलों का संस्करण, पबजी - एशियाई खेलों का संस्करण, मोबाइल लीजेंड्स - बैंग बैंग, नाराका: ब्लेडपॉइंट, ठौन टूरिज्मो 7, ईफुटबॉल सीरीज और पुयो पुयो चैंपियंस को 2026 एशियाई खेलों में पदक स्पर्धाओं के रूप में शामिल करने को मंजूरी दी। 2022 हांग्झोउ एशियाई खेलों में ईस्पोर्ट्स ने सात खिताबों के साथ आधिकारिक पदक स्पर्धा के रूप में शुरुआत की थी। भारत ने इनमें से केवल चार में प्रतिस्पर्धा की थी। भारत में अन्य स्पर्धा प्रतिबंधित थी। छह नए खिताबों को शामिल करने और 2022 के दो खिताबों को हटाने के साथ भारत के ईस्पोर्ट्स दल के बढ़ने की संभावना है। पबजी और मोबाइल लीजेंड्स - बैंग बैंग पर अब भी प्रतिबंध होने के बावजूद दल में बढ़ोतरी होगी।

# दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 107 रनों से हराया

कराची 21 फरवरी। रायन रिकलटन (103) की शतकीय, कप्तान तेम्बा बवूमा (58), एडन मारक्रम (नाबाद 52) रासी वान दर दुसें (52) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी के तीसरे मैच में अफगानिस्तान को 107 रनों से हरा दिया।

316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 50 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज (10), इब्राहिम जदरान (17), सेदिकुल्लाह अटल (16) और हशमतउल्लाह शहीदी (शून्य) पर आउट हुये। इस दौरान रहमत शाह एक छोर थामे रन बनाते रहे। आलम यह रहा कि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे अफगानिस्तान के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। अजमतउल्लाह ओमरजई (18) को कगिसो रबाड़ा ने आउट किया। मोहम्मद नबी (आठ) को यानसन ने अपना शिकार बनाया। गुलबदीन नईब (13) और राशिद खान (18) रन बनाकर आउट हुये। 43 ओवर की तीसरी गेंद पर कगिसो रबाड़ा ने रहमत शाह को आउटकर अफगानिस्तान की पारी का 208 के स्कोर पर अंत कर दिया। रहमत शाह ने अफगानिस्तान के लिए





92 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (90) की पारी खेली।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिये। वियान मुल्डर और लुंगी एन्गिडी ने दो-दो विकेट लिये। मार्को यानसन, और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बवूमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 28 के स्कोर पर टोनी डीजार्जी (11) का विकेट गवां दिया। उन्हें मोहम्मद नबी ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान तेम्बा बवूमा ने रायन रिकलटन के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 129 रनों की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में मोहम्मद नबी ने तेम्बा बवूमा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। तेम्बा बवूमा ने 76 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (58) रन बनाये। 36वें ओवर में रायन रिकलटन रनआउट हुये। रायन रिकलटन ने 106 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (103) रनों की पारी खेली। 43वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट रासी वान दर दुसें (52) के रूप में गिरा। डेविड मिलर (14) और इसके बाद मार्को यानसन (शून्य)पर आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 315 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। एडन मारक्रम (52) और वियान मुल्डर (12) रन बनाकर नाबाद रहे।

अफगानिस्तान की ओर से मोहम्मद नबी ने दो विकेट लिये। नूर अहमद , अजमतउल्लाह ओमरजई और फजलहक फारूकी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का काफिला दुर्घटनाग्रस्त, कोई घायल नहीं

नई दिल्ली, 21 फरवरी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का काफिला पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन किसी को चोट नहीं लगी है।



पुलिस ने बताया कि हादसा बृहस्पतिवार को दुर्गापुर एक्सप्रेसवे पर हुआ जब गांगुली कार में सफल कर रहे थे और एक तेज रफ्तार से आ रही लॉरी ने उसे ओवरटेक किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया ,'' लॉरी के अचानक आने से गांगुली की कार के ड्राइवर को अचानक ब्रेक लगाने पड़े जिससे उनके पीछे आ रहे उनके काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गई।'' उन्होंने कहा ,'' एक वाहन गांगुली की कार से भी टकराया। दो गाड़ियों को मामूली नुकसान हुआ है।'' गांगुली बर्धवान यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में भाग भी लिया।

## गुजरात पर दो रन की बढ़त के आधार पर केरल रणजी के फाइनल में

अहमदाबाद 21 फरवरी । आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत केरल और गुजरात के बीच खेला गया पहला सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को ड्रा रहा और केरल ने पहली पारी में मिली दो रनों की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।



गुजरात ने कल के सात विकेट पर 429 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में सरवटे ने जयमीत पटेल (78) को मोहम्मद अजहरूद्दीन के हाथों स्टंप करवाकर केरल को 436 के स्कोर पर आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सरवटे ने सिद्धार्थ देसाई (30) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। अरजान नागवासवाला (10) भी सरवटे का शिकार बने। केरल के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम 174.4 ओवर में 455 के स्कोर पर समेट कर दो रनों की बढ़त ले ली। केरल की ओर से आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) लिये। एम डी निधीष और एनपी बासिल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी केरल ने अपने दो विकेट 32 के स्कोर पर गवां दिये।

अक्षय चंद्रन (नौ), वरुण नयनार (एक) रन बनाकर आउट हुये। सिद्धार्थ देसाई ने रोहन कुन्नुमल (32) को आउटकर केरल को तीसरा झटका दिया। केरल का चौथा विकेट सचिन बेबी (10) रन के रूप में गिरा। मैच को ड्रा घोषित किये जाने के समय केरल का दूसरी पारी में स्कोर चार विकेट पर 114 रन था। गुजरात की ओर से सिद्धार्थ देसाई और मनन हिंगराजिया को दो-दो विकेट मिले।

उल्लेखनीय है कि केरल ने पहली पारी में 457 का स्कोर खड़ा किया था। रणजी ट्रॉफी का फाइनल मैच केरल और विदर्भ के बीच होगा।

## राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक में हरियाणा बना चैंपियन

चंडीगढ़ , 21 फरवरी । खेल के क्षेत्र में देशभर में सिरमौर बने हरियाणा के पैरा एथलीटों ने भी चेन्नई में आयोजित 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में अपना जलवा दिखाते हुए 'चैंपियनशिप ट्रॉफी' अपने नाम कर ली। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के महासचिव ज्योति छाबड़ा ने बताया की इस प्रतियोगिता में हरियाणा के 172 खिलाड़ियों की टीम ने हिस्सा लिया था।

## चहल-धनश्री का तलाक फाइनल नहीं हुआ, मामला कोर्ट में चल रहा

नई दिल्ली, 21 फरवरी। भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज युजवेंद्र चहल और धनाश्री वर्मा का तलाक हो गया है। दोनों 18 महीने से एक-दूसरे से अलग रह रहे थे। गुरुवार, 20 फरवरी को बांद्रा फैमिली कोर्ट में आखिरी सुनवाई हुई, जिसके दौरान धनाश्री और युजवेंद्र मौजूद थे।



कानूनी कार्यवाही पूरी होने के बाद कपल ने ऑफिशियली अलग होने का फैसला किया। इसी बीच ऐसी खबरें आई कि चहल को तलाक के बाद धनाश्री को 60 करोड़ रुपये की एलिमनी देनी पड़ी है। हालांकि, सच कुछ और ही है। 60 करोड़ की एलिमनी की खबरों को झूठा बताया है। वकील ने कहा कि ये आंकड़ें निराधार हैं। मीडिया को इस बारे में रिपोर्ट करने से पहले फैक्ट चेक कर लेना चाहिए। धनाश्री की वकील ने आगे कहा कि, ये मामला फिलहाल कोर्ट में है। रिपोर्ट करने से पहले मीडिया को एक बार चेक कर लेना चाहिए क्योंकि बहुत सी भ्रामक बातें फैलाई जा रही हैं।

मालूम हो कि 60 करोड़ की एलिमनी की खबरें आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग भड़क गए थे और वो भी धनाश्री वर्मा को बुरी तरह ट्रोल कर रहे थे। कुछ ने तो धनाश्री वर्मा को मौकापरस्त और गोल्ड डिगर तक कह डाला।जबकि धनाश्री के एक परिवार के सदस्य ने नाम ना बताए जाने की शर्त पर बॉम्बे टाइम्स से कहा कि, एलिमनी को लेकर जो झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं, हम उनसे बहुत दुखी हैं। मैं एक बात क्लियर कर देना चाहता हूं, न तो इतनी रकम कभी मांगी गई, ना डिमांड की गई और ना ही ऑफर की गई है। ये अफवाहें हैं जिनमें कोई सच्चाई नहीं है।

## ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने रियान अजमेर को 3-1 से पराजित किया

जयपुर, 21 फरवरी। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में सुबोध स्कूल में जारी आर लीग यूथ अंडर-13 फुटबॉल प्रतियोगिता में आज पांच मैच खेले गए। पहला मैच फुटबाल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड, व रियान फुटबॉल क्लब, के मध्य खेल गया उसमें ब्रदर्स यूनाइटेड 3-1 से जीती। दूसरा मैच रॉयल फुटबॉल क्लब, व जयपुर यूनाईटेड फुटबाल क्लब, के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 रहा तीसरे मैच में एसल क्लब, व राजस्थान फुटबॉल स्कूल, के मध्य खेला गया, जिसमें अंतिम समय तक



स्कोर 3-3 बराबर रहा चौथे मैच में जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब, व जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स एकेडमी, के मध्य खेला गया जिसमें जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स एकेडमी, ने जयपुर एलीट क्लब, को 4-1 पराजीत किया। अंतिम मैच में चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब अजमेर, व जयपुर फुटसल क्लब, के मध्य खेला गया जिसको चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब अजमेर, ने जयपुर फुटसल क्लब को 5-0 से हराया ।

संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि कुल 90 मैचों में से अब तक 55 मैच खेले जा चुके हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर होने पर फूट-फूटकर रोए फखर जमान



कराची, 21 फरवरी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अभी तक कुछ अच्छा नहीं हुआ है।

टूर्नामेंट की शुरुआत करते हुए पहले ही ओवर में चोटिल हुए फखर जमान पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान की हालत बेहद बुरी है, भारत के खिलाफ मैच उसके लिए करो या मरो का होगा। साथ ही स्लो ओवर रेट के चलते आईसीसी ने पाकिस्तान पर जुर्माना भी लगाया है। वहीं सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें आउट होकर लौटे फखऱ जमान फूट-फूटकर रोते नजर आ रहे हैं।फखर जमान शाहीन शाह अफरीदी द्वारा डाले गए पहले ही ओवर में चोटिल हो गए थे। बाउंड्री पर जाती गेंद को उन्होंने डाइव लगाकर रोका लेकिन खुद चोटिल हो बैठे।

उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा, हालांकि, वह थोड़े समय के लिए वापस फील्ड पर लौट आए थे। फखर बल्लेबाजी के लिए भी उतरे थे लेकिन बड़ा स्कोर करने में असफल रहे। अब उनके आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम जाने और उसके अंदर का वीडियो वायरल हो रहा है।

## राजापुरे, प्रेक्षा जैन व मिथिलेश सुंदर ने जीते दोहरे खिताब

लखनऊ, 21 फरवरी । पीसीडीए आर्मी पुणे के विक्रम ए.राजापुरे ने 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल व युगल आईडीएएस में दोहरे खिताब अपने नाम किए।

सूर्या खेल परिसर में आयोजित टूर्नामेंट में सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे की प्रेक्षा जैन (महिला आईडीएएस) और सीडीए चेन्नई के मिथिलेश सुंदर (पुरुष खेल कोटा) ने भी दोहरे खिताब जीतकर दबदबा कायम रखा। पुरुष युगल खेल कोटा में पीसीडीए आर्मी लखनऊ के अजय कुमार व शैलेंद्र पावा चैंपियन बने जिन्होंने बी.श्रीहर्षवद्धर्न व मिथिलेश सुंदर को रोमांचक मैच में सीधे गेम में 21-12, 21-18 से हराकर खिताब जीता। महिला युगल ओपन में पीसीडीए आर्मी लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी व पूनम यादव उपविजेता रहे। रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड (डीएएससीबी) के तत्वावधान में पीसीडीए (आर्मी) एवं आईएफए (सीसी) लखनऊ द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डा.मयंक शर्मा (आईडीएएस, रक्षा लेखा विशेष महानियंत्रक) ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इससे पूर्व संजय कुमार चौधरी (आईडीएएस, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) लखनऊ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आज खेले गए फाइनल मुकाबलों में पुरुष एकल आईडीएएस में पीसीडीए आर्मी पुणे के विक्रम ए.राजापुरे ने सीडीए चेन्नई के डा.धनशेखर रथिनाम को 21-21, 21-12 से हराकर खिताब जीता। पुरुष युगल आईडीएएस में सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे के आनंद अग्रवाल के साथ उतरे विक्रम ए.राजापुरे ने सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे के दक्ष जैन व रोहन कदम को 21-9, 21-19 से हराकर जीत दर्ज की। सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे की प्रेक्षा जैन ने युगल खिताब जीतने के बाद महिला एकल आईडीएएस में अपनी युगल जोड़ीदार पीसीडीए (ओ) पुणे की ममता जी. को 21-17, 21-15 से हराया।

### अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशु (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता

## राजस्थान विश्वविद्यालय वुशू टीम चंडीगढ़ के लिए हुई रवाना

जयपुर, 21 फरवरी। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय के तत्वाधान में दिनांक 22 से 27 फरवरी 2025 तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के धरूआ में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशु (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान विश्वविद्यालय टीम राजस्थान जयपुर से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुई। डॉ. प्रमोद सिंह सचिव खेल बोर्ड राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर ने बताया कि शान्शु वर्ग में अजय चौहान 52 किग्रा, गौरव महावर 56 किग्रा, अजय सिंह तंवर 60 किग्रा, राहुल चौधरी 65 किग्रा, ईश्वर सिंह 70 किग्रा, सचिन सिंह 75 किग्रा, मोहित शर्मा 85 किग्रा।



छात्रा वर्ग में: यामिनी कंवर 48 किग्रा, गुनगुन गुर्जर 52 किग्रा, कविता खोकर 56 किग्रा, पूर्ति शर्मा 60 किग्रा, शिवानी यादव 65 किग्रा, पूजा 70 किग्रा, पूजा सिंह 75 किग्रा। तालु वर्ग में भानु प्रताप पारीक, मनीष चौधरी, विकास जाट, गजपाल सिंह शेखावत, गणेश पंचोली, मोनेदर, गणेश ,मनोज चित्तौड़िया, पीयूष मेहरा, अनीश बाजिया, प्रेम सिंह, किशन कुमार, बालिका वर्ग में, साक्षी जेमन, चारू पारीक, दीक्षित नागर, छवि कंवर। डॉ. प्रमोद सिंह सचिव खेल बोर्ड राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर ने बताया कि यूनिवर्सिटी द्वारा टीम कोच हीरालाल चौधरी व टीम मैनेजर राहुल यादव को नियुक्त किया गया है। राजस्थान वुशू संघ अध्यक्ष हीरानंद कटारिया और भारतीय टीम कोच राजेश कुमार टेलर ने बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई और पदक जीतकर आने की शुभकामनाएँ प्रदान की।

## चम्बल स्पोर्ट्स क्लब ने सबा क्लब को हराया



जयपुर, 21 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में चम्बल स्पोर्ट्स क्लब ने सबा क्लब को 143 रनों से हराया। आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में सबा क्लब ने टॉस जीतकर पहले चम्बल स्पोर्ट्स क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। चम्बल स्पोर्ट्स क्लब ने राहुल खंडेलवाल के 16 रन, रोहन राजभर के 150 रन (145 गेंद, 9 चौके व 6 छक्के), तोषित भाटिया के 31 रन, भुवन शर्मा के 38 रन व अक्षय ताखर के नाबाद 30 रनों से 50 ओवर में 7 विकेट पर 330 रन बनाए। सबा क्लब के लिए सार्थक त्यागी ने 66 पर 2, मेहुल सिंह, आयुष आमेरिया, नावेद खान, व नीतीराज ने 1 - 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में सबा क्लब की टीम रियांश रामानी के 20 रन, यथार्थ भारद्वाज के 33 रन, नावेद खान के 23 रन, मोहम्मद सैफ 34 रन व आदित्य वाधवा के 41 रनों से 39.5 ओवर में 187 रन बनाकर आउट हो गई। चम्बल स्पोर्ट्स क्लब के लिए मिहित अठावाल ने 38 पर 3, अक्षय ताखर ने 32 पर 2, आर्यन जैन ने 49 पर 2, रोहन राजभर व दिव्यांश शर्मा ने 1 - 1 विकेट लिया।

### जयपुर पोलो सीजन 2025, महाराजा सवाई भवानी सिंह पोलो कप (12 गोल)

## विमल एरिओन अचीवर्स और अरावली पोलो फाइनल में





जयपुर, 21 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, महाराजा सवाई भवानी सिंह पोलो कप (12 गोल), शुक्रवार को रामबाग पोलो ग्राउंड पर दो मैच खेले गए। जिसमे पहला मैच दोपहर 3 बजे विमल एरिओन अचीवर्स ओर जयपुर सुजान के बीच मैच खेला गया जिसमे विमल एरिओन अचीवर्स ने जयपुर सुजान को 8-6 से हराया। जयपुर सुजान की ओर से पदमनाभ सिंह की तिकडी सहित 4 गोल भी टीम को जीता नही पाए और लांस वाट्सन ने 2 गोल किये। विमल एरिओन अचीवर्स की ओर से विश्वरूप ने 1, अभिमन्यु पाठक, पनोलो ने 2-2, डेनियल ने टीम के लिए शानदार 3 गोल किये। और दूसरा मैच डेल्टा/चांदना पोलो ओर अरावली पोलो के बीच शाम 4 बजे खेल गया। जिसमे डेल्टा/चांदना पोलो को अरावली पोलो ने 9-8 गोल से पराजित किया। डेल्टा/चांदना पोलो की ओर से मतिआस ने 3 ओर सेंटियागो ने 5 गोल किये वहीं अरावली पोलो की ओर से डिनो धनखड़ ओर कुलदीप सिंह ने 1-1, मेन्युअल ने 2 ओर चार हेंडीकैम्प खिलाड़ी फेडरिको ने तिकडी सहित 5 गोल कर टीम को जीत दिलाई।

### प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन और यूएस पोलो एसोसिएशन द्वारा आयोजन

## राजस्थान पोलो क्लब में पीडीकेएफ लेडीज पोलो कप 2025 का आयोजन आज

जयपुर, 21 फरवरी। राजस्थान पोलो क्लब में 22 फरवरी, शनिवार को यूएसपीए प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन लेडीज पोलो कप 2025 का दोपहर 4 बजे से आयोजन होगा। यह मैच प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन (पीडीकेएफ) और भारत के लीडिंग कैज़ुअलवियर ब्रांड और यूनाइटेड स्टेट्स पोलो एसोसिएशन (यूएसपीए) के ऑफिशियल ब्रांड यूएस पोलो एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

**यह मैच दो टीमों** - टीम पीडीकेएफ यूएसपीए पिंक और टीम पीडीकेएफ यूएसपीए ग्रीन के बीच खेला जाएगा। टीम पीडीकेएफ यूएसपीए पिंक का नेतृत्व जयपुर के हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह करेंगे। वहीं टीम पीडीकेएफ यूएसपीए ग्रीन लांस वाटसन के नेतृत्व में खेलेगी। मैच में हिस्सा लेने वाले अन्य खिलाड़ियों में पीडीकेएफ यूएसपीए पिंक टीम से संजुला मान, भावना कंवर चौहान और मोनिका सक्सेना शामिल होंगी। वहीं, टीम पीडीकेएफ यूएसपीए ग्रीन में कुमारी विजयश्री शक्तावत, डॉ. शिवांगी जय सिंह और मिली शेठ शामिल होंगी।

इस अवसर पर पीडीकेएफ की जनरल सेक्रेटरी, प्रिंसेस गौरवी कुमारी और यूएस पोलो एसोसिएशन विमेंसवियर की बिजनेस हेड, स्वप्निता सिंह भी उपस्थित रहेंगी। इसके अतिरिक्त, जयपुर के कई महिला संगठन, एनजीओ, पोलो प्रेमी और शहर के जाने-माने व्यक्ति भी मैच का आनंद लेने के लिए उपस्थित होंगे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता की सरकार है और हमारा एकमात्र ध्येय जनता की सेवा है, ऐसे में विधायक मुखर होकर काम करें।*

# 'हैरिटेज, नाइट, ग्रामीण व ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट के लिये बजट में प्रावधान किये गये हैं'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने विधायक दल की बैठक में मंत्रियों को अगले दो दिन जिलों में जाने के निर्देश दिये

जयपुर, 21 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में विधायक दल की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने विधायकों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए जनकल्याणकारी एवं शानदार बजट प्रस्तुत किया गया है। हमारी सरकार प्रत्येक वर्ग के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। हम सभी को यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बजट घोषणा का जमीन पर लाभ आमजन को मिले। शर्मा ने कहा कि आगामी 2 दिन (शनिवार-रविवार) सभी प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव अपने प्रभार वाले जिलों में जाएंगे तथा बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

- **मुख्यमंत्री ने विधायकों को भी अपने क्षेत्र में कई बार बजट घोषणाओं का प्रचार-प्रसार करने व आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने के लिये कहा।**

उन्होंने कहा कि विधायक भी अपने क्षेत्रों में रहकर बजट घोषणाओं का प्रचार-प्रसार करें तथा आमजन की समस्याओं का निस्तारण भी करें। उन्होंने विधायकों को स्पष्ट तौर पर कहा कि हमारी सरकार जनता की सरकार है और हमारा एकमात्र ध्येय जनता की सेवा है, ऐसे में विधायक मुखर होकर काम करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए चार लाख सरकारी नौकरियों के वादे को पूरा करने की दिशा में आगामी वर्ष में सवा लाख पदों पर सरकारी भर्तियां निकाली जायेंगी तथा निजी क्षेत्र में भी आगामी वर्ष में डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पहली बार ग्रीन बजट पेश किया गया है। इस बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ा कर 9 हजार रूपए करने, गेहूं के एमएसपी पर 150 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देने, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में बीमित पशुपालकों की संख्या को दोगुना करने सहित, विभिन्न घोषणाएं की गई हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए हेरिटेज पर्यटन, नाइट टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन, ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित करने के लिए बजटीय प्रावधान भी किये गये हैं। इस दौरान, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, मंत्रीगण तथा विधायकगण मौजूद थे।

# ब्यावर में अवैध खनन पर 2.82 करोड़ रूपए का जुर्माना

ब्यावर, 21 फरवरी (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खड़गावत के निर्देशानुसार, अवैध खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के तहत खनिज विभाग ने ग्राम रावतमाल, तहसील ब्यावर, जिला ब्यावर में स्थित खनन पट्टा संख्या 311/2007 (खनिज क्वाट्र्ज एवं फेल्सस्पार) का औचक निरीक्षण एवं सर्वे किया।? निरीक्षण के दौरान, मौके पर खनन कार्य बंद पाया गया, लेकिन पट्टा क्षेत्र में तीन खनन पिट्स मिले, जिनकी पैमाइश करने पर पता चला कि इन पिट्स से लगभग 21,341 टन खनिज का उत्खनन किया जा चुका है। खनिज विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, पट्टाधारी मैसर्स मातृपिता अर्थ प्रोडक्ट द्वारा अब तक कुल 44,877 टन खनिज का निर्गमन किया गया था, जबकि सर्वेक्षण में पाया गया कि खदान से मात्र 21,341 टन खनिज ही निकाला गया था। इससे स्पष्ट होता है कि पट्टाधारी ने खनन क्षेत्र का दुरुपयोग कर अन्य अवैध स्रोतों से प्राप्त खनिज का निर्गमन किया है। इस अनियमितता को ध्यान में रखते हुए पट्टाधारी के विरुद्ध रवन्ना दुरुपयोग का केस बनाकर दो करोड़ बयासी लाख तैंतालीस हजार एक सौ अट्ठाईस रुपये की मांग हेतु नोटिस जारी किया गया है एवं अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा की गई इस सख्त कार्रवाई से अवैध खनन पर अंकुश लगने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है।

- **जिला प्रशासन तथा खनन विभाग की सख्त कार्यवाही से अवैध खनन पर अंकुश लगेगा।**

# पुष्कर नगर परिषद का जेईएन 2 लाख रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

पुष्कर/अजमेर, 21 फरवरी (कासं)। अजमेर के पुष्कर उपखंड में शुक्रवार को भीलवाड़ा एसीबी ने ट्रैप की कार्यवाही करते हुए, पुष्कर नगर परिषद में कार्यरत जूनियर इंजीनियर रामनिवास मीणा को गिरफ्तार किया। आरोपी जेईएन रामनिवास मीणा ने टेंडर प्रक्रिया में बिल पास करने की एवज में 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। सूत्रों के अनुसार रिश्वत की राशि आरोपी का रिश्तेदार लेकर फरार हो गया है। एसीबी की टीम फरार रिश्तेदार की तलाश में जुटी है। दूसरी टीम नगर परिषद से मामले से जुड़ी जानकारियां एकत्र कर रही है। एसीबी अधिकारी आरोपी से पूछताछ में जुटे हैं।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा प्रथम ने शुक्रवार को पुष्कर में कार्रवाई की। टीम ने जेईएन रामनिवास मीणा पुत्र रतीराम मीणा, जो दौसा जिले के खेड़लीकला गांव का निवासी है, और नगर परिषद पुष्कर जिला अजमेर में कनिष्ठ अभियंता है, को गिरफ्तार किया। उसने परिवादी से पुष्कर नगर परिषद क्षेत्र में किए गए कार्यों के भुगतान बिलों पर हस्ताक्षर करने तथा बिल आगे एईएन व कमिश्नर को फॉरवर्ड करने के लिये वर्तमान बिलों तथा पूर्व में भुगतान हो चुके बिलों की कुल राशि का दस प्रतिशत मांगा। यह कुल राशि 20.83 लाख रुपए थी, इसलिए उसने दो लाख मांगे थे। यही नहीं, उसने एईएन मुकेश चौहान के लिए भी 5 प्रतिशत राशि (60 हजार) मांगी।

- **जेईएन ने रूपये अपने चचेरे भाई को दिलाये और वो मौके से रिश्वत की राशि लेकर फरार हो गया।**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि मांग सत्यापन के बाद, 16 फरवरी को रामनिवास ने 2 लाख रूपये रिश्वत स्वयं ली तथा 50 हजार रुपए सहायक अभियंता मुकेश चौहान को दिलवाए, जो स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर में एपीओ हैं। रामनिवास मीणा ने शुक्रवार को रिश्वत राशि के साथ परिवादी को पुष्कर बुलाया तथा रिश्वत राशि अपने चचेरे भाई महेश मीणा को दिलवाई, जो रिश्वत की राशि लेकर भाग गया। एसीबी टीम और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी भीलवाड़ा प्रथम को शिकायत मिली थी कि परिवादी से कार्यों के भुगतान से संबंधित बिलों पर हस्ताक्षर करने और आगे एईएन व कमिश्नर को फॉरवर्ड करने के लिए 2.60 लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। इस पर एसीबी अजमेर रेंज के उपमहानिरीक्षक कालुराम रावत के सुपरविज़न में एसीबी भीलवाड़ा टीम के पारसमल उप अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा प्रथम ने ट्रैप कार्यवाही की।

# दो -भाषा नीति का पालन करेगा तमिलनाडु

चेन्नई, 21 फरवरी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, यानी कि एनईपी से जुड़े विवादों के बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर हमला करने को लेकर डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन ने बड़ा बयान दिया है। उदयनिधि ने शुक्रवार को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पर पलटवार करते हुए कहा कि तमिलनाडु सिर्फ 'दो-भाषा' नीति का पालन करेगा और वह हमेशा से 'तीन-भाषा नीति का विरोध करता रहा है'। उन्होंने कहा कि राज्य केंद्र से केवल अपने द्वारा दिए गए टैक्स में से अपना जायज़ हक मांग रहा है।

उदयनिधि ने कहा, 'हम अपना हिस्सा, करीब 2150 करोड़ रुपये मांग रहे हैं। केंद्र चाहता है कि हम एनईपी और 'तीन भाषा' नीति को स्वीकार करें। तमिलनाडु हमेशा से तीन भाषा नीति का विरोध करता रहा है, इसलिए इसमें राजनीति करने की क्या बात है? शिक्षा तमिलों का अधिकार है, कृपया समझें कि राजनीति कौन कर रहा है।' इससे पहले दिन में, प्रधान ने एनईपी लागू करने पर जारी विवाद को लेकर स्टालिन पर निशाना साधा और उन पर 'राजनीतिक विमर्श बनाए रखने के लिए प्रगतिशील सुधारों को खतरे में डालने' का आरोप लगाया।

- **तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को दो टूक जवाब दिया।**

स्टालिनको लिखी चिट्ठी में प्रधान ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर युवा शिक्षार्थियों के हितों के बारे में सोचना चाहिए, जिन्हें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से फायदा होगा। शिक्षा मंत्री स्टालिन द्वारा गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र का जवाब दे रहे थे।

# 'दिल्ली रेलवे ..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यात्रियों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। तभी स्पेशल ट्रेनों के लेट होने और प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा के चलते स्टेशन पर भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई थी। जबकि 15 लोग घायल हुए थे।

# केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने तमिलनाडु के मु.मंत्री स्टालिन को चिट्ठी लिखी

## प्रधान ने स्टालिन से शिक्षा का राजनीतिकरण नहीं करने का आग्रह किया

नयी दिल्ली, 21 फरवरी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के रूख की आलोचना करते हुए उनसे शिक्षा का राजनीतिकरण न करने तथा छात्रों के हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठकर निर्णय लेने को कहा है। प्रधान ने स्टालिन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध किये जाने पर शुक्रवार को एक पत्र लिखकर यह हिदायत दी।

केन्द्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह पत्र साझा करते हुए कहा , किसी राज्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अदूरदर्शी दृष्टिकोण से देखना तथा राजनीतिक आख्यानों को बनाये रखने के लिए धमकियों का उपयोग करना अत्यधिक अनुचित है।

सरकार विश्व स्तर पर शाश्वत तमिल संस्कृति और भाषा को बढ ावा देने तथा लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं विनम्रतापूर्वक अपील करता हूं कि शिक्षा का राजनीतिकरण न करें तथा हमारे छात्रों के सर्वोत्तम हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठें। प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री पहले भी कह चुके हैं कि सरकार तमिल भाषा और संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, तमिल भाषा शाश्वत है और तमिल संस्कृति वैश्विक है। सरकार तमिल भाषा और संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

- **प्रधान ने कहा, केन्द्र सरकार दुनिया भर में तमिल संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।**

उन्होंने कहा कि सरकार की किसी भी राज्य या समुदाय पर कोई भी भाषा थोपने की मंशा नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भाषाई स्वतंत्रता के सिद्धांत को कायम रखती है और यह सुनिश्चित करती है कि छात्र अपनी पसंद की भाषा में सीखना जारी रखें। वास्तव में, इस नीति का एक मुख्य उद्देश्य तमिल सहित भारतीय भाषाओं के शिक्षण को पुनर्जीवित और मजबूत करना है, जिन्हें दशकों से औपचारिक शिक्षा में धीरे-धीरे दरकिनार कर दिया गया है।

उन्होंने तीन-भाषा नीति के महत्वपूर्ण बिंदु का जिक्र करते हुए कहा कि यह 1968 से भारत के शिक्षा ढ ांचे की रीढ़ रही है। दुर्भाग्य से, लगातार शिक्षा नीतियों का हिस्सा होने के बावजूद, इसे कभी भी अक्षरशः लागू नहीं किया गया, जिससे स्कूलों में भारतीय भाषाओं के व्यवस्थित शिक्षण में गिरावट आई। समय के साथ, इसका परिणाम विदेशी भाषाओं पर अत्यधिक निर्भरता के रूप में सामने आया है, जिससे छात्रों का अपनी भाषाई जड़ों से संपर्क सीमित हो गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस ऐतिहासिक चूक को सुधारने का प्रयास करती है जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तमिल सहित हर भारतीय भाषा को शिक्षा में उसका उचित स्थान मिले। उल्लेखनीय है कि स्टालिन ने तीन भाषा के फार्मूले को लेकर सवाल उठाये हैं।

# महाकुंभ में नहाती महिलाओं के वीडियो बनाकर बेचे जा रहे हैं

नई दिल्ली, 21 फरवरी। गुजरात पुलिस ने महाकुंभ में नहाती महिलाओं के वीडियो बनाकर बेचने के मामले में प्रयागराज के यूट्यूबर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर इस तरह के वीडियो यूट्यूब और टेलीग्राम पर अपलोड करने का आरोप है। छानबीन में इनके पास से महिलाओं के आपत्तिजनक फुटेज मिले हैं।

दरअसल, गुजरात पुलिस राजकोट स्थित एक अस्पताल में महिलाओं के चेकअप के वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किए जाने के मामले की जांच कर रही थी। इसी सिलसिले में उसने महाराष्ट्र के लातूर से प्रज्वल अशोक तेली और सांगली से राजेंद्र पाटिल को गिरफ्तार किया। इन दोनों से पूछताछ के आधार पर प्रयागरात के यूट्यूबर चंद्रप्रकाश फूलचंद को गिरफ्तार किया।

अहमदाबाद साइबर अपराध पुलिस उपायुक्त लवीना सिन्हा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी चंद्र प्रकाश ने कुछ महीने पहले सीपी मोंडा नाम से एक यूट्यूब चैनल शुरू किया था जिस पर उसने महाकुंभ में स्नान कर रही महिला तीर्थयात्रियों के वीडियो अपलोड किए थे। चंद्र प्रकाश को बुधवार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों पर टेलीग्राम एप पर सब्सक्राइबर्स से पैसे कमाने के उद्देश्य से महिला मरीजों के आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने का आरोप है।

- **गुजरात पुलिस ने प्रयागराज के यू ट्यूबर सहित तीन को गिरफ्तार किया है।**
- **गुजरात पुलिस जब राजकोट के अस्पताल में महिलाओं की जांच के वीडियो यू ट्यूब पर अपलोड करने के मामले की जांच कर रही थी तब उसे प्रयागराज के वीडियो की जानकारी मिली।**

सिन्हा ने बताया कि जबकि तेली और पाटिल ने हैकर्स के जरिए महिला मरीजों के वीडियो हासिल किए थे। वहीं चंद्र प्रकाश ने अन्य यूट्यूब चैनलों से वीडियो डाउनलोड किए और हाल ही में उन्हें अपने चैनल पर अपलोड किया था। हम जांच कर रहे हैं कि क्या उसका भी इन वीडियो को बेचने का इरादा था। तीनों आरोपियों को 1 मार्च तक पुलिस हिरासत में रखा गया है।

# कांग्रेस ने पलटवार किया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सवालों की बौछार करते हुये, कांग्रेस नेता ने कहा, "अगर मोदी सरकार यू.एस.ए.आई.डी. को "अछूत" मानती है तो उसने स्वच्छ भारत मिशन के लिये उसका सहयोग क्यों लिया। अमेरिका ने इस मिशन के अंतर्गत, 73 नगरों में भारत सरकार के साथ काम किया किया। फरवरी 2022 में, अटल इनोवेशन मिशन तथा नीति आयोग ने यू.एस.ए.आई.डी. के साथ, "समृद्ध" योजना के अंतर्गत, नई साझेदारी की घोषणा क्यों की थी, जिसका उद्देश्य सस्ती तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाना था?

खेड़ा ने मोदी सरकार से यह भी पूछा कि सरकार ने 2021 में 1000 लाख डॉलर से अधिक कोविड-19 सहायता प्राप्त करने के लिये अमेरिकन सरकार से "अनेक बार" अनुरोध क्यों किया था? खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस भारत में यूएस एड फंडिंग पर "श्वेत पत्र" जारी करने की माँग कर ही चुकी है।

उन्होंने कहा, यहाँ यह स्पष्ट कर देना उचित होगा कि हम वैश्विक साझेदारी, विकास एजेंसियों तथा यूएस एड जैसे सहायता-तंत्रों को अनैतिक नहीं मानते। यह भाजपा है जिसने डीपस्टेट की कहानी शुरु की थी और भाजपा ने ही सबसे पहले यूएस एड को दुष्ट कहा था। उन्होंने कहा, लेकिन हमारे पास ऐसे पर्याप्त प्रमाण हैं कि आरएसएस-भाजपा विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता लेती आ रही है, ताकि भारतीय लोकतंत्र को अस्थिर किया जा सके तथा हमारे संविधान को कमजोर एवं नष्ट किया जा सके।"

इस विवादास्पद मुद्दे पर कांग्रेस की "श्वेत पत्र" जारी करने की माँग पर मोदी सरकार तथा भाजपा की खामोशी यह साफ-साफ दर्शा रही है कि सत्तारूढ़ पार्टी की रूचि इन संदेहों की सफाई देने के बजाय, इस विवाद को बनाये रखने में अधिक है, क्योंकि उसकी रणनीति विपक्ष को बदनाम करने की है।

# एक पद सुरक्षित रख ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के आधार पर योग्यता तय की जायेगी। उन्होंने अदालत को बताया कि एकबारीय उपाय के रूप में फार्मेसी पद पर भर्ती न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंक एवं व्यवसायिक परीक्षा में प्राप्त अंकों और बोनस अंको को जोड़कर वरीयता सूची के आधार पर होगी।

सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 5 मई 2023 को नया भर्ती विज्ञापन जारी कर कहा कि अभ्यर्थियों का चयन प्रोफेशनल योग्यता व उनके अनुभव के अंकों के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने अदालत को बताया कि नियमानुसार परीक्षा में सीनियर सैकेण्डरी में प्राप्त अंक एवं डिप्लोमा एवं फार्मेसी में प्राप्त अंको को जोड़कर वरीयता सूची बनानी थी, लेकिन विभाग ने केवल डिप्लोमा एवं फार्मेसी एवं बोनस अंकों के आधार पर वरीयता सूची जारी की है। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि भर्ती विज्ञापन, सेवा नियमों की निर्धारित चयन प्रक्रिया के विपरीत नहीं हो सकता।

जब चयन नियमों में सीनियर सेकेंडरी एवं प्रोफेशनल योग्यता व अनुभव के अंकों के आधार पर मेरिट बनाने का नियम है तो भर्ती विज्ञापन में भी इस नियम के पालन में ही योग्य अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट बनाई जानी चाहिए। इससे पहले के भर्ती विज्ञापन में भी मेरिट लिस्ट सीनियर सेकेंडरी व प्रोफेशनल योग्यता के अंकों को जोड़कर बनाने का प्रावधान किया गया था। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 11 दिसंबर, 2023 को चयन सूची जारी करने पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया था। इस मामले की अंतिम सुनवाई 25 मार्च 2025 को होगी।

# दहेज के लिये विवाहिता की हत्या कर भूसे में जलाया

धौलपुर, 21 फरवरी। दहेज की खातिर एक और विवाहिता बलि चढ़ी है। जिले के सैपऊ थाना क्षेत्र के नुनाहेरा गांव में 23 साल की विवाहिता की हत्या कर डेड बॉडी को भूसा में जलाने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। पुलिस ने चिता से अस्थियां सबूत के लिए कब्जे में ली हैं। मृतका के भाई ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

मृतका नीरज पत्नी कमल किशोर के भाई मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि करीब 5 वर्ष पूर्व बहन नीरज की शादी नुनहेरा गांव निवासी कमल किशोर के साथ संपन्न हुई थी। उस समय, हैसियत के मुताबिक शादी में दान दहेज दिया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग दहेज की अतिरिक्त मांग करने लगे। दहेज के लिए बहन से मारपीट भी की।

कई मर्तबा समाज के पंच-पटेलों को लेकर समझाइश करने की भी कोशिश की गई। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग नहीं माने और बहन नीरज से आए दिन मारपीट करते रहे। भाई ने आरोप लगाते हुए कहा गुरुवार को भी बहन से मारपीट की गई थी। बहन ने मायके फोन कर हम लोगों को बुलाया था। भाई का आरोप है कि वे पिता भगवान सिंह के साथ ससुराल पहुंचे तो पाया कि बेटी की हत्या कर लाश को भूसा में जला दिया गया था। पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया।

- **विवाहिता के भाई ने मामला दर्ज कराया, पुलिस ने चिता से अस्थियाँ एकत्रित कीं**

मौके पर थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे । चिता से पुलिस ने साक्ष्य के लिए अस्थियां एकत्रित की हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पिता ने दहेज हत्या का आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले के हर बिंदु पर गहनता से जांच कर रही है। मामले में कानूनी कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

# 'यूएस एड फंडिंग मामले में कांग्रेस अपने दुष्कर्मों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है'

## भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर राष्ट्रहित के विरोध में काम करने का आरोप लगाया

नयी दिल्ली, 21 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तथाकथित फैक्ट चेकरों और कांग्रेस द्वारा अमेरिका के यूएसएड एड को भारत के बजाय बंगलादेश भेजे जाने का प्रचार किये जाने की निंदा करते हुए शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अपने दुष्कर्मों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के देश विरोधी बयानों और कार्यों को सबूतों के साथ पेश करते हुए प्रश्न उठाए। भाटिया ने कहा कि गांधी ऐसे कृत्य इसलिए करते हैं क्योंकि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत और इसके नागरिकों से भी नफरत करने लगे हैं।

भाटिया ने कहा, लोकसभा चुनाव से पूर्व भी प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ कई देश प्रेमी पत्रकारों और संगठनों ने यह बात उठाई कि विदेशी शक्तियां भारत की चुनावी प्रक्रिया में यह सोच के हस्तक्षेप करती हैं कि कैसे देश का गौरव एवं विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता मोदी को सत्ता से हटाया जाए।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में जो स्थिरता आई है, उसे आज पूरा विश्व और भारत की जनता देख रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी को यह पसंद नहीं, क्योंकि उन्हें भ्रष्टाचार और दलाली की आदत पड़ चुकी है। अगर कोई यह मानता है कि कांग्रेस पार्टी और गांधी केवल मोदी से नफरत करते हैं, तो यह आधा सच है। वास्तविकता यह है कि वह हर उस भारतीय नागरिक से नफरत करते हैं जो अपने मताधिकार का प्रयोग करके एक सशक्त सरकार चुनता है।

- **भाटिया ने कहा, विदेशी शक्तियां देश के गौरव तथा विश्व के लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाना चाहती हैं इसलिए चुनाव में हस्तक्षेप कर रही हैं।**

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, जिन तथाकथित फैक्टचेकरों के तार गांधी परिवार से जुड़ते हैं उनका काम फैक्ट चेक करना नहीं है, बल्कि केवल राहुल गांधी के झूठ को सत्य बताकर आगे बढ़ ाना है। इसीलिए आज सुबह से ही गांधी परिवार के फैक्टचेकर यह बताने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं कि 2.1 करोड़ डॉलर का भारत से कोई लेना देना नहीं है। आज कई ऐसे गंभीर प्रश्न हैं, जो यह साबित करते हैं कि राहुल गांधी देश से गद्दारी करते हैं और उनकी चुप्पी का केवल एक ही निष्कर्ष है कि राहुल गांधी ने कसम भले ही संविधान की ली हो लेकिन मन ही मन वो ठान चुके हैं कि उन्हें भारत के लोकतंत्र को कमजोर करना है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हाल ही में एक और तथ्य सामने आया है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के उप-नेता गौरव गोगोई की पत्नी के आतंकी संगठन आईएसआई से कथित लिंक उजागर हुए हैं। एक जिम्मेदार पार्टी के नाते भाजपा ने गोगोई से इस पर स्पष्टीकरण मांगा था कि क्या उनकी पत्नी ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी के साथ काम किया है, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट उत्तर नहीं मिला।

भाटिया ने कहा, अगर संक्षेप में कहा जाए तो यह कहना गलत नहीं होगा कि "कांग्रेस का हाथ, देश के दुश्मनों के साथ।" इसके प्रमाण हैं, अंकल सोरोस से कांग्रेस का संबंध, कांग्रेस का चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से पार्टी-टू-पार्टी एमओयू, सैम पित्रोदा का चीन को दुश्मन न मानना, सोनिया गांधी का एफडीएलएपी का अध्यक्ष होना, गौरव गोगोई की पत्नी से जुड़े तथ्य, राहुल गांधी का इल्हान उमर से मिलना और मणिशंकर अय्यर का पाकिस्तान से मदद मांगना। आज पूरा देश समझ चुका है कि राहुल गांधी मोदी जी से नफरत में किसी भी देशविरोधी गतिविधि में शामिल हो सकते हैं, चाहे उससे भारत को नुकसान ही क्यों न हो। जब भी उनसे इन विषयों पर जवाब मांगा गया, उन्होंने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। लेकिन भाजपा अब भी इन गद्दारों से जवाब की उम्मीद करती है क्योंकि देश की जनता यह जवाब चाहती है।

# एस.आई. भर्ती...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि जिसमें कहा गया है कि 'पेपर लीक' का अगर व्यापक प्रभाव नहीं हो, और जांच से यह सिद्ध ना हो पाएं कि परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों का बड़ा हिस्सा या बहुसंख्यक हिस्सा 'पेपर लीक' से प्रभावित नहीं था, तो इन मामले में पूरी परीक्षा को रद्द नहीं किया जा सकता।

अदालत के आदेश अनुसार अगले दो महिने भी एस.आई. भर्ती परीक्षा को लेकर जांच जारी रहेगी और अगर 'पेपर लीक' प्रकरण में लिप्त पाये गये अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि हुई तो अदालती कानूनों की कई मिसालें सामने हैं जो परीक्षा को रद्द करने के तर्को को मजबूत करती है।

वर्तमान में 850 चयनित अभ्यर्थियों में से लगभग 55 को जांच के बाद गिरफ्तार किया गया है, और इनमें से कुछ को जमानत भी मिल गई है।

सभी पक्षों को सुनने और उनकी सहमति से अदालत ने राज्य सरकार को मामले में निर्णय करने के लिए दो माह का समय देते हुए मामले की सुनवाई 2 मई को तय की है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908